आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 09:39 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024

वर्ष 3, अंक 42, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

आसमान में चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु-ए 3 16

27,000 रन पूरे करने वाले चौथे बल्लेबाज बने विराट 15

एक नजर

मदुरै के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

मदुरै (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में सोमवार को नारिमेदु स्थित केंद्रीय विद्यालय सहित कुछ स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी के बाद से अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में दहशत फैल गई और प्रबंधन को बच्चों को जल्दी घर भेजने पर मजबूर होना पड़ा। बम तलाशी एवं निरोधक दस्ते सहित पुलिस की टीमें केंद्रीय विद्यालय और तीन अन्य स्कूलों में पहुंचीं तथा गहन जांच की। जांच में बम की धमकी अफवाह प्रतीत हुई।

झारखंड में परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्टूबर को झारखंड के हजारीबाग का दौरा करेंगे और इस दौरान धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत करने के अलावा 83,300 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

महाराष्ट्र में आया 4.2 तीव्रता का भूकंप

नागपुर। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में सोमवार की दोपहर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने यह जानकारी दी। अमरावती के स्थानिक उपजिलाधिकारी अनिल भटकर ने कहा कि किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान की कोई खबर नहीं है। एनसीएस ने कहा कि भूकंप जिले के चिखलधारा तालुका के टेटू गांव में दोपहर बाद 1.37 बजे आया। भूकंप का केन्द्र 13 किलोमीटर की गहराई पर था।

डीयू के 12 कॉलेजों की होगी विशेष ऑडिट

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कॉलेजों की विशेष लेखापरीक्षा शुरू की है। मुख्यमंत्री आतिशी ने इसकी स्वीकृति दे दी है। डीयू के यह कॉलेज दिल्ली सरकार द्वारा पूर्ण रूप से वित्त पोषित हैं। एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद लेखापरीक्षा निदेशालय ने विशेष ऑडिट करने के लिए आठ सदस्यीय टीम का गठन किया है।

मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

- 8 अक्टूबर को दिया जाएगा 74 वर्षीय अभिनेता को सम्मान

हिंदी सिनेमा में डिस्को डांस को लोकप्रिय बनाने वाले तथा मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस-डांस जैसी फिल्मों के मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सरकार ने सोमवार को उन्हें दादा साहेब फाल्के पुरस्कार देने की घोषणा की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर यह घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें एक सांस्कृतिक दूत बताया। चक्रवर्ती (74) ने कहा कि जब उन्हें यह खबर मिली तो उनके दिमाग में भोजन और सिर छुपाने के शुरुआती संघर्ष के दिनों सहित जीवन की अब तक की तमाम यादें ताजा हो गईं। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर में अंतिम चरण का मतदान आज

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को 40 विधानसभा क्षेत्रों में अंतिम चरण में मतदान होगा, जिनमें कश्मीर के 16 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। ये क्षेत्र कुपवाड़ा, बारामूला और बांदीपुरा के तीन जिलों में फैले हैं। उत्तरी कश्मीर के डीआईजी मकसूद-उल-जमान ने कहा कि मंगलवार को तीसरे और अंतिम चरण के मतदान के लिए तीन सीमावर्ती जिलों में विभिन्न सुरक्षा बलों की 400 कंपनियां तैनात की गई हैं। यह तैनाती सेना और बीएसएफ सहित उन बलों के अतिरिक्त है जो एलओसी पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं।

महाराष्ट्र में देशी गाय को राज्यमाता का दर्जा

शिंदे सरकार ने प्राचीन परंपरा का हवाला देते हुए जारी किया आदेश

मुंबई, एजेंसी

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को भारत में गायों के सांस्कृतिक महत्व और उसकी परंपराओं का हवाला देते हुए गाय को ''राज्य माता'' घोषित करने का आदेश जारी किया। आधिकारिक आदेश में महायुति सरकार ने कहा कि गाय भारतीय परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है और प्राचीन काल से ही इसका आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और सैन्य महत्व रहा है।

आधिकारिक अधिसूचना में शिंदे सरकार ने कहा कि प्राचीन काल से ही गायों का मानव जीवन में एक अनूठा महत्व रहा है। वैदिक काल से गायों के धार्मिक, वैज्ञानिक और आर्थिक महत्व को देखते हुए उन्हें कामधेनु कहा जाता है।

राज्य में देशी नस्ल की बढ़ाई जाएगी संख्या

राज्य के विभिन्न हिस्सों में गायों की अलग-अलग देशी नस्लें पाई जाती हैं, लेकिन दिन-ब-दिन देशी गायों की संख्या में भारी कमी आ रही है। देशी गायों के दूध में मानव आहार में अधिक पोषण मूल्य होता है। देशी गायों का दूध एक संपूर्ण आहार है, क्योंकि इसमें मानव शरीर के पोषण के लिए महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं।

गाय पालन के लिए सब्सिडी योजना भी लागू

रिपोर्टों के अनुसार महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने देशी गायों के पालन के लिए 50 रुपये प्रतिदिन की सब्सिडी योजना लागू करने का निर्णय लिया है क्योंकि राज्य में गोशालाएं अपनी कम आय के कारण इसका खर्च वहन नहीं कर सकती थीं इसलिए उन्हें मजबूत बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया।

भगवान को तो सियासत से दूर रखें

तिरुपति लड्डू विवाद | सुप्रीम कोर्ट ने जांच के बिना चंद्रबाबू के बयान पर जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- अदालत ने कहा-जांच लंबित होने तक बयान देना उचित नहीं था
- लड्डू बनाने में दूषित घी के इस्तेमाल के नहीं थे ठोस सबूत

उच्चतम न्यायालय ने ''तिरुपति लड्डू'' विवाद मामले में मुकदमा दर्ज होने और विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश देने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की ओर से प्रसाद में कथित तौर पर दूषित घी के इस्तेमाल के बारे में बयान देने पर सोमवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उसे उम्मीद है कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि 18 सितंबर को प्रेस के सामने बयान देने का औचित्य क्या था? इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं था कि लड्डू बनाने में वास्तव में दूषित घी का इस्तेमाल किया गया था। पांच आपूर्तिकर्ता थे। जिनमें से केवल एक की आपूर्ति दूषित पाई गई। पीठ ने यह भी पूछा कि क्या सभी आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त घी को इस्तेमाल से पहले मिलाया गया था। पीठ ने कहा कि हमारा प्रथम दृष्टया मानना है कि जब जांच लंबित थी तो सर्वोच्च संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए बयान देना उचित नहीं था। शीर्ष अदालत भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी, इतिहासकार डॉ. विक्रम संपत, सुदर्शन टीवी चैनल के संपादक सुरेश चव्हाण और एक अन्य व्यक्ति के द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह निर्देश लेने को कहा कि क्या राज्य सरकार द्वारा गठित वर्तमान एसआईटी को ही जारी रहने दिया जाना चाहिए या कोई अन्य एसआईटी गठित की जानी चाहिए। आंध्र प्रदेश सरकार और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और सिद्धार्थ लूथरा ने मुख्यमंत्री के 18 सितंबर को दिए गए बयान का बचाव करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि चूंकि आपूर्ति (घी की) मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई थी, इसलिए इसे परीक्षण के लिए आनंद में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की प्रयोगशाला में भेजा गया था। जांच की रिपोर्ट आने के बाद मिलावट संबंधी जानकारी सामने आई।

दुनियाभर के भक्तों की भावनाएं आहत हुईं

सुब्रमण्यम स्वामी के वकील ने कहा कि वह इससे चिंतित हैं कि मुख्यमंत्री ने किस आधार पर स्पष्ट बयान दिया है, क्योंकि इससे देवता के प्रति सम्मान कम हुआ और दुनिया भर के भक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। अधिवक्ता लूथरा और रोहतगी ने स्वामी पर टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी के पक्ष में बोलने का आरोप लगाया। रेड्डी ने घी के स्रोत और गुणवत्ता पर विस्तृत फॉरेंसिक रिपोर्ट तथा भक्तों की भावनाओं की रक्षा के लिए मुद्दे को प्रचारित करने पर अस्थायी रोक लगाने को अलग से याचिका दायर की है।

दूषित घी का प्रयोग अस्वीकार्य, जांच होनी चाहिए कि कौन है जिम्मेदार

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह आस्था का मामला है और यदि दूषित घी का उपयोग किया गया है तो यह अस्वीकार्य है। इसकी जांच की जानी चाहिए कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है। शीर्ष अदालत ने तीन अक्टूबर को अगली सुनवाई पर सॉलिसिटर जनरल से जवाब मांगा है। नायडू ने दावा किया था कि राज्य में पिछली वाई एस जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डू बनाने में पशु वसा का उपयोग किया गया था, जिससे बड़ा विवाद शुरू हो गया।

केजरीवाल-आतिशी के खिलाफ कार्यवाही पर लगी रोक

मानहानि मामला

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि के एक मामले को रद करने से इनकार किए जाने संबंधी उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी एक याचिका पर सोमवार को दिल्ली सरकार तथा भाजपा नेता राजीव बब्बर से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस विषय में नोटिस जारी किया और निचली अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

आतिशी और केजरीवाल की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि मानहानि मामला भाजपा की दिल्ली इकाई के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बब्बर द्वारा दायर किया गया है।

डेढ़ गुना बढ़ा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वर्दी भत्ता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को मिली राहत
- मुख्य सचिव समिति की सिफारिश पर राज्यपाल ने दी स्वीकृति

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने सभी राजकीय विभागों समेत सचिवालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मियों और वाहन चालक संवर्ग के वर्दी भत्ता में डेढ़ गुना की बढ़ोत्तरी की है। मुख्य सचिव समिति की सिफारिश को राज्यपाल ने मंजूरी दी है। पांच साल बाद भत्ता बढ़ने से करीब दो लाख कर्मियों और एक लाख वाहन चालकों को राहत मिली है।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने सोमवार को सचिवालय प्रशासन समेत अलग-अलग प्रमुख सचिवों को बढ़ोत्तरी से संबंधी शासनादेश भेजा है। चतुर्थ श्रेणी में दफ्तरी, जमादार, चपरासी, चौकीदार और सफाईकर्मी शामिल हैं। सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी व वाहन चालक संवर्ग के लिए वर्दी, वर्दी नवीनीकरण, धुलाई भत्ता और सिली वर्दी लेने के लिए तय रकम में अलग-अलग वृद्धि की गई है। वर्दी नवीनीकरण की समय सीमा भी घटा दी गई है। वर्दी धुलाई की दरें 40 से बढ़ाकर 90 रुपये की गई है। चालकों के लिए हर दो साल में एक जोड़ी जूता-मोजा और पांच साल में एक छाता भी मिलेगा।

चतुर्थ श्रेणी कर्मी व चालक के लिए वर्दी की दरें

वर्दी	भत्ता	नई संस्तुति
ग्रीष्मकालीन	680	1020
शीतकालीन	1310	1965
जूता	164	246
कंबल	200	300
छाता	96	144
रेनकोट (5 वर्ष पर)	500	750

(नोट : सभी आंकड़े रुपये में)

बगैर वर्दी ड्यूटी आने पर होगी कार्रवाई

एसीएस दीपक कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिन कर्मचारियों को वर्दी अथवा वर्दी भत्ता दिया जा रहा है, उन्हें ड्यूटी पर वर्दी पहनना अनिवार्य होगा। वर्दी न पहनने पर संबंधित पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

अयोध्या गैंगरेप : पीड़िता के भ्रूण से मोईद का डीएनए मैच नहीं हुआ

विधि संवाददाता, लखनऊ

- मामले में दूसरे अभियुक्त राजू की डीएनए रिपोर्ट आई पॉजीटिव, 3 को होगी सुनवाई

अमृत विचार : अयोध्या दुष्कर्म मामले में पीड़िता के भ्रूण की डीएनए रिपोर्ट आ गई है। जो मुख्य अभियुक्त और सपा नेता मोईद अहमद के डीएनए से मेल नहीं खा रही है। सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में मामले की सुनवाई के दौरान उक्त डीएनए रिपोर्ट राज्य सरकार की ओर से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई। हालांकि मामले की सुनवाई नहीं हो सकी, न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 3 अक्टूबर तिथि नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने अभियुक्त मोईद अहमद की जमानत याचिका पर पारित किया। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। अभियुक्त के अधिवक्ता ने बताया कि आदेश के अनुपालन में प्रस्तुत की गई रिपोर्ट में दूसरे अभियुक्त राजू से डीएनए मेल खाने की बात तो कही गई है लेकिन मोईद अहमद से नहीं। मोईद की ओर से दलील दी गई कि वह 71 वर्ष का वृद्ध है और मामले में उसे राजनीतिक कारणों से फंसाया गया है। वहीं राज्य सरकार का कहना है कि मामला बहुत ही गंभीर प्रकृति का है, पीड़िता नाबालिग है जिसके साथ दुराचार का आरोप अभियुक्त व उसके नौकर पर है। पीड़िता गर्भवती भी हो गई थी, गर्भपात के पश्चात डीएनए जांच के लिए सैंपल भेजा गया था।

प्रदेश के 4000 क्रय केंद्रों पर आज से होगी धान की खरीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आगरा, अलीगढ़, झांसी और लखनऊ संभाग के हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर जिलों में धान की खरीद मंगलवार से शुरू हो जाएगी। किसानों से धान खरीद को लेकर 31 जनवरी तक चलने वाली इस प्रक्रिया के लिए राज्य सरकार ने 4000 क्रय केंद्र बनाए हैं।

धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों को धान की उतराई, छनाई व सफाई के मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रतिपूर्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री ने क्रय केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है। खाद्य-रसद विभाग की ओर से धान खरीद के लिए पहली सितंबर से पंजीकरण शुरू हो गया था। 30 दिनों में अब तक लगभग 32 हजार किसानों ने पंजीकरण कराया है। कृषि विभाग के मुताबिक, खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान से आच्छादित क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष धान का उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। औसत उत्पादन लगभग 43.36 कुंतल प्रति हेक्टेयर अनुमानित है।

लेखपालों को दौड़ाकर पीटा, अभिलेख छीने

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- ग्राम उखरा में राजस्व टीम पर गांव वालों ने किया हमला
- एसडीएम, सीओ, जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने मारपीट
- 28 सितंबर को गांव में जेसीबी से ढहाए गए थे 18 मकान

अमृत विचार : थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम उखरा में 28 सितंबर को प्रशासन ने जेसीबी से अवैध रूप से बने 18 मकानों को ढहा दिया था। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम जांच करने गांव पहुंची तो जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, सीओ तथा एसडीएम की मौजूदगी में गांव वालों ने लेखपालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। उनसे सरकारी अभिलेख भी छीनकर गायब कर दिए गए।

ग्राम उखरा में पंचायत की भूमि पर 18 लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बनवा लिए थे। राजस्व एवं पुलिस प्रशासन ने 28 सितंबर को इन मकानों पर जेसीबी चलवा दी थी। इससे गांववाले नाराज थे। सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव, एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह, सीओ मोहम्मदाबाद अनिल कुमार लेखपालों के साथ गांव उखरा पहुंचे।

मोनिका यादव व नरेंद्र सिंह यादव गांव वालों से बातचीत कर रहे थे कि तभी गांव वालों ने राजस्व टीम पर हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने दो लेखपालों रुद्र प्रताप सिंह और सौरभ पांडे को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। अभिलेख छीनकर फाड़ दिए। किसी तरह बचकर वे गांव से निकले।

लेखपालों की पिटाई की सूचना पर दर्जनों लेखपाल थाना नवाबगंज पहुंच गए और कार्रवाई की मांग पर धरने पर बैठ गए। इस संबंध में एसडीएम कायमगंज रविन्द्र सिंह ने बताया कि उनके सामने लेखपालों पर जानलेवा हमला किया गया है। हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेखपाल संघ के अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया कि दो लेखपालों के साथ मारपीट हुई है। अभिलेख फाड़े गए हैं। तहरीर तैयार की जा रही है।

टैंक की सफाई को उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ हादसा

अमृत विचार : देवा मार्ग पर स्थित मुर्गी दाना और राइस ब्रान बनाने वाली फैक्ट्री के भूमिगत डीजल टैंक में उतरे तीन मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। जबकि तीन अन्य श्रमिकों को लोगों ने सकुशल निकाल लिया। हादसा देवा मार्ग पर जहांगीराबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटेहटा स्थित गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ। इस कारखाना परिसर में एक ओर राइस मिल तो कुछ ही दूरी पर मुर्गी दाना बनाने का भी प्लांट है। शाम करीब पांच बजे कारखाने में डीजल का टैंकर आया था। भूमिगत टैंक में डीजल डालने से पहले उसकी सफाई के लिए कहा गया। इस काम के लिए तीन मजदूर नीलेश (22) व सुनील (30) जहांगीराबाद, और धर्मेंद्र (22) जिला अंबेडकरनगर लगाए गए। काफी देर तक तीनों बाहर नहीं आए तो अन्य तीन साथी नीचे उतरे जहां पर तीनों मजदूर बेसुध पड़े हुए थे।

वायुसेना के नए प्रमुख ने संभाला कार्यभार

नई दिल्ली। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के सोमवार को सेवानिवृत होने पर एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने वायु सेना के नए प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने वायु सेना प्रमुख के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर वायु सेना मुख्यालय में एयर चीफ मार्शल सिंह को वायु सेना की कमान सौंपी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने सुबह राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एयर चीफ मार्शल सिंह फरवरी 2023 से वायु सेना उप प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

निष्क्रिय उपभोक्ता | खाद्य एवं रसद विभाग ने एनआईसी को दिए निर्देश, रद भी किये जा सकते हैं कार्ड

पांच माह से नहीं लिया राशन, होल्ड हुए 6.75 लाख कार्ड

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : सरकार की ओर से पात्र गृहस्थी के राशन कार्ड धारकों को हर माह प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जाता है। प्रदेश में 6 लाख 75 हजार ऐसे पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड धारक हैं, जो पिछले करीब पांच माह से सरकारी राशन नहीं ले रहे हैं। खाद्य एवं रसद विभाग ने लंबे समय से निष्क्रिय इन राशन कार्डों को होल्ड पर रख दिया है। आशय यह है कि इन कार्ड का उपयोग फिलहाल धारक राशन लेने में तत्काल नहीं कर सकेंगे। इसे लेकर एनआईसी को निर्देश दे दिए गए हैं। अगर किसी जरूरत के तहत होल्ड किए गए ये कार्ड धारक आते हैं तो उसे इस व्यवस्था से मुक्त भी किया जाएगा। इसके लिए डीएसओ को अधिकृत किया जा रहा है। मंशा है कि इन कार्ड का दुरुपयोग न हो सके और नए जरूरतमंदों को जोड़ा जा सके।

वर्तमान में दो श्रेणी के राशन कार्ड सरकार की ओर से मान्य हैं। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों की संख्या प्रदेश में 3,18,28,499 है। इन्हें वर्तमान में प्रति कार्ड प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन मुफ्त दिया जा रहा है। जबकि अंत्योदय श्रेणी के कार्ड धारकों की संख्या 40,89,480 है और इन्हें प्रति कार्ड 35 किलोग्राम के हिसाब से मुफ्त राशन दिया जाता है। पिछले दिनों प्रदेश के नॉन-ट्रांजेक्टेड राशन कार्डों की समीक्षा में खुलासा हुआ कि यूपी में 6,75,753 पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशन कार्ड ऐसे हैं, जिन पर पांच महीनों से (अप्रैल 24 से अगस्त 24 तक) राशन का उठान नहीं हुआ है। कार्डधारकों ने नेशनल पोर्टेबिलिटी व्यवस्था के तहत किसी दूसरे राज्य की दुकान से भी मुफ्त राशन नहीं लिया। इससे स्पष्ट होता है कि इन कार्ड धारकों को मुफ्त राशन की जरूरत नहीं है।

प्रदेश के कार्डधारकों की स्थिति

पात्र गृहस्थी कार्डधारक-	3,18,28,499
अंत्योदय श्रेणी के कार्डधारक-	40,89,480
इतने कार्ड पर नहीं उठा राशन -	6,75,753

पात्र के बनाए जाएं कार्ड

अपर आयुक्त खाद्य प्रभाष कुमार ने एनआईसी के वरिष्ठ तकनीकी निदेशक राजीव रस्तोगी को पत्र लिख कर निष्क्रिय इन 6,74,753 राशन कार्डों को होल्ड करने को कहा है। साथ ही निष्क्रिय कार्डों को होल्ड पर डालने के बाद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत उनकी जिलावार रिक्तियां सृजित करने को कहा है, ताकि उनके स्थान पर दूसरे पात्र लोगों के नए कार्ड बनाए जा सकें।

नीलू की गिरफ्तारी को नाबालिग समेत 8 को उठाया

अधिवक्ताओं ने जताया आक्रोश, पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

किशोरी से दुष्कर्म का मामला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कन्नौज बार एसोसिएशन के कई अधिवक्ताओं ने पुलिस पर लगाए आरोप
- कहा, किसी गोपनीय स्थान पर रखकर पुलिस लोगों को कर रही है प्रताड़ित

कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन देने जाते कन्नौज बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

अमृत विचार। किशोरी से दुष्कर्म के मामले में सहआरोपी नीलू यादव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उनके घर अड़ंगापुर में दबिश देकर एक नाबालिग समेत 8 लोगों को उठा लिया और किसी अज्ञात स्थान पर ले जाने के समाचार हैं। इसे लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिवक्ता डीएम शुभ्रान्त शुक्ल से मिले। कन्नौज बार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पुलिस पर कई आरोप लगाए। कहा गैंगस्टर के मामले में फरार पूर्व ब्लॉक प्रमुख नीलू यादव के परिजनों को गलत तरीके से हिरासत में लेकर प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस किसी गोपनीय स्थान पर उनको रखे है। जबकि नवाब व नीलू अधिवक्ता हैं और उनका बार एसोसिएशन में रजिस्ट्रेशन भी है। कन्नौज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इदरीश खां, महासचिव लोकेंद्र तिवारी व कोषाध्यक्ष शिवांक बाजपेई समेत कई पदाधिकारी व अधिवक्ता सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां जिलाधिकारी से मिलकर अधिवक्ताओं ने कहा कि नवाब सिंह यादव पुत्र चेतराम यादव निवासी अडंगापुर कोतवाली कन्नौज इन दिनों जिला कारागार में बंद हैं। नवाब के भाई वीरपाल सिंह यादव नीलू की न्यायालय से जमानत हो गई है और वह कारागार से रिहा हो चुके हैं। इसके तुरंत बाद पुलिस ने नीलू यादव के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया। जेल से रिहा होने के तुरंत बाद 27 सितंबर की रात कोतवाली पुलिस ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख के घर अडंगापुर गांव में दबिश दी। मकान का ताला व कुंड़ी तोड़ कर बिना किसी गिरफ्तारी व सर्च वारंट के घर में घुस गई।

साथ ही पुलिस ने घर में तोड़फोड़ भी की। महिलाओं के साथ गाली गलौज व अभद्र व्यवहार किया। इस दौरान पुलिस ने नवाब सिंह यादव के नाबालिग पुत्र शिवेंद्र सिंह यादव व शिव शंकर पुत्र मैकूलाल, उमेश पुत्र सूवेदार, सुरजीत पुत्र हरिश्चंद्र, रणवीर पुत्र विनोद, मलिखान पुत्र वलराम, दीपक पुत्र गेंदनलाल, हेमंत पुत्र सर्वेश कुमार को कोतवाली पुलिस गलत तरीके से लाई है। साथ ही क्रेटा कार भी ले आई है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि इन लोगों को पुलिस किसी गोपनीय स्थान पर रखकर कठोर मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना दे रही है। जबकि उक्त सभी लोग किसी भी आपराधिक मामले में शामिल नहीं हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे गांव में भय बना हुआ है। पुलिस पकड़े गए लोगों के साथ किसी भी तरह अनहोनी कर सकती है। यही नहीं पुलिस उक्त लोगों को झूठे मुकदमें में फंसा सकती है। ऐसी स्थिति में कन्नौज बार एसोसिएशन ने पुलिस की इस कार्रवाई की घोर निंदा की। इस मौके पर पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष शिव कुमार यादव व राकेश तिवारी भी मौजूद रहे।

नीलू की फरारी से नहीं हो सकी सुनवाई, लगी 15 तारीख

कन्नौज। अगस्त की 12 तारीख को हुए किशोरी से दुष्कर्म के प्रकरण में सह आरोपी नीलू यादव के फरार हो जाने के कारण पहली ही सुनवाई टल गई। न्यायाधीश ने अंतिम अवसर देते हुए सुनवाई के लिए 15 सितंबर की तारीख लगाई है। सहायक शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि दुष्कर्म में मुख्य आरोपी नवाब सिंह यादव, सह आरोपी बुआ तथा नीलू यादव की पेशी सोमवार को होना तय थी। दो दिन पहले जेल से रिहा होने के बाद गैंगस्टर की भनक लगते ही नीलू यादव नाटकीय अंदाज में फरार हो गया था। नीलू के न होने से मामले में पहली सुनवाई नहीं हो सकी। अब विद्वान न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने अंतिम अवसर देते हुए सुनवाई की अगली तारीख 15 सितंबर लगाई है। जानकारी दी कि तीनों आरोपियों के एक साथ हाजिर होने पर जब आरोप तय होंगी तब गवाही की प्रक्रिया होगी। इसमें सबसे पहले पीड़िता किशोरी के बयान कराए जा सकते हैं।

चोरों की तलाश में सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

कन्नौज। शहर में हुई चोरी के मामले में पुलिस सक्रिय हो गई है। चोरों की तलाश में पुलिस ने कई स्थानों पर छापे मारे पर चोरों का अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुट गई है। शहर में आये दिन चोरी की घटनाएं हो रहीं हैं। किसी न किसी बंद मकान के ताले तोड़ कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहा है। जेरकिला मोहल्ला निवासी नरगिस ने बताया कि एक सप्ताह पहले वह एक शादी समारोह में भाग लेने के लिये मकान में ताला डाल कर परिवार के साथ गयी थी। शादी का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद रविवार को वापस आई तो देखा कि उसके मकान का ताला टूटा है। मकान के अंदर जा कर देखा तो सामान विखरा पड़ा था। हजारों रुपये की नकदी व जेवरात चोरी हो चुके थे। मोहल्ले के लोगों से जानकारी की तो किसी ने कुछ नहीं बताया। मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

छात्रा को पुरस्कार देते भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, बीएसए संदीप कुमार।

विजेताओं को सम्मानित कर बीएसए ने बढ़ाया उत्साह

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिताएं ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हुईं। विज्ञान प्रतियोगिता में यूपीएस जसपुरापुर की आरुषि, साजिया बानो, कंपोजिट स्कूल फतेहपुर से फिरोज, जलालाबाद कंपोजिट विद्यालय से नैना, सिमरापुर कंपोजिट स्कूल से अंकित चुने गए। क्विज प्रतियोगिता में कंपोजिट स्कूल जलालाबाद के आशू, सिमरापुर के आलोक कुमार, यूपीएस बछज्जापुर के आर्यन, यूपीएस जलालाबाद प्रथम की भावना पाल व कंपोजिट स्कूल सिमरापुर के अर्पित कुमार विजयी रहे। बताया गया है कि परीक्षा में 78 बच्चों ने प्रतिभाग किया। बीएसए संदीप कुमार ने सभी टॉप 10 बच्चों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता बीईओ जलालाबाद शिवेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पुरस्कार वितरण समारोह में ब्लॉक प्रमुख गुगरापुर संदीप चतुर्वेदी व भाजपा नेता जीतू तिवारी की मौजूदगी में हुआ। इस मौके पर एआरपी भोलेशंकर, ब्लॉक नोडल साहिबे आलम, आशीष मिश्रा, रमाकांत पाल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, बरखा सिंह, मनीष शुक्ला, श्वेता अग्रवाल, नीता शुक्ला, प्रज्ञा बाजपेई, मोहित राठौर, मनीषा यादव, राजीव कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रोहित द्विवेदी ने किया।

नदी में डूबे किशोर का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ईशन नदी के तेज बहाव में खोजते रहे गोताखोर
- नदी के किनारे बैठकर परिजन कर रहे इंतजार

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र की ईशन नदी में मछली पकड़ने गये तीन किशोर नदी में डूब गये। दो लोगों को गोताखोरों ने सकुशल निकाल लिया पर एक युवक का दूसरे दिन भी काफी तलाश करने के बाद भी पता नहीं चला। गोताखोर गहरे पानी में जाकर किशोर को तलाश रहे हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सठियापुर गांव निवासी प्रेम चंद्र दोहरे का 12 वर्षीय पुत्र विनीत गांव के ही निवासी 13 वर्षीय सूरज व 12 वर्षीय ऋषभ भग्गापुर्वा गांव के सामने से निकली ईशन नदी में रविवार को मछली पकड़ने गये थे। बाढ़ के पानी के कारण इस समय नदी उफान पर है।

तीनों साथी नदी के किनारे एक स्थान पर बैठ कर मछली पकड़ रहे थे। जिस जगह पर किशोर बैठे थे वह कटान होने से वजन के चलते धंस गई। इससे तीनों किशोर नदी में जा गिरे। तेज बहाव व नदी की गहराई अधिक होने से किशोर बह गए।

हादसा देख कर निकट के खेतों में काम कर रहे लोग शोर मचाते हुए नदी में छलांग लगाकर सूरज व ऋषभ को बाहर निकाल लाए जबकि विनीत का कोई पता नहीं चला। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। गंगा किनारे के गांव से गोताखोरों की टीम को बुलाया गया। दो दिन से नदी में विनीत की तलाश की जा रही है। दूसरी ओर पीड़ित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन नदी के किनारे बैठ कर किशोर का इंतजार कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मौजूद प्रभारी प्राचार्य रीतू सिंह, निर्णायक मंडल व छात्राएं। अमृत विचार

पेंटिंग दिखाते छात्र-छात्राएं व मौजूद प्रधानाध्यापक शीला वर्मा। अमृत विचार

कविता पाठ में बीए की छात्रा अंजलि प्रथम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में हिंदी पखवाड़ा का समापन

अमृत विचार। शहर के राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में 14 सितंबर से चल रहे हिंदी पखवाड़ा 2024 का सोमवार को समापन हो गया। हिंदी विभाग की ओर से व्याख्यान व कविता पाठ हुआ जिसमें बीए प्रथम वर्ष की अंजलि ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की प्रिया ने द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष की नेहा सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सुलेख प्रतियोगिता 18 सितंबर को हुई थी। इसमें बीए द्वितीय वर्ष की नंदिनी दुबे प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की अंजलि द्वितीय व देवांगी पाल तृतीय स्थान पर रहीं। 25 सितंबर को हुई श्रुतलेख प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की नंदिनी दुबे व बीए तृतीय वर्ष की जागृति संयुक्त रूप से प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की अनुष्का राठौर द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की देवांगी पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर अंबरीन फातिमा, डॉ. नेहा मिश्रा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रभारी प्राचार्य रीतू सिंह ने हिंदी के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश यादव, नूपुर, किरण मौजूद रहीं।

कला प्रतियोगिता में दिव्यांशी ने मैदान मारा

कन्नौज। ब्लॉक सदर क्षेत्र के पीएम श्री प्राथमिक स्कूल भुगैतापुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ-सफाई हुई। प्रतिभागियों ने स्वच्छता विषय पर कला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसमें कक्षा चार की छात्रा दिव्यांशी का पहला, कक्षा चार के राज ने दूसरा, कक्षा पांच की नैना बाथम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापक शीला वर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

सार-संक्षेप

जितेंद्र यादव को मिलेगा स्वच्छता हीरो पुरस्कार

कन्नौज। राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज गंगधरापुर को स्वच्छता में राष्ट्रीय मिशन के तहत स्वच्छता हीरो पुरस्कार मिलेगा। प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव के पास इसका आमंत्रण पत्र भी आ गया है। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून की डीन डॉ. रुचि बडोला ने भेजे पत्र में कहा है कि संस्थान गंगा डब्ल्यूआईआई जलीय प्रजातियों के संरक्षण और रखरखाव के लिए योजना और प्रबंधन, स्वच्छ गंगा परियोजना में गंगा नदी बेसिन में पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं को लेकर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि राजकीय अभिनव इंटर कॉलेज स्वच्छता हीरो पुरस्कार के लिए नामांकित है। दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर पुरस्कार दिया जाएगा। राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत, स्वच्छता की आदतें विकसित करने की दिशा में अनुकरणीय प्रयासों के लिए कुछ स्कूलों को पुरस्कृत कर रहे हैं। एक स्वस्थ राष्ट्र सुनिश्चित करने के लिए हमारे आसपास को साफ रखें आदि विषयों पर कॉलेज ने काम किया है।

पुलिस लाइन में फूल माला पहने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी व एएसपी अजय कुमार।

सेवानिवृत्त पांच पुलिस कर्मियों को एएसपी ने सम्मानित किया

कन्नौज। सेवानिवृत्त हुए पांच दरोगा व सिपाहियों का विदाई समारोह हुआ। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एएसपी अजय कुमार ने रिटायर कर्मियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान एएसपी ने कहा कि जिले से पांच पुलिसकर्मी अपनी सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान बेहतर कार्य किया। पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए दरोगा राजकुमार मिश्रा, दरोगा करन सिंह गौर, लीडिंग फायरमैन अजय कुमार, हेड कांस्टेबल नीरेंद्र सिंह यादव, हेड कांस्टेबल नवीन कुमार को उपहार, स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी जीवन को सुखमय व समृद्ध होने की कामना कर विदाई दी। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक समेत अन्य कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत होने वाले पुलिसकर्मियों को शुभकामनायें दी।

हेल्पर की हत्या के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज

छिबरामऊ, कन्नौज। ट्रक मालिक व हेल्पर के बीच पगार मांगने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने ट्रक मालिक के पक्ष के एक युवक के खिलाफ खिलाफ हत्या के प्रयास में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सिकन्दरपुर चौकी क्षेत्र के गांव नगला सदारी के रहने वाले ट्रक मालिक युधिष्ठिर सिंह व गांव के राजभान उर्फ पप्पू के बीच पगार मांगने को लेकर विवाद हो गया था। यहां हुई फायरिंग व पत्थरबाजी में राजभान घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गोली चलाने के आरोपी इन्द्रपाल सिंह उर्फ छन्नू के खिलाफ हत्या के प्रयास के साथ अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके साथ ही उसे तमंचा समेत पकड़ लिया।

बूथ स्तर पर समस्या हल करने को कमेटी गठित

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सपा की जिला स्तरीय बैठक में लिये गये निर्णय

अमृत विचार। सपा की जिला कार्यसमिति समिति की मासिक बैठक सोमवार को जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। इस मौके पर जनता की समस्याओं के निस्तारण को कमेटी का गठन किया गया।

जिला अध्यक्ष कलीम खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में मुख्य अतिथि सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना इरफान उल हक कादरी रहे। बैठक का संचालन कन्नौज विधानसभा अध्यक्ष पीपी सिंह बघेल ने किया। बैठक में सर्वसम्मत से शकील अहमद एडवोकेट एवं कमलेश कटियार को बूथ मामलों के निस्तारण के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया। ब्लॉक स्तर में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं अन्य जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए 25 सदस्यीय कमेटी का गठन हर ब्लॉक में किया जाएगा। इसमें विधानसभा अध्यक्ष सहित जिले के पदाधिकारी को भी कमेटी में रखा जाएगा। बैठक में मुख्य जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं को अपने चरित्र और चेहरे से समाज में अनुकरणीय बनाने की नसीहत देते हुए लक्ष्य 2027 की विजय के लिए बूथ स्तर पर मजबूती को सजग किया। इस दौरान अंशु पाल, राजू यादव, रजनीकांत यादव, कलियान सिंह दोहरे, यश दोहरे, आलम खान, राजू यादव, इरफान खान, रामशंकर लोधी मौजूद रहे।

ठग पीड़ित के 80 हजार रुपये कराए वापस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

पीड़ित को रुपये वापस करते साइबर थाना निरीक्षक अजय अवस्थी। अमृत विचार

अमृत विचार। साइबर ठगों ने पूर्व फौजी को गुमराह कर ट्रेडिंग एप के माध्यम से फ्राड कर नकदी हड़प ली थी। शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना पुलिस ने ठगे गए 80 हजार रुपये फौजी के वापस कराए। पीड़ित ने साइबर थाना पुलिस की सराहना की है।

जिले में साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर जनपदीय थाना साइबर क्राइम टीम ने पीड़ित से फ्रॉड की गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक आदि से संपर्क स्थापित करते हुए ठगे गए 80,000 रुपये पीड़ित के खाते में वापस करवाए। थाना साइबर निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि पीड़ित बलवीर सिंह पुत्र रूपलाल यादव निवासी रजलामऊ थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज को अज्ञात मोबाइल धारक ने कॉल करके ट्रेडिंग में अपनी एप्लीकेशन के माध्यम से रुपये लगवाने का झांसा देकर एक एप्लीकेशन इंस्टॉल कराकर अलग-अलग खातों में फ्रॉड ट्रांजेक्शन करवाया। जिसकी शिकायत जनपदीय थाना साइबर क्राइम कन्नौज में दी गयी। जिस पर त्वरित कार्रवाई की गई। टीम में निरीक्षक विश्वनाथ मिश्र, सिपाही सहदेव सिंह, सिपाही ज्ञानेन्द्र सिंह, सिपाही भीमेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे। एसपी ने बताया कि साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यदि फ्रॉड के शिकार हो जाएं तो तुरंत 1930 पर शिकायत दर्ज करायें, उसके पश्चात www.cybercrime.gov.in पर जाकर शिकायत दर्ज कराएं।

सफलता विज्ञान व क्विज में पांच-पांच विजेताओं की सूची जारी, बीईओ ने किया सम्मानित, 15 को मिला सांत्वना पुरस्कार

क्विज प्रतियोगिता में 136 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

कन्नौज सदर बीआरसी सभागार में मौजूद प्रतिभागी विद्यार्थी, बीईओ विपिन कुमार व अन्य लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। जिलेभर के सभी बीआरसी इलाके में विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें चयनित छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया।

बीईओ विपिन कुमार ने बताया कि बीआरसी सदर परिसर में आयोजित हुई क्विज प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय खजुहा की छात्रा शिल्पी, गदनापुर से प्रांजुल व हर्षित सविता, गूरा से कृष्ण कुमार व उदैतापुर से आयुष्का यादव का चयन हुआ। सभी चयनित कक्षा आठ व कंपोजिट स्कूलों के विद्यार्थी हैं। विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में यूपीएस चौरा चांदपुर से कक्षा आठ की छात्रा गुड़िया, सलेमपुर ताराबांगर से कक्षा आठ के अभिषेक पाल, कंपोजिट स्कूल मलिकापुर से कक्षा आठ की शुभी यादव, यूपीएस हैवतपुर कटरा से कक्षा आठ की काजल व यूपीएस चौराचांदपुर से कक्षा सात की विद्या सिंह विजयी रहीं।

बीईओ ने बताया कि कुल 59 विद्यालयों से नामांकित 195 विद्यार्थियों के सापेक्ष 136 ने लिखित परीक्षा दी। एआरपी डॉ. अरशद अली ने बताया कि मूल्यांकन में टॉप 25 बच्चों की अंकों के आधार पर सूची बनाई गई। उसके बाद साक्षात्कार लिया गया। जिसके बाद 10 टॉप चयनित छात्रों को प्रशस्ति पत्र, स्टेशनरी, बैग आदि सामग्री बीईओ ने दी। शेष 15 छात्रों को भी सांत्वना पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र बांटे गए। इस मौके पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रामेंद्र पाल, राकेंद्र सक्सेना, राजीव कुमार, सर्वेंद्र कुमार, मोहम्मद फुरकान, मनोज कुमार, मदन लाल, विमलेश कुमार, उमा पाल, शगुफ्ता मिर्जा, सैफुद्दीन सैफी, ममता, सल्लू, कृष्ण कुमार, विजय कटियार मौजूद रहे। चयनित छात्रों को जिला स्तर पर प्रदर्शनी के लिए तीन हजार रुपये जल्द एसएमसी खातों में भेजा जाएगा।

नाबालिग को कंटेनर चलाते पकड़ा

छिबरामऊ। शहर के पूर्वी बाईपास पर सोमवार को टीएसआई अरशद अली अपने अन्य कर्मियों के साथ यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन के लिए नो पार्किंग में खड़े एवं गलत लेन में चलने वाले वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एक कंटेनर को नाबालिग चलाते हुए पाया गया। जिसे वाहन चालक के साथ उसके मालिक पर भी जुर्माना आरोपित किया। टीएसआई ने बताया कि उल्टी लेन में चलने वाले, नो पार्किंग में खड़े वाहनों के साथ बिना लाइसेंस एवं यातायात के अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले आठ वाहनों के विरूद्ध एमवी एक्ट के तहत चालान किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड गाजू की संगठनात्मक बैठक दिनांक 1/10/2024 को सुबह–11:00 बजे समिति के कार्यालय पर आहूत की जाती है सभी इच्छुक व्यक्ति बैठक में सादर आमंत्रित हैं। मुख्य प्रवर्तक मो0 नं, 9120181895

सूचना

मैं संदीप श्रीवास्तव पुत्र श्री जे0बी0एल0 श्रीवास्तव यह सूचित करना चाहता हूँ कि प्लाट न0 –14/39 वृन्दावन योजना, लखनऊ का आवंटन पत्र की मूल प्रति खो गयी है। जो कही विक्रय बंधक नहीं है। जिसका भविष्य में दुरूपयोग अवैध है।

सूचना

मेरे पुत्र तन्मय पाठक के शैक्षिक अभिलेख में त्रुटिवश मेरा नाम शीलम पाठक लिखा है। जबकि वास्तविक नाम शीलम है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। शीलम पत्नी धर्मेंद्र कुमार पाठक ग्राम– पूरे दुर्गा पाठक, पोस्ट– भखरी जिला– सुल्तानपुर।

सूचना

मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम अंसारी मोहम्मद आकिफ पुत्र मोहम्मद खालिद दर्ज है, जबकि आधार कार्ड के नाम मोहम्मद आकिफ अंसारी (Mohd. Aqif Ansari) पुत्र मोहम्मद खालिद अंसारी है। यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति /मेरे ही हैं, मैं इन दोनों नाम से पहचाना जाता हूं। **निवासी मो0 मिर्दही उत्तरी कस्बा दरियाबाद बाराबंकी**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम SHAILESH KUMAR MAURYA दर्ज है जबकि उसके स्कूल अभिलेखों में उसका नाम SAILESH KUMAR MAURYA दर्जे है। अतः मेरे पुत्र के आधार कार्ड के अनुसार स्कूल में भी नाम दर्ज किया जाये। **प्रेम नारायण पुत्र भगौती प्रसाद ग्राम परसेहरा खुर्द, तहसील व जिला सीतापुर।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे बचत खाता सं0–07360100029175 में मेरा नाम मुन्नी बानों D/o अमीन दर्ज है। जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम शाहीन बानों D/o मो. अमीन दर्ज है। उपरोक्त मुन्नी बानों D/o अमीन एवं शाहीन बानों D/o मो. अमीन दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) के हैं। अतः मेरे बचत खाता सं0–07360100029175 में मेरा नाम शाहीन बानों D/o मो. अमीन दर्ज किया जाये। **शाहीन बानो पुत्री मो0 अमीन नि0 ग्राम गोकुलपुर रोझइया वि0ख0 जगतपुर, तहसील–ऊचाहार जिला रायबरेली।**

सूचना

समस्त मत्स्य आखेटक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य पालन से जुडे व्यक्ति व मछुआ समुदाय के व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.10.2024 को समय 11 बजे दिन में खेल मैदान महमूदपुर विकास खंड धनपतगंज पर एक नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन के लिए द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में ग्राम पंचायत महमूदपुर, रसूलपुर व नकहा के व्यक्ति एवं सम्मानित ग्राम प्रधान की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

आयोजक – पूजा निषाद
निवासी महमूदपुर, विकास खंड धनपतगंज, जनपद सुल्तानपुर

सीधे प्रवेश

शैक्षिक सत्र 2024–26 सीधे प्रवेश डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) पाठ्यक्रम में डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0) प्रशिक्षण हेतु निर्गत शासनादेश पत्र संख्या– 390/ अरसठ–4–2023–2067/2013 दिनांक 26 मई 2023 को अतिक्रमित करते हुए डी0एल0एड0 2024 में चयन/प्रवेश सचिव, पी0एन0पी0 उ0प्र0 के पत्र संख्या डी0एल0एड0/2879–81/2024–25 दिनांक 23 अगस्त 2024 एवं पत्र संख्या गोप0/डी0एल0एड0–24/3085–88/2024–25 दिनांक 06.09.2024 तथा कार्यालय/सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0 द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति दिनांक 12.09.2024 के अनुपालन में। **रुदौली एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट**
(मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक संस्थान)
सरायपीर, भेलसर, रुदौली, अयोध्या उ0प्र0
(लखनऊ–गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुदौली सब्जी मण्डी के पीछे), सम्पर्क सूत्र– 9936535300, 7275031616

आज का मौसम

मंगलवार को धूप खिली रहने के आसार हैं

33.0°	26.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:03	सूर्यास्त 05:56

एक नजर

दवाई लेने घर से निकली महिला हुई लापता

सौरिख, कन्नौज। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 28 वर्षीय विवाहिता सुबह घर से सौरिख दवाई लेने की बात कह कर निकली थी। वह अपने साथ छह वर्षीय बेटी को भी ले गई। काफी देर तक घर वापस न पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। कहीं सुराग न लगने पर पति ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी।

हादसे में मां-बेटा घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। मैनपुरी जिले के बेवर थाना के गांव अहमलपुर में संचालित ईंट भट्ठा पर बिहार के रहने वाले मजदूर काम करते हैं। सोमवार को ईंट की भराई के दौरान एक चट्टा ढह गया। इसकी चपेट में आने से हसीना पत्नी मना व बलवीर पुत्र मना घायल हो गये। दोनों घायलों को नगला दिलू के सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। यहां बालक को रेफर कर दिया गया।

शिक्षकों ने प्रधानाचार्य के खिलाफ खोला मोर्चा

सरदार पटेल कॉलेज कचाटीपुर के कई अध्यापक डीआईओएस से मिले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सरदार पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर के शिक्षकों ने प्रधानाचार्य के खिलाफ कई आरोप लगाकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने मामले की शिकायत डीआईओएस से की है। आरोप लगाया है कि परिचारकों की ड्यूटी की तरह अध्यापकों को स्कूल गेट के बाहर, साइकिल स्टैंड, खेल के मैदान आदि ड्यूटी लगा दी है। इससे उनके मान-सम्मान पर ठेस पहुंच रही है।

शिकायती पत्र में कहा गया है कि कई कक्षाओं में इन दिनों पंखा नहीं चलाए जाते हैं इससे आए दिन छात्र-छात्राओं को चक्कर आते हैं। प्रत्येक कक्ष में कम से कम चार पंखों की व्यवस्था होनी चाहिए। जनरेटर या सोलर पैनल भी लगवाया जाए। अधिक गर्मी में बच्चों को कक्षा के बाहर खड़े पेड़ों के नीचे पढ़ाने की अनुमति दी जाए। इससे अनहोनी न हो। विद्यालय में पूरे दिन माइक से एनाउंस होता है जिसके कारण बच्चों का पढ़ाई से ध्यान हट जाता है। शिक्षकों को भी असुविधा होती है। इसका प्रयोग कम से कम किया जाए। प्रधानाचार्य पर शिक्षकों ने अभद्र व अपमान जनक शब्दों का प्रयोग करने का भी आरोप लगा है। सभी शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ समान व्यवहार नहीं किया जाता है। कुछ चहेते शिक्षक या कर्मी ही इंवर्टर से चलने वाले पंखे के नीचे बैठते हैं। शिकायती पत्र में अशोक कुमार, प्यारेलाल, बृजेंद्र कमल, रघुवर दयाल, पवन कन्याल, राजेश कमल, जय प्रकाश, संजीत यादव, बाबूराम यादव, रियाजुल हुसैन, रफीक सिद्दीकी, तेजप्रताप सिंह, जनमेर सिंह, उदय प्रताप सिंह, राजेश सरोज, महेश कुमार व वीरेंद्र कुमार समेत 21 शिक्षकों के नाम लिखे हैं। इस बाबत डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले की जांच कराई जाएगी।

- अव्यवस्थाओं का आरोप लगाकर सौंपा शिकायती पत्र

कुछ शिक्षक विद्यालय का माहौल खराब कर रहे

कचाटीपुर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कटियार ने बताया कि विद्यालय में करीब 2150 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। कक्षाएं छूटने पर दोपहर डेढ़ बजे के करीब सड़क व साइकिल स्टैंड पर भीड़ लग जाती है। पिछले सालों में अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। इस वजह से शिक्षकों से सहयोग मांगा गया है। कुछ सहयोग में हैं तो कई शिक्षक शिकायत कर माहौल खराब कर रहे हैं। पंखे हर कक्ष में लगे हैं। अगर गर्मी अधिक होती है तो बरामदे में पढ़ाने को कहा गया है। एडेड विद्यालय की वजह से जनरेटर नहीं है। बालक-बालिकाएं दोनों ही पढ़ते हैं, इसलिए भी ड्यूटी अलग-अलग दिनों व जगहों पर 10-10 मिनट की ड्यूटी लगाई गई है। इससे विद्यालय में अनुशासन बना रहेगा। साथ ही सड़क हादसों में भी रोक लगेगी। खेल का मैदान, साइकिल स्टैंड, गेट नंबर एक और दो पर छह-छह शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है। प्रधानाचार्य का कहना है कि कुछ शिक्षक काम नहीं करना चाहते हैं। कक्षों में ऐसे ही पहुंचते हैं और रजिस्टर व चाक भी बच्चों से मंगवाते हैं।

चयनित छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद बीईओ व अन्य। अमृत विचार

प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं व अधिकारी। अमृत विचार

जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आनंद, कुसुम चयनित

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। तालग्राम ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय प्रयाग में हुई जिसमें बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने प्रारंभिक चरण की बहुविकल्पीय परीक्षा का निरीक्षण किया। क्विज प्रतियोगिता की विजेता टीम में यूपीएस अलमापुर की कामिनी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तेराजाकेट की शालू, यूपीएस चचियापुर के आनंद, यूपीएस अनीभोज के अर्पित व यश कुमार को बीईओ रमेश चंद्र चौधरी व निरीक्षणकर्ता जिला समन्वयक आदिल नियाज़ ने मोमेंटो, प्रमाण पत्र, विज्ञान किट, स्टेशनरी किट, बैग देकर सम्मानित किया। दूसरी ओर जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने के लिए यूपीएस चचियापुर के आनंद, कुसुम, पुष्पेंद्र, यूपीएस महानगर की दिव्यांशी, व इंदुइयागंज के अंकुश को एआरपी विज्ञान सुदीप पटेल ने सम्मानित किया। सभी प्रतिभागी बच्चों को भी स्टेशनरी किट एवं प्रमाण पत्र दिए गए। नोडल शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र मिले। इस दौरान ब्लॉक नोडल शिक्षक गोपाल दत्त शर्मा, एआरपी अरविंद चौहान, मलिखान सिंह, रेवती रमन सिंह, आशुतोष दुबे, नवीन मिश्रा, संजीव कुमार, शशि कटियार, प्रिया मिश्रा, पियूष गुप्ता, सुभाष चन्द्र पाल, इश्तियाक खां, अंकुश चौहान, पवन कुमार रहे।

- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को भी स्टेशनरी किट एवं प्रमाण पत्र दिए गए

क्विज प्रतियोगिता में पांच छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

सौरिख, कन्नौज। कस्बा के महादेव प्रसाद महिला महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में 51 विद्यालयों के 153 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें पांच छात्र-छात्राओं ने बाजी मार ली। खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय अविष्कार योजना के तहत प्रतियोगिता में हुसेपुर करन के कुलकांत ने 30 अंक, बीबीपुर करीला की दिव्यांशी ने 27, किशई जगदीशपुर के मिथिलेश ने 24 अंक, सलेमपुर की सलोनी ने 24 अंक व यहीं के अनुराग ने 23 अंक प्राप्त कर बाजी मारी है। सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राएं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान नीतू सिंह, परीक्षा नोडल प्रभारी अशोक सिंह, एआरपी प्रवीन यादव, संजय वर्मा, बृजेश सिंह, हिमांशु प्रताप सिंह, नितेंद्र बिहारी हजेला, सुग्रीव यादव, आशुतोष गुप्ता मौजूद रहे।

किसानों को जागरूक करते उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह। अमृत विचार

आलू की अगेती फसल की बारीकियां बताई

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी की ओर से ग्राम पचपुखरा में आलू उत्पादन तकनीक विषय पर गोष्ठी हुई। जिसमें उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने बताया कि किसान आलू की अगेती फसल के लिए कुफरी ख्याति, कुफरी गरिमा, कुफरी अशोक, कुफरी सूर्या, कुफरी पुखराज प्रजातियों के बीज का प्रयोग करें।

उन्होंने बताया कि किसान मुख्य फसल की प्रजातियां को अगेती फसल के रूप में प्रयोग न करें। किसान अगेती फसल के लिए आलू को काटकर बोआई न करें। तापमान अधिक होने की वजह से आलू सड़ने की संभावना रहेगी। खाद व उर्वरक प्रबंधन के लिए सबसे पहले मिट्टी का परीक्षण करें। मिट्टी का परीक्षण संभव न हो तो संतुलित खाद एवं उर्वरक प्रबंधन के रूप में 150 किलोग्राम, नाइट्रोजन 80 किलोग्राम, फास्फोरस 80 किलोग्राम, पोटाश 25 किलोग्राम, जिंक सल्फेट 25 किलोग्राम, सल्फर 40 किलोग्राम, फेरस सल्फेट प्रति हेक्टेयर प्रयोग करें।

समस्याएं हल न होने पर तालाबंदी की चेतावनी दी

गुरसहायगंज। विकासखंड तालग्राम के तेराजाकेट स्थित कार्यालय का भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने घेराव किया। नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए प्रशिक्षु बीडीओ को ज्ञापन सौंप कर समस्याओं के निस्तारण की मांग की। सोमवार को प्रदेश सचिव महिला मोर्चा निर्मला राठौर व जिलाध्यक्ष संदीप पाठक के नेतृत्व में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने तीन सूत्री ज्ञापन प्रशिक्षु आईएएस/ प्रभारी बीडीओ स्मृति मिश्रा को दिया। ज्ञापन में ग्राम पंचायत सलेमपुर के ग्राम आसफपुर पट्टी में नाला न होने, ग्राम रजलामऊ, पनिगवां, आदमपुर, तिसौली, मझपुरवा सिंघनापुर, फिरोजपुर, रसूलपुर आदि में गंदगी का अंबार लगने, गावों में पीएम आवास योजना के लाभ से वंचित पात्रों को चिन्हित कर लाभान्वित किए जाने की भी मांग की। समस्याओं का जल्द निस्तारण न होने पर ब्लॉक कार्यालय पर तालाबंदी की चेतावनी भी दी।

चोरी के माल समेत पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी। अमृत विचार

चोरी के माल समेत चार चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। छिबरामऊ क्षेत्र में गोदाम में घुसकर चोरी के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को ग्राम खल्ला रोड कस्बा व थाना छिबरामऊ, जनपद कन्नौज स्थित बैटरी गोदाम में घुसकर अज्ञात चोरो ने हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया था। थाना छिबरामऊ पर अज्ञात चोरो के विरुद्ध मामला पंजीकृत किया गया था। सोमवार को थाना छिबरामऊ पुलिस टीम ने 4 अभियुक्तों को चोरी के माल समेत गिरफ्तार किया। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। पकड़े गए आरोपियों में साहिल पुत्र गुन्नू निवासी रामनगर गिहार कालोनी, जीत पुत्र सुनील निवासी ककरैय्या नट कालोनी, विक्रम पुत्र सुनील निवासी ककरैय्या नट कालोनी और शिवम उर्फ गुन्नू पुत्र पिंकू निवासी ककरैय्या नट कालोनी (सभी थाना छिबरामऊ) शामिल हैं। आरोपियों से पुलिस ने दो बैटरी, दो गाडी के जैक, 19 लोहे के रिंग बरामद किए हैं।

कार से रुपये से भरा थैला लेकर महिला फरार

गुरसहायगंज। कस्बे में पूर्व फौजी की कार से चार लाख रुपये से भरा थैला लेकर महिला फरार हो गई। फौजी ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। उसके पास से रुपये बरमद हुए। बाद में उसे पुलिस को सौंपा गया।

फर्रुखाबाद जनपद निवासी पूर्व फौजी शिव नन्दन अपनी पत्नी को कार पर बैठा कर रिश्तेदारी में जा रहे थे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी तिराहे पर कार रोकी और कुछ खरीदारी करने लगे। इसी बीच एक महिला कार के निकट पहुंची और कार का खुला शीशा देख उसने सीट पर रखे चार लाख रुपये से भरा थैला उठा लिया। कुछ देर के बाद पूर्व फौजी जब कार के पास पहुंचे तो उन्हें कार में थैला न मिलने पर पत्नी से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि एक महिला कार के पास आई थी वह थैला लेकर भाग गई। इस सूचना पर पूर्व फौजी ने महिला का पीछा किया और उसे सब्जी मंडी में पकड़ लिया। महिला के पास से चोरी किये गये रुपये का थैला भी मिल गया।

सार-संक्षेप

डीएम के आदेश के बाद भी घूम रहे गोवंश

सुमेरपुर। जिलाधिकारी के आदेश के बाद ईओ की दबंगई के चलते कस्बे में अन्ना गोवंश संरक्षित नहीं हो पा रहा है। मुख्य बाजार सहित कस्बे के बांदा मार्ग में दिनभर इनकी धमाचौकड़ी से लोग परेशान हैं। सोमवार को ऐसा ही नजारा कमलेश तिराहा के समीप कैमरे में दोपहर को कैद किया गया। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के स्पष्ट आदेश है कि कस्बा सहित किसी भी बाजार में बेसहारा गोवंश नजर नहीं आना चाहिए लेकिन जिलाधिकारी का आदेश बेअसर है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी की उदासीनता के चलते बेसहारा गोवंश संरक्षित नहीं हो पा रहा है और पूरे दिन मुख्य बाजार सहित कस्बे के बांदा मार्ग में धमाचौकड़ी मचाते हैं। सोमवार को दोपहर में कस्बे के कमलेश तिराहा में ऐसा ही नजारा कैमरे में कैद किया गया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य ने बताया कि अभियान जारी है। राठ, मौदहा से कैटल मंगाए गए हैं। इनको पंचायत में बनी गौशालाओं में ले जाकर संरक्षित कराया जा रहा है।

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी, हालत गंभीर

बांगरमऊ उन्नाव। युवक ने घरेलू कलह के चलते आम के पेड़ पर फांसी लगा ली। वहां मौजूद चरवाहों ने उसे तुरंत फंदे से नीचे उतारा। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। बता दें कि बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव पृथ्वीखेड़ा निवासी अजय (25) पुत्र पप्पू हरियाणा प्रांत के फरीदाबाद में रहकर एक निजी कंपनी में मजदूरी करता है। वह तीन दिन पूर्व गांव आया था। सोमवार को किसी बात पर उसका पत्नी से विवाद हो गया। जिससे नाराज होकर वह घर से चला गया और घर से 500 मीटर दूर स्थित रामआसरे के खेत में खड़े आम के पेड़ की डाल के सहारे फांसी लगा ली। पास में मवेशी चरा रहे चरवाहों ने आनन-फानन पेड़ पर चढ़कर उसे नीचे उतारा और सूचना परिजनों को दी। परिजन उसे बेहोशी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए।

वाल विकास पुष्टाहार से संबंधित खाली रैपर पड़े मिले

तिर्वा। बाल विकास पुष्टाहार विभाग लिखे हुए चने दाल के खाली रैपर मिलने से लोगो में चर्चा का विषय बने हैं। इनको आंगनबाड़ी केंद्र से लाकर कस्बे की दुकानों पर बिक्री करने का अनुमान लगाया जा रहा है। विभाग के ग्रामीण क्षेत्रो में आगंनबाड़ी केंद्र हैं। इन केंद्रों पर पांच साल तक के बच्चों को शिक्षा के साथ ही कुपोषण से मुक्त करने के लिये खाद्यान्न दिया जाता है। साथ ही गर्भवती को भी सामग्री देने की व्यवस्था की गई है। इसमें चने की दाल भी दी जाती है। कस्बे के गांधी चौराहा के पास एक दुकान के पीछे खाली पड़े प्लॉट में बाल विकास एवं पुष्टाहार लिखे कई चना दाल के खाली रेपर पड़े हैं। जिन्हें देखकर लोगों में चर्चा है कि यह दाल आंगनबाडी केंद्रों पर आती है। किसी दुकान पर दाल बिक्री करने के बाद खाली रैपर कर फेंक दिए गए। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि हो सकता है खाली पड़े रैपर किसी ग्रामीण क्षेत्र की कार्यकत्री नगर में रहती हो और पैकट को खाली कर फेंक दिए हों।

खाली पड़े चने की दाल के रैपर।

माइनर के किनारे पड़ा मिला वृद्ध का शव

सफीपुर उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव देवगांव से एक किलोमीटर दूर माइनर किनारे सोमवार सुबह एक वृद्ध का शव पड़ा देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। क्षेत्रीय लोगों से जानकारी की गई तो उन्होंने उसकी पहचान फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव कोड़री निवासी रामबक्श (60) के रूप की। इसके बाद परिजनों के साथ पहुंचे चचेरे भाई मुन्नी लाल ने बताया कि मृतक की बेटी रामबेटी का 27 वर्ष पूर्व गंजमुरादाबाद चौकी क्षेत्र के गांव शिवलाल पुरवा में शादी हुई थी। वह मानसिक रूप से बीमार था। जिससे पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई थी।

लोडर की टक्कर से शिक्षक घायल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। बाइक से ड्यूटी पर जा रहे सहायक अध्यापक के लोडर चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उनके दोनों पैर व एक हाथ टूट गया। सूचना पाकर पहुंचे प्रधानाध्यापक ने राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया। उसके बाद गंभीर हालत की वजह से कानपुर रेफर कर दिया गया।

बताया गया है कि अमोलर इलाके के ग्राम घुसुआपुर निवासी संतोष राजपूत पुत्र तुलसीराम सोमवार को बाइक से प्राथमिक स्कूल महानंदपुर्वा जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे लोडर के चालक ने टक्कर मार दी।

हादसा सुजानसराय के पास सुबह सात बजकर 40 मिनट पर हुआ। किसी तरह संतोष राजपूत ने इसकी सूचना प्रधानाध्यापक को दी। वह अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल साथी को तिर्वा के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उनको रेफर कर दिया गया।

अन्य परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने लोडर को अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है जिस पर हरियाणा का नंबर बताया जा रहा है।

राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती घायल शिक्षक।

- ड्यूटी पर जा रहे शिक्षक के दोनों पैर, हाथ टूटा
- गंभीरावस्था में घायल को कानपुर रेफर किया गया

सड़क हादसों में चार घायल

उन्नाव। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गनीपुर निवासी कलेक्टर (47) पुत्र मुलई पत्नी कलावती (45) को बाइक से लेकर बांगरमऊ आ रहा था। तभी रास्ते में संडीला मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी गंभीर घायल हो गए। इसके अलावा दो अलग-अलग मार्गों पर कोतवाली बांगरमऊ के गांव पलिया निवासी त्रिकाल (35) पुत्र टेनी व गांव भिखारीपुर रुल्ल निवासी अनुज (17) पुत्र राम प्रकाश गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने सभी को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया।

गैंगस्टर में दोषी को पांच साल की जेल, जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंद कुमार ने गैंगस्टर के दोषी को पांच साल की जेल तथा जुर्माना से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

अपर शासकीय अधिवक्ता सुधीर पांडेय ने बताया कि गैंगस्टर के मामले में कल्लू व वसीम पर मामला दर्ज हुआ था। प्रकरण में 20 सितंबर को हुई सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपियों को दोषी ठहराया था। इस दिन अभियुक्त वसीम अनुपस्थित हो गया था जबकि कल्लू को वारंट बनाकर जेल भेज दिया गया था। इसके बाद वसीम पुत्र शमीम को गिरफ्तार करने के लिए गैरजमानती वारंट जारी करते हुए थानाध्यक्ष को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश न्यायालय ने दिया था। बहस के दौरान अपर शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि दोष सिद्ध वसीम द्वारा भौतिक व दुनियावी लाभ प्राप्त करने तथा समाज में भय व आतंक स्थापित करने के लिए अपराध किए गए हैं।

कार्रवाई | दुकानें गिराने के दौरान बचाव में उतरी महिलाओं को पुलिस ने हटाया

विवादित भूमि पर बनीं दुकानों पर गरजा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। तिर्वा रोड नसरापुर में विवादित भूमि पर बनी दुकानों को पुलिस ने बुल्डोजर चलवा कर गिरा दिया। इस दौरान विरोध में आई महिलाओं को जबरन महिला पुलिस ने घसीट कर दूर किया। इस के बाद सभी दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के नसरापुर गांव में तिर्वा रोड पर महेंद्र गुप्ता की भूमि है। बताते हैं कि इस भूमि में नसरापुर निवासी किराये पर लेकर मौरंग का काम करते हैं। कोर्टमें भूमि विवाद का मुकदमा जचलने से भूमि का किराया कोर्ट में प्रति माह जमा किया जाता है।

इस भूमि पर आशीष की चार पक्की दुकानों का भी निर्माण है। यह भूमि महेंद्र गुप्ता निवासी तिर्वा की बताई गई है। इस भूमि को उन्होंने नसरापुर निवासी आशीष कुमार को बिक्री करने के लिये पांच लाख रुपये ब्याना के तौर पर लिखापढ़ी की है। जब कि अभी तक भूमि का बैनामा नहीं कराया गया है। इसकी शिकायत महेंद्र गुप्ता ने पुलिस से की थी। इसी के आधार पर सोमवार को कोतवाली की भारी पुलिस मौके पर पहुंची और भूमि पर बनी दुकानों को गिराने लगी।

इसकी जानकारी पर महेंद्र के परिवार की महिलाएं मौके पर पहुंची और जेसीवी के सामने लेट कर निर्माण गिराने का विरोध करने लगीं। इस पर मौके पर मौजूद महिला पुलिस ने महिलाओं को खीच कर हटा दिया इस के बाद निर्माण को गिरा दिया।

बताया जाता है कि इसी भूमि के मामले में महेंद्र गुप्ता ने उद्योग पति राम दीक्षित समेत चार अन्य लोगों के खिलाफ सदर कोतवाली में मारपीट समेत कई आरोप लगा कर रिपोर्ट दर्ज करा चुके हैं। अब इसी मामले में पुलिस ने सोमवार को बनी दुकानों को गिरा दिया। इस घटना के समय इलाके में गहमा गहमी बनी रही। भारी पुलिस बल होने के बावजूद लोग हो हल्ला मचाते रहे पर दुकाने गिरा दी गईं।

दुकानें गिराने के दौरान महिला को हटाती पुलिस। अमृत विचार

दुकानों को ढहाती जेसीबी। अमृत विचार

दबंगों से भूमि मुक्त कराने की मांग

हमीरपुर। कथावाचक सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों की भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा करने से आहत ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। न्याय न मिलने पर मुख्यमंत्री आवास के बाहर धरना देने की चेतावनी भी दी है। सरीला तहसील क्षेत्र के चिकासी की मूल निवासी व कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार चित्रकूट धाम संस्थान की कथावाचक साध्वी समीक्षा देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम चिकासी में उनकी लगभग 35 बीघा पैतृक भूमि है। जिसमें ट्यूबबेल भी लगा है। 2017 में कमिश्नर ने चकबंदी प्रक्रिया को रोककर सभी किसानों को अपने मूल गाटों पर ही समायोजन का आदेश दिया था। गांव के रामपाल राजपूत, धरमपाल राजपूत, राजपाल राजपूत ने भूमि पर कब्जा कर लिया।

किसान नेता व उसके पुत्र सहित 15 अज्ञात पर रिपोर्ट

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। सहकर्मियों व गार्ड के साथ गश्त कर रहे प्रभारी मंडी निरीक्षक से किसान नेता व उसके पुत्र सहित 15 लोगों ने गाली गलौज कर अभ्रदता की। मना करने पर मारपीट कर धमकी दी। गार्ड का शस्त्र छीनने का प्रयास किया गया। प्रभारी मंडी निरीक्षक ने तहरीर देकर आरोपी पिता-पुत्र समेत 15 अज्ञात रिपोर्ट दर्ज कराई है।

छिबरामऊ निवासी प्रभारी मंडी निरीक्षक श्रवन सिंह परमार पुत्र राजनारायन परमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 29 सितंबर की रात करीब 7.55 बजे वह अपने सहकर्मियों के साथ गश्त कर रहे थे। जैसे ही वह समधन स्थित अंडरपास के पास पहुंचे तो आलू से लदे दो ट्रक पास हो रहे थे। जिन्हें रोक कर निरीक्षण किया गया। इसी दौरान साथ चल रही कार में सवार किसान नेता अवधेश गुप्ता व उसके पुत्र सहित अन्य लोगों ने आलू लदे ट्रकों को रुकवाने और प्रपत्र चेक करने के दौरान प्रभारी मंडी निरीक्षक व सहकर्मियों के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जब प्रभारी मंडी निरीक्षक के गार्डो ने विरोध किया तो आरोपियों ने शस्त्र छीनने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने किसान नेता व उसके पुत्र सहित 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

- मंडी निरीक्षक से धक्का मुक्की व अभद्रता का मामला

पुलिस की कार्यशैली से गुस्साए लेखपालों ने दिया धरना

28 सितंबर को प्रशासन ने अवैध रूप से बने 18 घरों को किया था जमींदोज, ग्रामीणों ने राजस्व अभिलेख भी छीन कर किये गायब

ग्रामीणों से बात चीत करने पहुंचे अधिकारी व जन प्रतिनिधि। अमृत विचार

थाने में धरने पर बैठकर प्रदर्शन करते लेखपाल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम उखरा में जेसीबी चलवा कर जमींदोज किये गए 18 लोगों के मकानों के सबंध में आज सोमवार को राजस्व विभाग की टीम गांव पहुंची थी। प्रशासन के साथ ही लेखपाल भी मौजूद थे जिन्हें ग्रामीणों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और उनके अभिलेख भी फाड़ दिये। उसके बाद लेखपाल संघ जब थाने में रिपोर्ट लिखाने पहुंचा तो पुलिस की कार्यशैली के चलते लेखपालों ने वहीं थाने पर धरना देते हुए बैठ गये।

ग्राम उखरा में पंचायत की भूमि पर 18 लोगों ने अवैध कब्जा कर मकान बनवा लिए थे। राजस्व एवं पुलिस प्रशासन ने इन मकानों पर 28 सितंबर को जेसीबी चलवा कर जमींदोज कर दिया था। सोमवार को गांव पहुंचे प्रशासन व जनप्रतिनिधियों मोनिका यादव जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव उनके साथ एसडीएम रविन्द्र सिंह कायमगंज, सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार के सामने ही ग्रामीणों ने दो लेखपाल रुद्रप्रताप सिंह और सौरभ पांडे को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। ग्रामीणों ने लेखपालों से अभिलेख छीनकर सरकारी पत्रावलियों को गायब कर दिया, जिससे वहां पर अफरा तफरी का माहौल बन गया।

लेखपालों की पिटाई की सूचना पर दर्जनों लेखपाल थाना नवाबगंज पहुंच गए। लेखपाल संघ के अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया कि दोनों लेखपालों के साथ ग्रामीणों ने मारपीट की है। उन्होंने कहा कि सरकारी अभिलेख फाड़ दिए गये हैं।

गांव उखरा में मारपीट के शिकार हुए लेखपालों के साथ जब तमाम लेखपाल थाना नवाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे तो तहरीर में लिखे जानलेवा हमला शब्द हटाने को पुलिस ने लेखपालों से कहा, जिस पर लेखपाल आगबबूला हो गए और प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए वहीं धरने पर बैठ गए। लेखपालों ने कहा कि घटनास्थल पर इतनी बड़ी संख्या में पुलिस बल लगा होने के बाद हमलावर लेखपालों को दौड़ा दौड़ा कर पीटते रहे। इसके बाद भी जान लेवा हमला शब्द निकालने की पुलिस बात कर रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में उदासीनता बरत रही है।

एसडीएम क़ायमगंज रविन्द्र सिंह ने बताया कि उनके सामने लेखपालों पर जान लेवा हमला किया गया है। इस मामले में हमलावरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में किसी तरह की उदासीनता नहीं बरती जाएगी।

लेखपाल रुद्र प्रताप सिंह व सौरभ पांडे।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ट्वीट पर गरमाया माहौल

ग्राम पंचायत की जमीन पर जबरिया कब्जा करने वालों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के बाद पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करके माहौल को गर्म कर दिया था। उधर सपा का प्रतिनिधि मंडल भी मौके पर पहुंचा और मामले को तूल दिया। इस वजह से भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह यादव और जिलापंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव की मौजूदगी में लेखपालों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। जिला पंचायत अध्यक्ष गांव उखरा के लोगों को न्याय दिलाने का भरोसा देने उखरा पहुंची थी।

- एसडीएम, सीओ व जिलापंचायत अध्यक्ष के सामने दो लेखपालों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

जिलाधिकारी से मिल कर लौटता सपा प्रतिनिधि मंडल। अमृत विचार

छावनी में तब्दील हुआ कलेक्ट्रेट। अमृत विचार

सपा प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से की मुलाकात

ऊखरा गांव का मामला

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सपा प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम ऊखरा में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनके साथ बातचीत की। उसके बाद फतेहगढ़ कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी से भेंट कर मामले के बारे में चर्चा की।

सोमवार को जब यह जानकारी हुई कि सपा का प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट भी पहुंचेगा, तो पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम कर लिए। फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस, फर्रुखाबाद कोतवाली पुलिस थाना कादरी गेट पुलिस, जोनल रिज़र्व फोर्स को कलेक्ट्रेट बुला लिया गया। क्षेत्राधिकार नगर ऐश्वर्या उपाध्याय के साथ प्रशिक्षु सीओ को भी तैनात किया गया। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी भी कलेक्ट्रेट में मौजूद रहे। पूरे कलेक्ट्रेट परिसर और उसके बाहर के क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया।

- छावनी में तब्दील रहा कलेक्ट्रेट परिसर

एटा से सपा सांसद देवेश शाक्य के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल दोपहर में कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान साथ आए सपा नेताओं को बाहर ही रोक दिया गया। सांसद देवेश शाक्य, सपा जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर, सपा महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा सहित 10 लोग जिलाधिकारी से भेंट करने के लिए अंदर गए। सपा प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उनको बेघर हुए ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया।

सांसद देवेश शाक्य ने कहा कि बिना नोटिस दिए कार्रवाई की गई है जो सरासर गलत है। प्रशासन की तरफ से न कोई नोटिस चस्पा कराया गया और न सूचना दी गई और गैर संवैधानिक तरीके से बुलडोजर चलाकर मकान गिरवा दिए गए हैं। पूरे मामले की एक रिपोर्ट बनाकर सपा प्रमुख को भेजी जाएगी।

गंगा व राम गंगा का जलस्तर घटने के बाद बढ़ीं लोगों की दुश्वारियां

संवाद दाताअमृतपुर फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा और रामगंगा नदी का जलस्तर घटने के बाद अब लोगों की दुश्वारियां और अधिक बढ़ती हुई नजर आ रही हैं।

बाढ़ प्रभावित लोगों के घरों के सामने कीचड़ और गंदगी पसरी होने से लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है, जिससे मच्छरों की संख्या काफी बढ़ गई है। मच्छरों की वजह से लोगों की रातों की नींद हराम है। पानी कम होने के बाद भी मुसीबतें कम नहीं हो रही हैं। कूड़े के सड़ने से बदबू फैल रही है, जिससे लोग परेशान हैं। कीचड़ और गंदगी के बीच निकलने से लोगों को बीमारी फैलने का डर सता रहा है। उदयपुर, आशा की मड़ैया, हरिहरपुर, दौलतपुर, गौंटिया, अंबरपुर, सबलपुर, जगत पुर, लाइकपुर, जुगराजपुर आदि गांवों मे बाढ़ की वजह से जमकर कीचड़ और गंदगी फैली हुई है, जिससे लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। तलहटी के गांवों में अभी भी पानी पूरी तरह नहीं निकल पाया है जिससे पानी और मिट्टी सड़ने लगी है। खेतों से भी अभी पूरी तरह से पानी नहीं निकल पाया है। हरसिंहपुर कायस्थ, ऊगरपुर, मंझा की मड़ैया, फखरपुर आदि ग्रामों से अभी भी पूरी तरह पानी नहीं निकल पाया है। स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में सोमवार को वृद्धि होती दिखाई पड़ रही है। ग्रामीण रमेश चंद्र, रामभजन, शिवराम, कुलदीप आदि लोगों ने बाढ़ प्रभावित गांवों मे सफाई कराने की मांग की है।

खेतों में भरा बाढ़ का पानी।

श्री कृष्ण लीला का वर्णन सुन मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। श्रीमद भागवत कथा में श्री कृष्ण लीलाओं का वर्णन हुआ। नगर के एक गेस्ट हाउस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के प्रवक्ता जगत गुरु राधा मोहन शरण देवाचार्य ने श्री कृष्ण की अनेक लीलाओं के बारे में बताया जिसमें माखन चोरी का वर्णन किया।

श्री कृष्ण ने मां यशोदा को मुख में ब्रह्मांड के दर्शन कराए। कालिका लीला व ब्रह्मा मोह भंग लीला वर्णन करते हुए इन्द्र का मान मर्दन करने के लिए गिरार्ज जी महाराज को अपनी ऊंगली पर घारण किया। इस दौरान सत्य प्रकाश अग्रवाल, डॉ मिथलेश अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, कृष्ण कुमार दीक्षित रहे।

कथा सुनाते जगत गुरु राधा मोहन शरण।

फर्रुखाबाद को पर्यटन मानचित्र पर उभारने की मांग

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। अभिव्यंजना एवं पांचाल शोध एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने फर्रुखाबाद को पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से शामिल करने की मांग की है। राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग के उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र एक दिवसीय दौरे पर फर्रुखाबाद में रहे।

इस दौरान अभिव्यंजना एवं पांचाल शोध एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र उन्हें सौंपते हुए कहा है कि फर्रुखाबाद में कंपिल, संकिसा, नीबकरोरी, श्रृंगीरामपुर जैसे कई प्राचीन स्थल हैं। जिनका धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। इन स्थानों का संबंध श्रीराम के जन्म से जुड़े पुत्रेष्टि यज्ञ और जैन तींर्थकर विमलनाथ , बुद्ध व पांडवों से है।

ज्ञापन देने जाते अभिव्यंजना के पदाधिकारी। अमृत विचार

समिति का मानना है कि इन स्थलों को पर्यटन मानचित्र में शामिल करने से फर्रुखाबाद में पर्यटन, अध्यात्म और सांस्कृतिक विकास की असीम संभावनाएं खुलेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वह फर्रुखाबाद को पर्यटन मानचित्र में प्रमुखता देने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। डॉ रजनी सरीन ने कहा की ग्रेटर नोएडा में लगे एक्सपो में उत्तर प्रदेश के पर्यटन को तो बताया गया लेकिन कम्पिल और संकिसा जैसे प्रदेश भर के कई छोटे-छोटे जनपदों में जहां महत्वपूर्ण स्थान है। पत्र सौंपने वालों में अभिव्यंजना संस्था प्रमुख डॉ. रजनी सरीन, पांचाल शोध एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोमवंशी, भूपेंद्र प्रताप सिंह अनिलप्रताप सिंह ,सुरेन्द्र पाण्डेय रवीन्द्र भदौरिया अजय दीक्षित आदेश अवस्थी समरेन्द्र आदि रहे।

हुई परेशानी 1035 मरीज पहुंचे जिला अस्पताल, पहले पर्चा बनवाने व दिखाने को होती रही धक्का-मुक्की

जिला अस्पताल लोहिया में उमड़ी मरीजों की भीड़

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सोमवार को जब जिला अस्पताल लोहिया की ओपीडी खुली तो मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पर्चा काउंटर से लेकर डॉक्टर के कक्ष के बाहर तक सिर्फ मरीज ही मरीज दिखाई दे रहे थे। ओपीडी खत्म होने तक मरीजों का आंकड़ा 1000 के पार पहुंच गया। चिकित्सक को पहले दिखाने को लेकर मरीज आपस में भिड़ते भी नजर आए। स्थिति पर काबू पाने में गार्डों के पसीने छूट गए।

आवास विकास स्थित जिला अस्पताल लोहिया की ओपीडी में सोमवार को 1035 मरीज पहुंचे। मौसम बदलने के साथ साथ बीमारियां भी तेजी से फैल रही हैं, जिस कारण अस्पताल में भारी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं।

सोमवार को फिजिशियन डॉ. प्रवीण कुमार के पास डेढ़ सैकड़ा से अधिक खांसी, जुकाम, बुखार, पेट दर्द व दस्त के मरीज पहुंचे। सर्दी का मौसम आने के चलते हड्डी रोग विशेषज्ञ के पास भी जोड़ के दर्द , पुरानी चोट के दर्द एवं हड्डी की चोट के मरीज पहुंच रहे हैं। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ ऋषिकांत वर्मा दिव्यांग बोर्ड गए हुए थे। इस कारण से दूसरे हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज वर्मा के पास एक सैकड़ा से अधिक मरीज पहुंचे। टीबी एंड चेस्ट फिजिशियन डॉ. ध्रुव राज के पास भी मरीजों की लंबी लाइन लगी रही दोपहर 2:00 बजे तक 90 से अधिक मरीज उनके पास पहुंचे। यही हाल हृदय रोग विशेषज्ञ और अन्य बीमारी से जुड़े चिकित्सकों का भी रहा।

डॉ. ध्रुवराज सिंह को दिखाने के लिये मौजूद मरीज। अमृत विचार

डेलीगेट चुनाव : 212 नामाकंन पत्रों में से 10 हुए खारिज

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। डेलीगेट चुनाव में 212 नामाकंन पत्रों की उपजिलधिकारी और मिल प्रशासन ने जांच की जिसमें से 10 नामाकंन पत्र त्रुटियों के कारण खारिज कर दिए गए। 202 वैध नामाकंन पत्रों की सूची जारी की गई।

दि किसान सहकारी चीनी मिल समिति लिमटेड में सामान्य निकाय चुनाव में 151 वार्डों के लिए 214 डेलीगेट का चुनाव 4 अकटूबर को होना है। 27 सिंतबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक नामाकंन हुआ था। नामाकंन के दौरान 214 डेलीगेट के लिए 228 नामाकंन पत्र बिके थे। जबकि 212 ने नामाकंन किया था। शनिवार से ही नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। सोमवार को नामाकंन सूची का परीक्षण किया गया। जिसमें 202 नामाकंन पत्र वैध पाए गए जबकि 10 नामांकन पत्र त्रुटियों के कराण खारिज कर दिए गए। मिल प्रशासन ने वैध नामाकंन पत्रों की सूची जारी की। इस दौरान उपजिलाधिकी रवीन्द्र सिंह, जीएम विनोद कुमार, सीसीओ प्रमोद कुमार व एईडीपी प्रशांत कुमार मौजूद रहे।

महिला को जहरीले सांप ने डसा, हालत गंभीर

कायमगंज फर्रुखाबाद। शमसाबाद क्षेत्र के गांव फरीदपुर सैथरा निवासी माया देवी को ज़हरीले सांप ने डस लिया। चीखने की आवाज सुनकर परिजन मौक पर पहुंचे और उसे सीएचसी लेकर आए। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

सार-संक्षेप

1 चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर और कई के हुए तबादले

फर्रुखाबाद। पुलिस अधीक्षक अशोक प्रियदर्शी ने बजरिया चौकी इंचार्ज उदय सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके स्थान पर चिलसरा चौकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह की तैनाती की गई है। पुलिस लाइन के उप निरीक्षक अवधेश कुमार को चिलसरा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। भोजपुर चौकी इंचार्ज किरन पाल नागर को कोतवाली फतेहगढ़ भेजा गया है। उनके स्थान पर थाना राजेपुर के उपनिरीक्षक सुनील सिसोदिया की नियुक्ति की गई। एसपी ने पुलिस लाइन से अनेकों सिपाहियों की थानों में तैनाती की है। एसपी ने तबादला सूची में शामिल उपनिरीक्षको को अपनी अपनी पोस्टिंग की जगह तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए है।

गंगा में कूदे तैराक की डूबने से गई जान

फर्रुखाबाद। गंगा में तैरने के लिए कूदे तैराक की डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव निकाल कर पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना कादरीगेट के गांव धीमरपुरा नीवासी 16 वर्षीय रौनक उर्फ नन्हू पुत्र बंटी बाथम तैराक था। वह गंगा में ठेकेदारों के साथ मछली पकड़ने का भी कार्य करता था। सोमवार को दोपहर वह अपने गांव के निकट ही गंगा में कूदा लेकिन फिर ऊपर नहीं आया। रौनक के डूबने की खबर सुनते ही परिजन मौके पर पहुंच गये। मृतक की मां किरन देवी की हालत खराब हो गयी। उपनिरीक्षक सुबोध यादव ने शव को विधिक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नवाब सिंह राजपूत बने जिलाध्यक्ष

फर्रुखाबाद। गांव-गांव में शिक्षा की अलख जगाने वाले आईआरएस ज्वाइंट कमिश्नर भारत सरकार अमरपाल सिंह लोधी द्वारा संचालित लक्ष्य संगठन के द्वारा टी आर मेमोरियल इंटर कालेज के प्रबंधक केमिस्ट्री टॉपर नवाब सिंह राजपूत को लक्ष्य शिक्षा राहत कोष फाउंडेशन फर्रुखाबाद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मोहम्मदाबाद के गांव लुखरियाई निवासी नवाब सिंह राजपूत के जिलाध्यक्ष बनने पर लक्ष्य संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया और मुंह मीठा कराया , नवाब सिंह राजपूत ने हमेशा ही बच्चों की शिक्षा के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर बच्चों को शिक्षित करने के लिए उनके अभिभावकों को प्रेरित किया है।

बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

ऋण वितरण न करने वाले बैंकों पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में जिलास्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी बैंकर्स ऋण आवेदनों का केस टू केस बेसिस पर निस्तारण करें, आवेदनों को जानबूझकर रिजेक्ट न करें। इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पीएनबी का ऋण वितरण अत्यधिक खराब है। प्रधानमंत्री जनधन योजना में एक्सिस बैंक, आईसी आईसी आई बैंक, एचडीएफसी बैंक की प्रगति खराब है। मुद्रा लोन योजना व पीएम स्वनिधि योजना में भी प्राइवेट बैंक सहयोग नहीं कर रहे है,जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ऋण आवेदनों का निस्तारण सही से न करने पर बैंकों पर कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

पोस्टर के साथ मौजूद एनसीसी कैडेट्स व स्टाफ। अमृत विचार

दीवार पेंटिंग प्रतियोगिता में लकी रहीं प्रथम

कायमगंज फर्रुखाबाद। स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता की थीम के तहत दीवार पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कैडेट्स लकी प्रथम स्थान पर रहीं। इस दौरान विजेता कैडेट्स का सम्मान भी किया गया। 4 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ की सब यूनिट ने शकुंतला देवी शिक्षण संस्थान में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता की थीम के तहत दीवार पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया । इस दौरान कैडेट्स ने दीवार पर पेंटिंग बनाईं । प्रतियोगिता में कैडेट् लकी प्रथम, प्रिया द्वितीय व निशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल और प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल ने विजेता कैडेट्स का सम्मान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा, बटालियन के हवलदार योगेश सिंह आदि मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करती छात्रा। अमृत विचार

नवांकुर कार्यक्रम में छात्राओं ने बिखेरा जलवा

फर्रुखाबाद। नवांकुर कार्यक्रम महीयसी महादेवी वर्मा बालिका इंटर कालेज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह आईएएस (ज्वाइंट मेजिस्ट्रेट), खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुर, दीपिका राजपूत प्रधानाचार्य, सुरेन्द्र पाण्डेय ने मां बागेश्वरी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पार्चन करके कार्यक्रम की शुरुआत की। उप्र प्रदेश संगीत नाटक अकेडमी लखनऊ, संस्कृति विभाग एवं श्री विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान के सहयोग से नवांकुर संगीत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रियाक्षी पाण्डेय ने ठुमरी गायन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रवि प्रकाश व उदय प्रकाश की पखावज की जुगलबंदी की सभी ने सराहना की। रिया मेहरोत्रा ने कथक नृत्य करके सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बोलते हुए आईएएस महेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय संगीत से आत्मिक शांति की अनुभूति होती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने सभी का आभार जताया । कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा सक्सेना ने किया। इस अवसर पर ए डी ओ पंचायत बढ़पुर सत्यनारायण सिंह, सर्वेश शाक्य, मोनी चौहान, सरिता त्रिवेदी, गुलशन जहाँ, निर्मला, अनिकेत, देवेन्द्र मिश्र , अनुराग पाण्डेय आदि उमस्थित रहे।

अशलील मैसेज भेजने पर रिपोर्ट दर्ज

कायमगंज फर्रुखाबाद। अश्लील मैसेज भेजने पर पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। नगर के मोहल्ला बगिया मंगूलाल निवासी अंजली ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र मे कहा कि उसकी बहन की शादी रवि प्रकाश के साथ हुई थी। उसके जीजा का भाई गौरव प्रकाश बदतमीज किस्म का आदमी है। परिवार वाले कई बार उसकी शिकायत कर चुके है। उसका आरोप है कि गौरव उसे अश्लील मैसेज भेजता है। जिसके स्क्रीन शाट उसके पास है।

आपस में भिड़े दो पक्ष, पुलिस ने दर्ज एफआईआर

कंपिल। गांव समाउद्दीनपुर में मौरंग भरने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों से आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। क्षेत्र के गांव समाउद्दीनपुर निवासी आनन्द ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 22 सितंबर को उसका भाई गौरव ट्रैक्टर से मौरंग भरने के लिए सहिम हुसैन की दुकान पर गया था। तभी उसका पड़ोसी अरविन्द वहां आया और उसके चचेरे भाई के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर अरविन्द के चचेरे भाई अवनीश, रामतीर्थ व सर्वेश एक राय होकर गौरव के साथ लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। चीखपुकार पर बीच बचाव करने आए अमित, सौरभ, सुमित व गीता के साथ भी मारपीट कर र घायल कर दिया।

एक नजर

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायल

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव केलोखर के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दंपति घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पति की हालत गंभीर हाने पर उसे पीजीआई भेज दिया गया। विलासपुर निवासी जितेंद्र कुमार अपनी पत्नी प्रीति को दवा दिलाने वैदपुरा गया था। दवा दिलवाकर वापस अपने गांव आ रहा था। केलौखर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पति और पत्नी गंभीर घायल हो गये। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

महेवा में रामलीला तीन अक्टूबर से शुरू

महेवा, इटावा। महेवा स्थित श्री रामजानकी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में होने वाली रामलीला 3 अक्टूबर से शुरू होगी। प्रथम दिन शिव बारात पूरे कस्बे में निकाली जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के व्यवस्थापक पंडित विजय कुमार तिवारी बहेड़ा वालों ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश कुमार शुक्ला के निर्देशन में इस बार भव्य रूप से रामलीला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बाहरी जनपद से कलाकारों को बुलाया जा रहा है।

पीट-पीटकर हत्या करने में मां-बेटे सहित 4 को उम्र कैद

कोर्ट ने चारों दोषियों पर 25-25 हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 9 अंकुर शर्मा ने करीब एक साल पूर्व मारपीट कर की गई हत्या के मामले में फैसला देते हुए महिला और दो बेटों समेत एक अन्य आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी ने बताया कि जसवंतनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला लुधपुरा निवासी संगीता देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि 14 अक्टूबर 2023 की रात करीब 11 बजे उसके पति शिवराम सिंह अपने दरवाजे पर थे। मोहल्ले के अभिषेक , राहुल पुत्र देवीदयाल, मीरा देवी पत्नी देवी दयाल व मोंटी

● एक साल के भीतर कोर्ट ने सुनाया अपना फैसला

उर्फ हर्ष पुत्र सतीश चंद्र मारपीट की। मारपीट में उसके पति बेहोश हो गए। मोहल्ले के लोगों के आ जाने पर उक्त लोग धमकी देते हुए भाग गए। मारपीट की घटना वहां लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई थी।

वह पति को लेकर अस्पताल गई जहां उसके पति को आईसीयू में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान 20 अक्टूबर 2023 को उसके पति की मौत हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या व मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। छानबीन के बाद पुलिस ने मीरा देवी, अभिषेक, राहुल व मोंटी के खिलाफ 22 दिसम्बर 2023 को आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर नौ में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र तिवारी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने मीरा देवी, अभिषेक, राहुल, व मोंटी को दोषी पाया। कोर्ट ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर 25-25 हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया है।

पुरानी पेंशन के लिए कल होगा सत्याग्रह

इटावा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए गांधी जयंती दो अक्टूबर को एक दिवसीय सत्याग्रह कार्यक्रम किया जाएगा। यह सत्याग्रह नुमाइश परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा की समक्ष दिन में 11 बजे से शुरू होगा। तत्पश्चात पुरानी पेंशन बहाली के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासन को सौपा जाएगा।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद इकाई के समस्त पदाधिकारियों, विभागीय संगठनों के पदाधिकारियों एवं समस्त विभागों के कर्मचारियों को इस सत्याग्रह में प्रतिभाग करना है। संरक्षक राजीव यादव, उमाशंकर गुप्ता, जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप धनगर, उपाध्यक्ष प्रीतम भारद्वाज और मंत्री धर्मेंद्र यादव ने कर्मचारियों से इस सत्याग्रह में शामिल होकर पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई को मजबूत करने का आग्रह किया है ।

भुगतान न हुआ तो करेंगे आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट की ओर से बुलाई गई बैठक में निर्णय लिया गया कि एनपीएस के अंशदान का भुगतान न किया गया तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष रणविजय यादव ने कहा कि जल्द ही एन पी एस से संबंधित सभी मामलों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को एक ज्ञापन देकर मांग की जायेगी कि कई महीनों से विलम्बित चल रहे एनपीएस मासिक अंशदान का भुगतान एक निश्चित समयावधि तक कर दिया जाये अन्यथा जिला विद्यालय निरीक्षक, कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने को संगठन बाध्य होगा। बैठक में उठाई गई शैक्षिक समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन जिलाध्यक्ष ने दिया।

बैठक में प्रदेशीय सदस्य राजेश कुमार यादव ने संगठन को और मजबूत बनाने की बात कही।

एनपीएस को लेकर एकजुटता प्रदर्शित करते शिक्षक संगठन के पदाधिकारी ।

● माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट की बैठक में लिया गया निर्णय

कोषाध्यक्ष जय प्रकाश कुशवाहा ने आय व्यय का ब्योरा देते हुए कहा कि संगठन को ऊंचाई पर ले जाने में जिलाध्यक्ष का विशेष योगदान है। संचालन जिलामंत्री सुखराम आदिवंशी ने किया। मनोज कुमार यादव, हरि गोविन्द नायक, जितेन्द्र सिंह, श्रवण मौर्य व धर्मेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, चन्द्रप्रकाश यादव, मनोज चौरसिया प्रमुख रहे। विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप कुमार यादव, संयुक्तमंत्री अशोक कुमार व अशोक बाबू राजपूत, प्रदीप विश्वकर्मा, संजीव चतुर्वेदी, सुरेन्द्र यादव, यतींद्र यादव, राजकुमार वर्मा, जितेन्द्र कुमार, सन्तोष कुमार सिंह, राजेश यादव, मनोज यादव, अमरेश कुमार सिंह, मृत्युंजय राय, जय प्रकाश, अजय कुमार पटेल, सुरजान प्रसाद, रणवीर सिंह, डा संतोष कुमार, अमर बहादुर यादव, अतुल कुमार, राजेश कुमार शर्मा, वाई पी सिंह, रणधीर सिंह, हिमांशू यादव, लालजी शर्मा, नन्द कुमार यादव, प्रवीण मणि तिवारी रहे।

कांशीराम आवासः 812 आवास में से महज 396 में रह रहे आवंटित लोग

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। कांशीराम कॉलोनी में अवैध रूप से रह रहे लोगों में 416 लोगों को नोटिस देकर आवास खाली कराये जायेंगे। साथ हीं ऐसे लोगों पर कार्यवाही भी होंगी जों आवास को किराये पर उठाये हैं अथवा जों लोग किराये पर रह रहे है। ऐसे लोगों का आवंटन निरस्त करके नए आवेदन लेकर पात्र लोगों को आवास आवंटित किया जायेगा।

एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर टीबी अस्पताल के पास मान्यवर काशीराम शहरी आवासीय योजना में कुल 812 आवंटित आवास में से 132 कमरे बंद मिले थे। केवल 396 आवास में आवंटियों के रहने की जानकारी मिली। अब 416 लोगों को नोटिस दिए जा रहे। चेकिंग के दौरान कई अवैध कब्जेदार मौके पर पाए गए। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान चला कर फिर आवेदन लेकर पात्र लोगों को आवास आवंटित किया जायेगा। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह द्वारा जांच के लिए आवंटित क्षेत्र ब्लॉक 1 से 8 तक कुल आवंटित आवास 128 में जांच के दौरान बंद मिले कमरों की संख्या 33, जांच में स्वयं आवंटियों के रहने के कमरों की संख्या 59, किराएदारों के रहने के कमरों की संख्या 36 व नोटिस दिए जाने योग्य कमरों की संख्या 69 पायी गई।

जिलाधिकारी ने जांच को बनाई थी 6 टीम

■ **इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने आवासों की जांच के लिए छह टीमों का गठन किया था। एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव के जांच में आवंटित क्षेत्र ब्लॉक 9 से 17 तक कुल आवंटित आवास 144, जांच के दौरान बंद मिले कमरों की संख्या 23, स्वयं आवंटियों के रहने के कमरों की संख्या 87, जांच के दौरान किराएदारों के रहने के कमरों की संख्या 34 व नोटिस दिए जाने योग्य कमरों की संख्या 57 जबकि एसडीएम न्यायिक भरथना राजेश कुमार वर्मा आवंटित क्षेत्र ब्लॉक 18 से 26 तक कुल आवंटित आवास 140, जांच के दौरान बंद मिले कमरों की संख्या 24, स्वयं आवंटियों के रहने के कमरों की संख्या 60, जांच के दौरान किराएदारों के रहने के कमरों की संख्या 56 व नोटिस दिए जाने योग्य कमरों की संख्या 80 पायी गयीं। इसी तरह एसडीएम जसवंतनगर कुमार सत्यमजीत ब्लॉक 27 से 35 तक को आवंटित आवास 144, जांच के दौरान बंद मिले कमरों की संख्या 14, स्वयं आवंटियों के रहने के कमरों की संख्या 79, किराएदारों के रहने के कमरों की संख्या 51, नोटिस दिए जाने योग्य कमरों की संख्या 65 पायी गयीं।

गौशाला में तीन गोवंश की हुई मौत

बसरेहर, इटावा। विकास खंड बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊनवा संतोषपुर के गांव नगला बरी में बनी गौशाला में लापरवाही के कारण तीन गोवंश की मौत हो गई। पिछले दिनों से हो रही बारिश से नगला वरी में बनी गौशाला में कीचड़ जलभराव व दलदल हो गया था।

खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र मेहरा ने गांव में पहुंचकर दलदल से सभी गोवंशों को हटाकर ऊनवा संतोषपुर गांव के सब्जी मंडी बाजार में शिफ्ट करने का निर्देश पंचायत के सचिव व प्रधान को दिया। ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह व सचिव धर्मेंद्र यादव ने गौशाला में रह रहे गोवंशों को सब्जी बाजार में शिफ्ट कर दिया।

लापरवाही का आलम यह रहा कि 16 गोवंशों को गौशाला में ही छोड़ दिया गया। इस लापरवाही के कारण सोमवार को तीन गोवंशी की मौत हो गई।

निर्वाचित पदाधिकारियों को पुष्प भेंट करते डा रमाकांत शर्मा ।

डॉ जेके तिवारी नीमा के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

कार्यालय संवाददाता ,इटावा

अमृत विचार। एनआईएमए नीमा इटावा कार्यकारिणी के द्विवार्षिक सत्र की निर्वाचन प्रक्रिया में पदाधकारियों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की गई। मोहल्ला चौगुर्जी में संपंन हुई इस प्रक्रिया में निर्वाचन अधिकारी डा रमाकांत शर्मा एवं डा अंबरीश पांडेय ने बताया कि कुल छह पद के लिए 1-1 नामांकन ही प्राप्त हुआ। इसलिए सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

डॉ जेके तिवारी अध्यक्ष, डॉ पुष्पेन्द्र पुरवार उपाध्यक्ष, डॉ राजेश तिवारी सचिव, डॉ प्रवीण दुबे कोषाध्यक्ष, डॉ रविकांत सिंह, डॉ उत्कर्ष वर्मा संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए। निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव ने निर्वाचन अधिकारी डॉ रमाकांत शर्मा, डॉ अंबरीश पांडेय को सम्मानित किया। डॉ उमेश चन्द्र भटेले, डॉ राजीव गुप्ता, डॉ श्रीकांत, डॉ संजीव गुप्ता, डॉ अनुराग श्रीवास्तव, डॉ पवन चौधरी एवं डॉ रवीन्द्र गुप्ता काभी सम्मान किया गया।

सार-संक्षेप

नकब लगाकर मकान से 8.50 लाख का माल पार कर ले गए चोर

बसरेहर, इटावा। थाना सैफई क्षेत्र के अंतर्गत हवाई पट्टी चौकी एरिया के गांव बलभद्रपुर हवेली में रविवार की रात को चोरों ने एक मकान में नकब लगाकर नकदी सहित करीब साढ़े आठ लाख की संपत्ति चोरी कर ली। परिजन जब सुबह उठे तो कमरे में सामान बिखरा देख दंग रह गए। गांव निवासी सत्यम यादव ने बताया कि वह शाम को खाना खाकर कमरे के अंदर सो गया था। जेवर अलमारी में दूसरे कमरे में रखा था। सुबह 5 बजे जब उसकी पत्नी सृष्टि की आंख खुली। उसने दूसरे कमरे का दरवाजा खोलकर अंदर जाना चाहा लेकिन वह अंदर से बंद था। खिड़की से झांक कर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। उसने यह जानकारी घरवालों को दी। जब मकान के पीछे जाकर देखा तो चोरों द्वारा नकब लगाकर सामान पार कर लिया गया था। सत्यम यादव के अनुसार चोर उसके घर से अलमारी में रखी एक सोने की कंठी, चार चूड़ी, एक जोड़ी झाले, एक जंजीर, पांच अंगूठी, दो जोड़ी कुंडल, दो जोड़ी पायल , एक करधनी, 15 हजार रूपया नकद और 70 हजार रूपया कीमत के चढ़ावे के कपड़े सहित करीब 8 .50 लाख रुपये का माल पार कर ले गए। उसने बताया कमरे में रखा लैपटॉप तोड़ दिया। चौकी इंचार्ज हवाई पट्टी विवेक सिंह ने जांच पड़ताल की।

छात्र हितों को लेकर शिक्षा मंत्री से हुई चर्चा

इटावा। छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर में 28 सितंबर को हुए 39 वें दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं रजनी तिवारी से कानपुर छात्रसंघ के वरिष्ठ छात्र नेता एडवोकेट आदित्य मोहन शर्मा ने मुलाकात की। उन्होंने छात्रों में स्किल डेवलमेंट को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष शिक्षा कार्यक्रमों को लागू करने का अनुरोध दिया। उन्होंने सीएसजेएमयू के कुलपति डॉ विनय पाठक की ऐतिहासिक सोच और उत्कृष्ट कार्यों की भी सराहना की।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस छानबीन में जुटी

बकेवर, इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नवादाखुर्द कला में पैसे के लेन-देन को लेकर एक 38 वर्षीय युवक ने अपने खेतों पर खड़े आम के पेड़ से रस्सी बांधकर सोमवार की सुबह फांसी लगा ली। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने उसे पेड़ पर लटका देखा, इसकी जानकारी परिवार के लोगों को दी । मृतक के चाचा व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। लवेदी थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर जांच की। मृतक के चाचा वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि उसके भतीजे देवेंद्र सिंह के गांव के ही एक युवक ने उससे दुकान खोलने के लिये दो वर्ष पूर्व रूपये लिये थे। अब वह युवक रूपये वापस नही कर रहा था। इसी के चलते भतीजा परेशान था। उसने सोमवार की सुबह घर के बाहर खेतो पर खड़े आम के पेड़ पर रस्सी बांधकर फांसी के फंदे पर लटक गया। ग्रामीणों ने शव लटका देख कर सूचना दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लवेदी पुलिस को दी। छानबीन के बाद पुलिस ने पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया । थानाध्यक्ष लवेदी कपिल चौधरी ने बताया कि मृतक युवक का गांव के ही एक युवक ने पैसे उधार लिये थे। एक वीडियो वायरल होने की लिंक हमारे मोबाइल पर आयी है। लेकिन वह खुल नही रही। यदि वीडियो देखने को मिलता है तो उस युवक के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

खाद के लिए किसान परेशान, नहीं हो रही सुनवाई

इटावा। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव ने कहा है की वर्तमान समय में किसानों को डीएपी तथा यूरिया खाद की जरूरत है लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रही है। इसके कारण किसान परेशान हैं। परेशान किसानों की सुनवाई भी नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा जमाखोरी के कारण हुआ है इसलिए प्रशासन को छापा मार कार्यवाही करनी चाहिए। सपा नेता उदयभान सिंह यादव ने कहा है कि खाद के लिए परेशान किसान सहकारी समितियां तथा किसान सेवा केदो पर लंबी लाइन में खड़े हैं इसके बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया है कि खाद की इस किल्लत का फायदा उठाकर नकली खाद की बिक्री भी हो सकती है। प्रशासन को ऐसे इंतजाम करना चाहिए जिससे किसानों को खाद उपलब्ध हो सके।

भोलेनाथ की बारात में भूत-प्रेतों ने किया नृत्य

संवाददाता भरथना,इटावा। श्री रामलीला कमेटी भरथना के तत्वावधान में सोमवार को शंकर बारात निकाली गई। बतौर अतिथि चेयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू व पूर्व प्रमुख हरिओम यादव ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर बारात को रवाना किया। आकर्षक व मनमोहक साज-सज्जा के बीच अद्भुत सजी अन्य देवी-देवताओं महाराज गजानन, पवनसुत वीर हनुमान, जगतजननी मां भगवती, रामदरबार, राधाकृष्ण, काली माता आदि की झांकियों के साथ देवों के देव महादेव दूल्हा स्वरूप में अपने रथ पर विराजमान थे।

ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह एवं अन्य पदाधिकारी ।

ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने कुंवर गजेंद्र सिंह

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ की इटावा मंडल शाखा का चुनाव किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण डाक कर्मियों ने कुंवर गजेंद्र सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना। प्रमोद अवस्थी को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

जिला मुख्यालय पर हुए चुनाव में देवेश कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष, आदित्य त्रिपाठी, अतुल तथा यतींद्र नाथ को उपाध्यक्ष, अभिषेक राजपूत उपसचिव, सूरज शाक्य, मोहन सिंह तथा वरुण आनंद सहायक सचिव होंगे। सर्वेश सविता को कोषाध्यक्ष, अनीश ओझा, नरेश चंद्र, पूरन सिंह, अनुज, कपिल देव संगठन मंत्री, उज्जवल त्रिपाठी लेखा परीक्षक का काम देखेंगे। बीपीईएफ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संतोष सिंह मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता नरेश चंद्र गुप्ता ने की। अशोक यादव, डाक अधीक्षक चंद्रशेखर वरुआ और मिथलेश शुक्ला विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में अर्चना मेमो. सरस्वती कॉलेज अव्वल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। स्थानीय नारायण वैंकट हाल में संस्कृति सप्ताह के समापन पर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। अर्चना मेमोरियल सरस्वती ज्ञान मन्दिर इंटर कालेज ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम और पान कुंवर इण्टरनेशनल स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विधायक ने कहा कि परिषद सेवा और संस्कार युक्त कार्यों को निरन्तर करती रहती है। बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा हों इसके लिए परिषद सदा सुन्दर कार्यक्रमों को आयोजित करके समाज में उत्कृष्ट सन्देश दे रही है। अतः हम सेवा, संस्कार को अंगीकृत करके समाज में उत्कृष्ट कार्य करते हुए आगे बढ़ते रहें।

क्षेत्रीय सचिव संपर्क और संजय अग्रवाल और क्षेत्रीय सचिव सेवा विवेक कुलश्रेष्ठ ने कहा कि संस्कृति सप्ताह का आयोजन

अर्चना मेमो सरस्वती इंका के बच्चों के साथ विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

बच्चों में संस्कार पैदा करने के लिए किया जाता है। बच्चों की प्रतिभा प्रतियोगिताओं के माध्यम से मुखरित होती हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में परिषद अध्यक्ष इन्द्र नारायण पांडेय ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। वरिष्ठ सदस्य बीके सिंह ने परिषद के इतिहास को भी प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय सचिव सेवा विवेक कुलश्रेष्ठ ने प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए । जिसमें अर्चना मेमोरियल सरस्वती ज्ञान मन्दिर इंटर कालेज ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम और पान कुंवर इण्टरनेशनल स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विधायक सरिता भदौरिया ने अर्चना मेमोरियल सरस्वती ज्ञान मन्दिर इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या को चल वैजन्ती प्रदान कर पुरस्कृत किया। थियोसोफिकल इका की शिक्षिका सुषमा पाराशर को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। संयोजक हरी शंकर त्रिपाठी,नन्द कुमार यादव, शैलजा पाठक, इन्दु कुलश्रेष्ठ, निशा गुप्ता ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए। पुरस्कार वितरण सुधा नेत्र चिकित्सालय रामा देवी उत्सव गार्डन निकट नुमाइश चौराहा इटावा के सौजन्य से हुआ।

इस अवसर पर परिषद के जगदीश प्रसाद पाण्डेय संरक्षक, राजीव लोचन दीक्षित सचिव, आशा राम मिश्रा, आनन्द प्रकाश नारायण दुबे, एस. एन. चौधरी, ओम नारायण शुक्ला, शैलेष कुमार पाठक एडवोकेट, अश्वनी कुमार मिश्रा, कुलदीप कुमार अवस्थी, अत्रि दीक्षित,विवेक रंजन गुप्ता , राम शरण गुप्ता, सन्तोष कुमार प्रजापति, शिव कुमार दुबे, बुद्ध प्रकाश श्रीवास्तव, हरिश्चंद्र वर्मा, अविनाश कुमार पाल, बृजेश कुमार राठौर, दाऊ दयाल, शैलजा तिवारी, मिथलेश त्रिपाठी, ममता दीक्षित सहित अनेक विद्यालयों से आए शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। संयोजक मुन्ना लाल वर्मा व राजीव अवस्थी ने सभी अतिथियों को पट्टिका पहनाकर स्वागत किया।

खुशी की बात | आज से शुरू होगा वन्य प्राणी सप्ताह, भालू सफारी को भी खोला जाएगा

इंतजार खत्म, सफारी में होगा लेपर्ड का दीदार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। इटावा सफारी पार्क की लेपर्ड सफारी को अब खोल दिया जाएगा। पर्यटक लेपर्ड को उछल कूद करते हुए देख सकेंगे। इसी तरह भालू के दीदार भी कराए जाएंगे । सफारी में मात्र एक भालू रह जाने के कारण उसे पिंजरे में रखा गया था। अब भालू की संख्या बढ़ गई है और अब भालू भी खुले में विचरण करते हुए दिखाई देंगे।

वन एवं वन्यजीव के संरक्षण संवर्द्धन के लिए जन जागृति उत्पन्न करने के लिये वन्यप्राणी सप्ताह का आयोजन एक अक्टूबर से सात अक्टूबर तक इटावा सफारी पार्क में किया जायेगा। वन क्षेत्रों के प्रभावित होने एवं वन्यजीवों की असुरक्षा से पर्यावरण में खाद्य श्रृंखला पर



इटावा सफारी का गेट भी देखने लायक बना है। अमृत विचार

विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, जिससे पर्यावरणीय असंतुलन की समस्या जटिल होती जा रही है। इस समस्या के समाधान में भावी पीढ़ी की अहम भूमिका हो सकती है।

वाइल्ड लाइफ थीम पर फैंसी ड्रेस शो होगा: सफारी के डायरेक्टर अनिल पटेल ने बताया कि इस वर्ष इटावा सफारी पार्क में वन्य प्राणी सप्ताह में प्रभात फेरी, पेंटिंग

● प्रभात फेरी के अलावा पेंटिंग स्लोगन प्रतियोगिता भी होंगी

प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, नेचर वॉक एवं मोबीवॉक, नेचर क्विज तथा वाइल्ड लाइफ थीम पर फैंसी ड्रेस शो आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त वन्यजीव सप्ताह के अन्तर्गत ही लैपर्ड सफारी एवं भालू सफारी पर्यटकों के लिए शुरू किया जाएगा। विजिटर फैसिलिटेशन सेंटर में बनायी गयी वेल गैलरी को दिव्यांगजनों को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी कार्यक्रमों की तैयारी कर ली गई है और बेहतर तरीके से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही लोगों को वन्य प्राणियों के प्रति जागरूक भी किया जाएगा।

यमुना में कूदे युवक का अभी तक नहीं लग सका सुराग

जसवंतनगर, इटावा। दो जिलों की सीमा पर कचौरा घाट के यमुना नदी पुल से रविवार शाम एक युवक ने पुल से छलांग लगा दी। 24 घंटे बीतने पर उसका पता नहीं लगा है।

आगरा के चित्राहाट थाना क्षेत्र में गांव रामकुंआ के रहने वाले 40 वर्षीय मौजम सिंह पुल पर बाइक से आया था। उसने परिजनों को मोबाइल फोन से खुदकुशी करने को नदी में कूदने की बात कही थी। राहगीरों की सूचना पर बलरई व चित्राहट थानों की पुलिस ने तलाश शुरू की लेकिन अंधेरा हो जाने से कामयाबी नही मिली थी। चित्राहट थाना प्रभारी निरीक्षक रूद्रप्रताप सिंह ने सोमवार सुबह 15 वीं पीएसी वाहिनी आगरा के जवानों व गोताख़ोरों की टीम तलाश कर रही है, लेकिन अभी पता नहीं चला है।

डीपीएस आजाद नगर को मिली ट्राफी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

नारायन कालेज आफ साइंस एंड आर्ट्स इटावा ने महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम इटावा में भव्य समारोह के साथ सीबीएसई क्लस्टर 4 फुटबाल टूर्नामेंट का समापन हुआ। समारोह में अंडर 19 की टीम डीपीएस आज़ाद नगर कानपुर तथा डीपीएस कल्यानपुर कानपुर के बीच फाइनल मैच हुआ। रोमांचकारी मैच टाई हुआ। खिलाड़ियों को टाई ब्रेकर का सामना करना पड़ा। पिछले वर्ष की विजेता टीम डीपीएस आजाद नगर कानपुर इस वर्ष की ट्राफी अपने नाम करने में कामयाब रही। अंडर-17 की टीम आर्मी पब्लिक स्कूल एलबीएस मार्ग लखनऊ विजेता एवं कुशकेप्स कोलन लखनऊ उपविजेता रही। अंडर 14 में फातिमा स्कूल गोंडा विजेता एवं अपेक्स इण्टरनेशनल स्कूल बहराइच उपविजेता रहे।

टूर्नामेंट का उदघाटन करते इं हरी किशोर तिवारी, कर्नल आशुतोश प्रताप।

प्रतियोगिता में ईस्ट जोन की 36 टीमों के 700 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। मुख्य अतिथि कर्नल आशुतोष प्रताप सिंह ने कहा कि युवाओं को अपनी सकारात्मक ऊर्जा को देश के विकास में लगाना चाहिये। नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की डायरेक्टर डा श्रेता तिवारी ने ऐसे आयोजन युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुये आगे भी होते रहेगे। इससे पूर्व नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के चैयरमेन इं हरि किशोर तिवारी, सीबीएसई सिटी कॉर्डिनेटर डॉ आनन्द मोहन, पूनम शर्मा, योगेश दुबे प्रधानाचार्य हायर एजूकेशन, इंजीनियरिंग कालेज के डीन डा एनके शर्मा, डीडी मिश्रा एडवोकेट, अजीत सिंह सहायक सचिव फुटबाल संघ, योगेश कुमार सीबीएसई आब्जर्वर एवं पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद ने संयुक्त रूप से उदघाटन किया।

बस की टक्कर से जीजा-साले की मौत

बकेवर के जगदीशपुर मोड़ पर हुआ हादसा, एक मृतक फर्रुखाबाद जिले का

संवाददाता बकेवर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के पास सोमवार को सड़क हादसे में जीजा साले की मौत हो गई। तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इससे हादसा हुआ। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की है।

बकेवर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव निवासी दशरथ सिंह (40) पुत्र शिवमोहन और प्रमोद कुमार पुत्र महेश सिंह निवासी नवादा जनपद फर्रुखाबाद सोमवार को स्कूटी से बकेवर होते हुए देवमई की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह जगदीशपुर मोड़ के पास पहुंचे तभी कानपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा देख स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देवमई पहुंचाया। जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। परिजनों ने बताया कि प्रमोद कुमार अपने ससुराल आलमपुर में ही रहते थे और अपने साले दशरथ सिंह के साथ आधार कार्ड बनवाने के लिए निकले थे। प्रमोद कुमार के चार पुत्र और एक बेटी हैं। वहीं दशरथ सिंह अविवाहित थे। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

हादसे के बाद अस्पताल पहुंचे परिजन। अमृत विचार

लोडर की टक्कर से बाइक सवार मामा की मौत, भांजा घायल: फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के बुधौली मोड़ स्थित राज पेट्रोलियम के पास देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार मामा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साथ में सवार उसका भांजा मामूली रूप से घायल हो गया।

- आधार कार्ड बनवाने देवमई जा रहे थे

बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के जबरापुर गांव निवासी ब्रजेश कुमार अपने भांजे ज्ञानेंद्र के साथ बाइक से घर जा रहा था। तभी जैसे ही बाइक सवार थाना क्षेत्र के एक पेट्रोलपंप के पास पहुंचा तभी ललौली कस्बे की ओर से आ रही तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए आनन-फानन में एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने मामा ब्रजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल भांजे की मरहम पट्टी करने के बाद घर भेज दिया।

नवरात्र को लेकर दुर्गा प्रतिमाएं तैयार करते मूर्तिकार। अमृत विचार

तैयार हो रहे पंडाल, 3 से विराजेंगी माता शेरावली

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- 1 से 10 फीट तक की प्रतिमाएं बना रहे कारीगर

अमृत विचार। शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र तीन अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं। नवरात्र को लेकर श्रद्धालुओं से लेकर प्रतिमाएं बनाने वाले मूर्तिकारों में भी काफी उत्साह नजर आ रहा है। गणपति महोत्सव की तरह नवरात्र में भी देवी प्रतिमाओं की अच्छी बिक्री होगी। इसी के चलते मूर्तिकारों के द्वारा एक फीट से लेकर 10 फीट तक की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। मूर्तिकारों के परिवार के लोग पूरे दिन देवी प्रतिमाओं को बनाने के साथ उन्हें सजाने संवारने में जुटे हैं। इस बार पिछले साल की अपेक्षा प्रतिमाओं के दामों में इजाफा भी हुआ है। शहर के कलक्टरगंज, राधानगर समेत अन्य कई स्थानों में मूर्तिकारों के द्वारा मां दुर्गा व अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। इन प्रतिमाओं को बनाने में महिला व पुरुषों के अलावा बच्चे भी शामिल हैं।

सार-संक्षेप

चाकू की नोक पर युवती से किया दुष्कर्म

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में चार माह पहले शाम को कुआं से पानी भरने गई युवती के साथ पड़ोसी युवक ने चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया था। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। युवती ने बताया कि 24 अप्रैल की शाम मां बीमार थी। छोटी बहन उनकी देखरेख कर रही थी। इसलिए वह कुछ दूर स्थित कुआं में पानी भरने गई थी। तभी पड़ोसी युवक मनोज उर्फ सरोज निषाद चाकू दिखाकर उसे घसीट कर पास के गेहूं के खेत में ले गया। जहां चाकू दिखाकर जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वह चिल्लाती रही तभी शोर शराबा सुनकर छोटी बहन व मां मौके पर पहुंची थी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। स्थानीय थाने गई थी लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्र ने बताया कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

शादी का झांसा देकर युवती का किया यौन शोषण

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। युवती ने आरोपी के खिलाफ यौन शोषण, मारपीट और धमकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। युवती ने पुलिस को एक सप्ताह पहले तहरीर दी थी। इसमें उसने बताया कि दूर के रिश्तेदार अनूप कुमार (26) का उसके घर आना जाना था। इस बीच दोनों में प्यार हो गया। दोनों मिलने जुलने के लिए बाहर भी जाते थे। इसी दौरान अनूप शादी का झांसा देकर युवती से दो साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस बीच युवती का गर्भ ठहर गया तो आरोपी ने दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। युवती ने शादी के लिए कहा तो आरोपी टालता रहा। इसी दौरान प्रेमी की दूसरी जगह शादी तय हो गई। विरोध करने पर आरोपी ने युवती को कमरे में बंद कर पीटा। थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

महिला की मौत पर पति समेत 5 पर रिपोर्ट

फतेहपुर। बाइक की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को फंदे से लटकाकर मार डालने का पति समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गाजीपुर थाने के परसादतारा निवासी अरविंद तिवारी ने पुत्री निधि की शादी 26 जनवरी 2023 को अंबुज उर्फ प्रशांत पुत्र सुरेश शुक्ला निवासी बेसड़ी थाना असोथर के साथ हुई थी। पिता का आरोप है कि शादी के बाद ससुराली दहेज में अपाचे बाइक की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पुत्री को उसका पति, जेठ अंकज उर्फ विनय, जेठानी गुड़िया, जेठ नीरज व उसकी पत्नी परेशान व प्रताड़ित करते थे। दामाद ने 27 सितंबर की शाम पुत्री के फंदा लगाकर खुदकुशी की खबर दी। वह मौके पर पहुंचा। लोगों से पता लगा कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने उसे फंदे पर लटकाकर मार डाला है। प्रभारी निरीक्षक विनोद मौर्या ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

शिवचंद्र शुक्ल बने व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष

फतेहपुर। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल द्वारा एक बार फिर से फतेहपुर जिले का जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल को बनाया गया है। उनके अलावा जितेंद्र सिंह यादव उर्फ सोनू को जिला महामंत्री व रिजवान डियर को पूर्व की ही भांति जिला महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। इस मौके पर खागा व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष सर्वेश यादव, नगर अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष अनिल साहू, समाजसेवी सुनील गुप्ता, संजीत सिंह, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी मौजूद रहे।

रियल स्टेट ग्रुप का कार्यालय खुला

फतेहपुर। शहर के सिविल लाइन स्थित एक काम्प्लेक्स में निर्वाना रियल स्टेट ग्रुप का कार्यालय खोला गया है। मैनेजिंग डायरेक्टर अनूप चौबे ने बताया कि कानपुर, फतेहपुर व लखनऊ में आवासीय व कामर्शियल प्लाट, भवन, काम्प्लेक्स, फार्म हाउस उपलब्ध कराएंगे।

छात्रा की मौत पर तीसरे दिन भी गर्म रहा माहौल

संवाददाता किशनपुर

- जाम लगाने वाले 40 लोगों पर दर्ज हुई रिपोर्ट
- महिला आयोग की सदस्य ने पुलिस की कार्यशैली पर जताई नाराजगी

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई छात्रा की मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। तीसरे दिन भी पीड़ित परिवार के घर नेताओं का आना-जाना लगा रहा। वहीं राज्य महिला आयोग की सदस्य भी मौके पर पहुंचीं और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने पुलिसिया कार्यशैली पर नाराजगी जताई।

छात्रा की मौत के बाद तीसरे दिन पुलिस ने दोनों आरोपियों बस चालक व प्रधानाचार्य के खिलाफ दर्ज मुकदमे में पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ा दी। वहीं तीसरे दिन पुलिस ने कैंडल मार्च निकाल कर रोड जाम करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर दिया। पुलिस ने रोड जाम कर रहे छह नामजद समेत 30 से 35 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बस चालक को रविवार को जेल भेज दिया था, जबकि प्रधानाध्यापक की तलाश में छापेमारी कर रही है। तीसरे दिन पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने भी पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं पुलिसिया कार्यशैली पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने ने कहा कि कैंडल मार्च निकाल रहे लोगों पर की गई कार्रवाई गलत है। इस पर उन्होंने पुलिस को फटकार लगाते हुए वीडियो पर दिख रहे अराजकतत्व पर ही मुकदमा दर्ज कर बाकी लोगों के नाम हटाने को कहा। पीड़ित परिवार से मिलकर मामले की हर पहलू की निष्पक्ष जांच कराने की भी बात कही।

प्रधानाचार्य पद से दिया इस्तीफा, पत्र वायरल

- सरस्वती बाल मंदिर विद्यालय के आरोपों से घिरे प्रधानाचार्य रहे राजकपूर सिंह ने इस्तीफा दे दिया। उनका एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल पत्र में उन्होंने ने अपने आप को निर्दोष बताते हुए हो रही जांच पर पूर्ण सहयोग देने की बात लिखी है। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि निष्पक्ष जांच में सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा अमृत विचार वायरल पत्र की पुष्टि नहीं करता है।

इन पर नामजद दर्ज हुई एफआईआर

- कैंडल मार्च निकालने के दौरान रोड जाम करने वाले मामले में पुलिस ने हैदर सिद्दीकी निवासी पुरमई जहांगीर नगर खखरेरू, नूर आलम निवासी पक्का तालाब खागा, राजा यादव निवासी युगराज नगर खागा, प्रेमनारायण विश्वकर्मा निवासी बैरागी का पुरवा खागा, उमर खान निवासी खागा, मनीष दिवाकर निवासी नीम टोला खागा समेत 30 से 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

किशोरी के पिता ने दुष्कर्म व हत्या की जताई आशंका

संवाददाता फतेहपुर

- गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला

अमृत विचार। पांच दिनों से अगवा किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव गंगा नदी में फेंकने की आशंका जताई गई है। पिता ने अगवा कर सामूहिमक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस शक के आधार पर तीन संदिग्धों की धरपकड़ कर पूछताछ में जुटी है।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी 23 सितंबर की शाम करीब चार घर से मवेशियों को चारा लगाने गई थी। इसके बाद लापता हो गई थी। परिजनों ने खोजबीन के बाद 25 सितंबर को थाने में किशोरी के अपहरण की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इधर, जांच के दौरान किशोरी को झिलमी मोहल्ले में 25 सितंबर की रात कुछ युवकों के साथ देखे जाने का पुलिस को रविवार को पता लगा। पुलिस फौरन चौकन्ना हुई। चर्चा है कि किशोरी को युवक बहला फुसलाकर झिलमी गांव के मंदिर के पास लेकर रात को पहुंचे थे। उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद हत्या कर दी। उसका शव बोरे में भरकर चार पहिया वाहन से रायबरेली जिले लालगंज सीमा पर गंगा नदी में फेंक आए हैं। एक युवक और किशोरी के बीच बातचीत का आडियो भी वायरल हुआ है अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता। थानाध्यक्ष विनोद मिश्रा ने बताया कि मामले में फिलहाल आरोप की जांच की जा रही है। संदिग्धों को पकड़ा गया है। पूछताछ कर किशोरी का सुराग लगाया जा रहा है। हत्या संबंधी साक्ष्य सामने नहीं अया है।

हादसे में मृत युवक की हुई पहचान

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के एक स्थान में सड़क हादसे में मौत का शिकार हुए युवक की चौथे दिन पहचान हुई। ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बे स्थित बांदा टांडा हाइवे में चार दिन की पूर्व तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई थी। मृतक की शिनाख्त बांदा जिले के सरधुवा गांव निवासी अजय सविता पुत्र जगमोहन सविता के रूप में हुई है।

ज्वार-बाजरा की समर्थन मूल्य पर खरीद आज से

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। समर्थन मूल्य पर ज्वार-बाजरा की खरीद जिले में आज से शुरू होगी। जहां पर किसान अपना ज्वार-बाजरा बेच सकेंगे। जिले में इसके लिए कुल 06 खरीद केंद्र खोले गए हैं।

खरीफ की फसल में बाजरा एवं ज्वार एक प्रमुख उत्पाद है और बड़ी संख्या में किसान इसकी खेती करते हैं। आमतौर पर अक्टूबर में इसकी कटाई शुरू हो जाती है। अभी फसल खेतों में पक रही है। सरकार ने खरीद करने का निर्णय लिया है और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जाए, इसके लिए खरीद केंद्र खोले गए हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खरीद की सभी तैयारियां पूरी है और निश्चित तारीख पर खरीद केंद्र खुल जाएंगे। इसमें 2625 रुपये प्रति क्विंटल बाजरा का खरीद मूल्य तय किया गया है। वहीं हाईब्रिड किस्म के ज्वार का समर्थन मूल्य 3371 रुपये प्रति क्विंटल एवं मालदंडी का 3421 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

किसानों की समस्याओं पर हुआ मंथन

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी की एक बैठक नहर कालोनी प्रांगण में आयोजित हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। साथ ही आगामी सात अक्टूबर को खागा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटोघन टोल प्लाजा का घेराव किए जाने का भी ऐलान किया गया। बैठक मकी अध्यक्षता कौसर अली ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष (बुंदेलखण्ड प्रभारी) शाहिद शेख ने शिरकत की। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि जिले का किसान तमाम मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है।

स्टेशन अधीक्षक का घूस लेते वीडियो वायरल

संवाददाता फतेहपुर

- मामले में एआरएम ने बैठाई जांच
- रोडवेज बस का पहले नंबर लगाने को ली जा रही थी रिश्वत

अमृत विचार। बस का नंबर पहले लगाने के लिए रोडवेज बस स्टैंड पर स्टेशन अधीक्षक द्वारा रिश्वित ली जा रही है। इसका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद एआरएम ने जांच बैठा दी है। जांच के बाद कार्रवाई की बात कही जा रही है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

सोशल मीडिया में स्टेशन अधीक्षक के द्वारा बस परिचालक से पहले बस का नंबर लगाने के नाम रिश्वत के रूप में 200 से 500 रुपये की मांग की जाती है। बस परिचालक से स्टेशन अधीक्षक का रिश्वत लेते वीडियो सामने आया। वह वायरल वीडियो शहर के ज्वालागंज स्थित सरकारी रोडवेज बस स्टैंड का है। जहां से बसों को रवाना किया जा रहा है। बस का पहले नम्बर लगे इसके लिए परिचालकों से रिश्वत लिया जाता है। वीडियो में पहले नंबर लगाने के लिए एक परिचालक 100 रुपये देता है, फिर 100 रुपये और देता है, तो महिला स्टेशन अधीक्षक उससे 500 की मांग करती है।

स्टेशन अधीक्षक की वायरल फुटेज। अमृत विचार

राजधानी बस आने से पहले बस लेकर जाने की बात वीडियो में कहते सुनाई पड़ता है। एआरएम विपिन अग्रवाल ने बताया कि बस स्टेशन अधीक्षक के द्वारा बस का पहले नम्बर लगाने के नाम संविदा बस परिचालक हिमांशु गुप्ता ने आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। इस मामले में दोनों लोगों से लिखित में अपना पक्ष रखने के लिए कहा गया है। जांच के बाद कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि फतेहपुर सरकारी बस स्टैंड से रोज 121 बसों का संचालन बांदा, चित्रकूट, महोबा, कानपुर, आगरा, दिल्ली, प्रयागराज, रायबरेली और अयोध्या के लिए होता है।

कार्यक्रम | पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन में कहा

विपक्ष बांग्लादेश जैसी अस्थिरता चाहता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। विपक्ष के नेता भारत में भी बांग्लादेश जैसी अस्थिरता के स्वप्न देख रहे हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगी विदेशी शक्तियों की मदद से देश में अस्थिरता उत्पन्न करने में लगे हुए हैं, लेकिन उनको यह नहीं पता है कि भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान नहीं है। इसलिए उनके यह मंसूबे प्रधानमंत्री मोदी के रहते पूरे नहीं होंगे। यह बातें सोमवार को शहर पहुंचे राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहीं।

सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के हरसहाय महाविद्यालय में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन में शामिल होने आये दिनेश शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी देश के अंदर संविधान खतरे में है का झूठा प्रचार करते हैं और जब वह विदेश जाते हैं तो वहां पर बयान देते हैं कि देश के अंदर आरक्षण खत्म होना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा।

पुस्तक का किया विमोचन

केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन-काल में उनके प्रशासनिक कौशल पर लिखी पुस्तक पावर विद इन - द लीडरशिप लीजेंसी आफ नरेन्द्र मोदी पुस्तक का विमोचन किया। यहां पूनम द्विवेदी, कौशल किशोर दीक्षित, सुनील नारंग, प्रबोध मिश्रा, जय प्रकाश कुशवाहा, विनोद मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, मोहित पांडेय, राजन चौहान, अर्जुन बेरिया आदि मौजूद रहे।

त्योहारों पर कई विशेष ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यात्रियों की सुविधा के लिए लिया गया निर्णय

अमृत विचार। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष गाड़ियों के संचालन का फैसला लिया है।

आनंद विहार से कटिहार: आनंद विहार से प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार, 8 अक्टूबर, 11, 15, 18, 22, 25, 29 अक्टूबर के अलावा 1 नवंबर, 5, 8, 12,15, 19 22 व 26 नवंबर को चलेगी।

कटिहार से प्रत्येक बुधवार व शनिवार को 9,12,16,19, 23, 26 व 30 अक्टूबर के अलावा 2,6, 9, 13, 16, 20, 23 व 27 नवंबर को चलेगी। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी 1, सेकंड एसी 1, स्लीपर 10, सामान्य 1, पार्सलयान 2 कोच होंगे।

ट्रेन का समय: ट्रेन संख्या 04048 आनंद विहार से दोपहर 3.20 बजे चलेगी, गोविंदपुरी रात 10.15 बजे, प्रयागराज रात 1.15 बजे, वाया मिर्जापुर पं. दीन दयाल सुबह 4.20 बजे, आरा बक्सर सुबह 5.40 बजे, आरा सुबह 6.32 बजे, पाटलिपुत्र सुबह 7.45 बजे, हाजीपुर सुबह 8.30 बजे, सुबह 11 बजे बरौनी, 11.30 बजे बेगूसराय, खगड़िया दोपहर 12.10 बजे, मानसी दपहर 12.30 बजे, कटिहार अपराह्न 3 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 04047 कटिहार से सायं 6 बजे चलेगी, खगड़िया रात 8.30 बजे, बरौनी रात 9.40 बजे, हाजीपुर रात 00.05 बजे, बक्सर रात 2.55 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन भोर 4.50 बजे, प्रयागराज सुबह 8 बजे, गोविंदपुरी सुबह 10.45 बजे और आनंद विहार टर्मिनल सायं 5. 50 बजे पहुंचेगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत मनकीकलां वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक– 10/ पंचम वित्त/ पंद्रहवा वित्त 2024–2025 दिनांक–30/09/2024

निविदा सूचना

पंचम/पंद्रहवा वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मनकीकलां में अंबेडकर पार्क में इण्टरलॉकिंग खड़ंजा का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेंडर दिनांक 07/10/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 07/10/24 को अपराहन चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी/टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक/गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

क्र0सं0	सामग्री का विवरण	मात्रा
1	सीमेंट	16.00 Bags
2	लोकल बालू	00
3	सी0 सैण्ड	42.36 M3
4	40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड	07.03 M3
5	20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड	00
6	प्रथम श्रेणी ईंटा	00
7	सरिया	00
8	80 mm thick Interlocking Bircks	4215 नग
9	TT Cartge Aor BC soil etc	14.43 M3

प्रधान
ग्राम पंचायत मनकीकलां
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मनकीकलां
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

कार्यालय ग्राम पंचायत मनकीकलां वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक– 11/ पंचम वित्त/ पंद्रहवा वित्त 2024–2025 दिनांक–30/09/2024

निविदा सूचना

पंचम/ पंद्रहवा वित्त आयोग योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मनकीखुर्द में कम्पोजिट विद्यालय में टाइल्स लगाने का कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्ध टेंडर दिनांक 07/10/24 तक आवंटित किये जाते है। प्राप्त टेण्डर दिनांक 07/10/24 को अपराहन चार बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी/टेण्डर दाताओं को G.S.T नं0 अनिवार्य है आपूर्ति की गयी सामग्री में मानक/गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना/कारण बताये अद्योहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

क्र0सं0	सामग्री का विवरण	मात्रा
1	सीमेंट	17.00 Bags
2	लोकल बालू	00
3	सी0 सैण्ड	03.820 M3
4	40 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड	00
5	20 एम एम ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड	07.630 M3
6	प्रथम श्रेणी ईंटा	00
7	सरिया	00
8	Kajaria Kerro Brand Tiles	163.00 SQM
9	Photography Aor Site stationery	01 Job

प्रधान
ग्राम पंचायत मनकीकलां
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

सचिव/ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मनकीकलां
विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

किशोरी के अपहरण और रेप में आजीवन कारावास

जिले के दिबियापुर थाना क्षेत्र में दो साल पहले हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया
- अर्थदंड अदा नहीं करने पर एक साल अतिरिक्त सजा

अमृत विचार। दिबियापुर थाना क्षेत्र में करीब दो वर्ष पहले एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और फिर उसके साथ दुष्कर्म करने के के मामले में विशेष न्यायाधीश मनराज सिंह ने दोषी रोहित पाल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और उस पर एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर दुराचारी को एक साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा एवं विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) मृदुल मिश्रा ने बताया कि दिबियापुर थाने में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुराचार करने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। वादी ने तहरीर में बताया था कि 2 नवंबर 2022 की शाम 6 बजे उसकी 15 वर्षीया पुत्री को आरोपी बहला-फुसलाकर ले गया। हालांकि वादी ने जिस व्यक्ति को नामजद किया था, पुलिस ने विवेचना में उसकी नामजदगी गलत पाई थी और तफ्तीश में जनेतपुर गांव के रोहित पाल पुत्र अमर सिंह पाल को आरोपी बनाया था।

पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी करने के बाद रोहित पाल के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। यह मामला विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) मनराज सिंह की कोर्ट में चल चर रहा था। सोमवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना निर्णय सुनाया। विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने किशोरी के साथ घिनौना कृत्य करने के दोषी को कठोर दण्ड देने की मांग की, वहीं बचाव पक्ष की ओर से उसे निर्दोष बताया गया।

दोनों पक्षी को ओर से दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने दोषी रोहित पाल को सभी धाराओं में दण्डित किया। कोर्ट ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा के साथ ही एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर अभियुक्त को एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। अदालत से सजा सुनाए जाने के बाद रोहित पाल को इटावा जिला कारागार भेज दिया गया।

एक हफ्ते बाद भी लूट का नहीं हुआ खुलासा

अछल्दा। बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वें के सर्विस रोड गांव सुभानपुर के सामने बीते 22 सितंबर को मैनपुरी ससुराल से लौटते समय वाइक सवार दपंती को पल्सर सवार तीन बदमाशों ने तमंचा लगाकर नगदी, लाखों रुपए के जेवरात उतरवाकर, वाइक की चाबी नाला में फेंककर लुटेरे फरार हो गए थे। लूट का खुलासा के लिए दो टीमें पुलिस की जुटी है आठ दिन बीत जाने के बाद भी खुलासा नहीं हो सका।

गांव नगला कहारन निवासी अवनीश कुमार उर्फ सोनू पुत्र मनोज कुमार पत्नी रीतिका के साथ मैनपुरी शहर स्थित दीपक मील के पास ससुराल बाइक से वापस गांव चन्द्रपूरा जा रहा था। इसी बीच बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वें सर्विस रोड सुभानपुर गांव के सामने हनुमान मंदिर के निकट पीछे से बिना नंबर की काली पल्सर बाइक सवार तीन लुटेरो ने दंपति को बदमाशों ने तमंचा लगाकर वाइक को रुकवाते हुए रितिका के बैग से नगदी समेत लाखों के जेवरात, मोबाइल लूट लिए थे। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने एसओजी और सीओ को खुलासा के निर्देश दिए थे।

आठ माह से रसोइयों की सूनी पड़ी रसोई

संवाददाता, अजीतमल

- कम्पोजिट विद्यालय में नहीं बन रहा मध्यान भोजन
- सभासद ने उप जिलाधिकारी को दिया शिकायत पत्र

अमृत विचार। बाबरपुर के पटेल नगर के कंपोजिट विद्यालय में आठ महीने से बच्चों को मिड-डे मील नहीं मिल पा रहा है और न ही रसोइयों को मानदेय मिल रहा है। मोहल्ले के सभासद ने अन्य सभासदों के साथ उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जांच कराने और प्रधानाध्यापिका को दूसरे विद्यालय में संबद्ध किये जाने की मांग की है।

कंपोजिट विद्यालय में शशि राजपूत प्रधानाध्यापिका हैं। वर्ष 2021 से कंवर्जन कास्ट का करीब साढ़े तीन लाख रुपये पड़ा है। इस इलाके के सभासद गौरव पोरवाल के साथ प्रधानाध्यापिका शशि राजपूत का संयुक्त खाता है। सभासद ने आरोप लगाया कि उसके कार्य काल से पहले की करीब साढ़े तीन लाख रुपये की चेकों पर हस्ताक्षर किए जाने का दबाब बनाया जा रहा है और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है।

सभासद का कहना है कि आठ महीने से मिड-डे मील नहीं बन रहा है, जबकि कोटेदार के यहां से राशन उठाया जा रहा है। रजिस्टर पर छात्र संख्या गलत दर्शाई जा रही है। आखिर हर महीने आने वाला राशन कहां जा रहा है? इसकी जांच होनी चाहिए। सभासद ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानाध्यापिका के पति शिक्षक संघ के पदाधिकारी हैं, इसलिए जांच प्रभावित हो सकती है। इस नाते प्रधानाध्यापिका को दूसरे विद्यालय से संबद्ध किया जाए।

उप जिलाधिकारी अमित कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रार्थना पत्र मिला है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में प्रधानाध्यापिका शशि राजपूत ने कहा कि करीब तीन वर्षो से कनवर्जन कास्ट प्राप्त न होने से नौ महीनों से मध्याह्न भोजन बनना संभव नहीं हो पा रहा है। तब से कोई भी खाद्यान्न भी नहीं उठाया गया है।

पीस कमेटी की बैठक में शांति का दिया संदेश

संवाददाता, फफूंद

- आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील

अमृत विचार। आगामी त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। थानाध्यक्ष ने आने वाले त्योहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।

नवरात्रि और दशहरा को लेकर थानाध्यक्ष गंगादास गौतम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें नगर के संभ्रांत लोगों ने अपनी बात रखी। थानाध्यक्ष ने कहा कि कोई भी समस्या होने पर पुलिस को तुरंत अवगत कराएं। नगर की ऐतिहासिक रामलीला तीन अक्टूबर को शंकर बारात के साथ शुरू होगी, जिसको लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से पुख्ता इंतजाम किए हैं और नगर व आसपास क्षेत्र में होने वाली अन्य रामलीला तथा मेलों का होने वाले आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहेगी।वहीं थानाध्यक्ष ने अराजकतत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर किसी अराजकतत्व ने आगामी त्यौहारों पर किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी और कहा कि सभी लोग त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ के साथ मनाएं।

इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कृपा शंकर शुक्ला,मानवेन्द्र पोरवाल समाजसेवी इजहार अहमद, सभासद शब्बीर कुरैशी, गौरव राजपूत, अकील मेव, ओम बाबू तिवारी, प्रधान नरेंद्र मोहन, प्रधान राम कुमार,लक्ष्मन सिंह,गीता कुशवाहा, गौरव कुमार, बब्लू पांडेय, शानू खान आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

बाइकें भिडीं, डीसीएम ने युवक को रौंदा

संवाददाता, बिधूना/रुरुगंज

- अछल्दा-बिधूना मार्ग पर मकरा गांव के पास हुआ हादसा
- बाइकों में भिड़ंत के बाद युवक डीसीएम की चपेट में आया

घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

अमृत विचार। बिधूना कोतवाली क्षेत्र के अछल्दा-बिधूना मार्ग पर मकरा गांव के सामने रविवार शाम करीब पौने सात बजे दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। एक बाइक सावर युवक तेज रफ्तार डीसीएम की चपेट में आ गया। पिछले पहिया से कुचलकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

उदनकपुर गांव निवासी रमेश चंद्र का 20 वर्षीय पुत्र केशव चिरहैया गांव के पेट्रोल पंप से डीजल लेकर बाइक से घर वापस जा रहा था, तभी रास्ते में बिधूना की तरफ से आ रही बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों बाइकें टकराने के बाद अछल्दा की तरफ से आ रही डीसीएम में फंस गई। डीसीएम में बाइक फंसने से एक युवक की कुचलकर मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को डीसीएम के नीचे से निकाला। उसकी पहचान अछल्दा थाना क्षेत्र के तेजपुर अड्डा निवासी जितेंद्र कुमार (40) पुत्र रामकिशोर के रूप में हुई। इस बीच कई थानों का पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंच गया। परिजनों ने बताया कि जितेंद्र अपनी ससुराल रायपुर बिधूना से वापस लौट रहा था। उसके एक बेटा और एक बेटी है। हादसे में घायल केशव को बिधूना सीएचसी से सैफई आयुर्विज्ञान संस्थान रेफर कर दिया गया। डीसीएम सहित दोनों बाइकों को पुलिस कोतवाली ले गई। कोतवाल महेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। रात करीब साढ़े आठ बजे थाने पहुंचे परिजनों ने पुलिस पर सूचना न देने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

पुलिस ने बैकों में की छानबीन

अजीतमल। सोमवार को दो दिन की छुट्टी के बाद खुली बैंको में जमकर भीड़ देखने को मिली, जिसके चलते कोतवाली पुलिस ने टीम के साथ कस्बे की बैंकों में जाकर संदिग्ध लोगों से पूछताछ की और सक्रियता भी दिखाई।

सोमवार सुबह से ही कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह अपने हमराहियों और महिला पुलिस के साथ बाबरपुर कस्बे में स्थिति भारतीय स्टेट बैंक, अजीतमल के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया की दोनो शाखाओं, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, यूनीयन बैंक आदि पर पहुंचकर उपस्थित लोगों से पूछताछ करते हुए बैंक में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर नजर बनाए रखी। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने अजीतमल, बाबरपुर, अटसू आदि नगर के चौराहों पर लगाए गए कैमरों की दिशा एवं उनकी रेंज आदि का भी निरीक्षण किया। जिसकी दिशा सही नही दिखाई दी उसे फौरन अपने सामने सही कराया।



सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा का संदेश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। शैमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के 12 स्कूल में सोमवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत शपथ समारोह एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के साथ 'सड़क सुरक्षा के मौजूदा नियम अपर्याप्त हैं' विषय पर वाद- विवाद प्रतियोगिता करवाई गई।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों को सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता तथा हेलमेट के प्रयोग और उसके महत्व को भी बताया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और अपने अभिभावकों एवं आसपास के लोगों को जागरूक करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में विद्यालय के शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल सुनित चतुर्वेदी जी ने सड़क पर सुरक्षित चलने, बाइक चलाते वक्त हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा संबंधी सभी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

ट्रेन से टकराई बाइक, परखच्चे उड़े

संवाददाता, अछल्दा

- बाइक सवार दो युवकों को छूकर निकल गई मौत
- हादसे के बाद बाइक छोड़कर भाग निकले दोनों युवक

हादसे के बाद रेलवे ट्रैक से बाइक को हटवाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार। दिल्ली- हावड़ा रेल ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से बाइक के परखच्चे उड़ गए, जबकि बाइक सवार दोनों युवक बाल-बाल बच गए। ट्रेन के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। हादसे के बाद दोनों युवक बाइक छोड़कर भाग निकले।

सोमवार शाम को कानपुर की ओर से इंटरसिटी ट्रेन गुजरने का समय था। इसी बीच बिधूना की तरफ से आई बाइक नंबर यूपी-79 एबी 4341 पर सवार दो युवक क्रॉसिंग संख्या-13 बी पार करने लगे। इस बीच ट्रेन आ गई। बाइक का पिछला हिस्सा तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक पर सवार दोनों लोग बाल-बाल बच गए।

ट्रेन के लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी। हादसे का मंजर देखकर बाइक सवार दोनों युवक मौके से फरार हो गए। इस बीच सूचना पाकर मौके पर पहुंचे आरपीएफ के सिपाही राजेश कुमार ने क्षतिग्रस्त बाइक को रेलवे ट्रैक से हटाकर ट्रैक क्लियर किया। इसके बाद ट्रेन आगे रवाना हो गई। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर युवकों की तलाश कर रही है।

दिशा-निर्देश

अजीतमल के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में निपुण भारत मिशन की मासिक समीक्षा बैठक

बारीकी से लक्ष्य समझकर कार्ययोजना बनाएं : प्राचार्य

संवाददाता, अजीतमल

समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते एसआरजी सुनील दत्त राजपूत। अमृत विचार

अमृत विचार। सोमवार को अजीतमल डायट में निपुण भारत मिशन की मासिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उप शिक्षा निदेशक एवं डायट प्राचार्य गंगा सिंह राजपूत ने की। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार भी रहे। बैठक में राज्य संदर्भ समूह के सदस्य सुनील दत्त राजपूत, अलका यादव और जिले के सभी विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी व एआरपी मौजूद रहे।

बैठक में विभिन्न शैक्षिक योजनाओं पर चर्चा की गई, जिसमें इंस्पायर अवार्ड, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान, विज्ञान क्विज, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा और गणित एवं विज्ञान किट की सक्रियता शामिल थे। इसके साथ ही एआरपी द्वारा किए गए सुपरविजन की गुणवत्ता पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही मैथ व साइंस किट का विद्यालयों में प्रयोग, ब्लॉक स्तरीय निपुण ट्रेनिंग की समाप्ति की समीक्षा, आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका का प्रयोग व उपचारात्मक शिक्षण, सभी कक्षाओं में शिक्षण अधिगम सामग्री का उपयोग, समय सारिणी का अनुपालन, औसत छात्र उपस्थिति 75% से अधिक का लक्ष्य पर चर्चा की गई।

प्रभावी संकुल बैठक एवं गुणवत्तापूर्ण सहयोगात्मक पर्यवेक्षण, क्रियाशील पुस्तकालय, तालिका व ट्रैकर के माध्यम से बच्चों के अधिगम स्तर का आकलन, निपुण लक्ष्य ऐप पर समस्त छात्रों का आकलन के अतिरिक्त अक्टूबर में प्रस्तावित नेट परीक्षा व दिसंबर व फरवरी में निपुण असेसमेंट टेस्ट की तैयारी की समीक्षा तथा मध्यम व संघर्षशील विद्यालयों के लिए रणनीति की भी समीक्षा की गई। बैठक में डायट प्राचार्य जीएस राजपूत ने जनपद को निपुण बनाने के लिए सभी को अपने लक्ष्य याद रखने और उसी के अनुसार कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। बीएसए संजीव कुमार ने छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए सघन प्रयास करने के निर्देश दिए।

जिला समन्वयक प्रशिक्षण सौरभ गुप्ता ने बताया कि ए.आर.पी. और एसआरजी के मोबिलिटी भत्ते की विभागीय प्रक्रिया पूरी होते ही उनके खातों में राशि भेज दी जाएगी। सामुदायिक जिला समन्वयक प्रमोद कुमार विश्वकर्मा ने सूचित किया कि अक्टूबर माह के पहले सप्ताह में शारदा अभियान का प्रशिक्षण डाइट पर सभी ए.आर.पी. को दिया जाएगा।

बैठक का सफल संचालन डाइट प्रवक्ता डॉक्टर विजय कुमार राजपूत ने किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार, अजय विक्रम सिंह, उपेंद्र विश्वकर्मा, दाताराम, अलकेश सकलेचा, सभी ब्लॉक के एआरपी, डाइट मेंटर, एसआरजी मौजूद रहे।

हादसे में बाइक सवार घायल

अजीतमल। सोमवार को बाबरपुर-फफूंद मार्ग पर कुलुरूआ बंबा के आगे हनुमान मंदिर के पास बाइक सवार युवक अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया, जिसे एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी में भर्ती कराया गया।

बाइक से अंकुश पुत्र विनोद कुमार बाबरपुर जा रहा था। जैसे ही वह कुलुरुआ बंबा के पास हनुमान मंदिर के समीप पहुंचा, किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। घायलावस्था में उसे एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक अन्य सड़क दुर्घटना में सुनीता पोरवाल पत्नी प्रदीप पोरवाल घायल हो गई।

सार-संक्षेप

अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव को प्रशस्ति पत्र देते सीएमओ डॉ सुनील कुमार वर्मा।

डॉक्टरों को प्रशस्ति पत्र के साथ किया गया सम्मानित

औरैया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान पखवाड़ा में जनपद स्तरीय गतिविधियों में सूचीबद्ध चिकित्सालयों (निजी एवं शासकीय) में किए गए उपचार के आधार पर सीएमओ ने डॉक्टरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। चयनित चिकित्सालयों में जिला चिकित्सालय औरैया, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दिबियापुर, अछल्दा, सहार, अजीतमल के साथ गुलाब सिंह सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शामिल थे। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत डॉ. शिशिर पुरी, जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. अशोक कुमार, महिला चिकित्सालय की सीएमएस डॉ. मंजू सचान, चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी अछल्दा डॉ.जितेंद्र यादव, चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी दिबियापुर डॉ. विजय आनंद, चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी सहार डॉ. जितेंद्र, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर ज्योतीन्द्र कुमार मिश्र, जिला सूचना प्रबंधक दिलीप कुमार, जिला शिकायत प्रबंधक जिला क्रियान्वयन इकाई आयुष्मान भारत विपिन कुमार एवं रंजीत प्रताप सिंह प्रबंधक गुलाब सिंह सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल औरैया मौजूद रहे।

अतिथियों को सम्मानित करते संयोजक।

भागवत कथा के साथ समाजसेवियों का सम्मान

बिधूना। कस्बे के सुखचैनपुर वार्ड में समाज सेवा समिति की ओर से आयोजित तृतीय श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान यज्ञ में रविवार को गोवर्धन पूजा की कथा सुन श्रोता भावविभोर हो गए। महिलाओं ने प्रतीकात्मक रूप से बनाए गए गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की। आचार्य अविचल महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को ऊंगली पर धारण कर जहां प्रजा की रक्षा की, वहीं इंद्र के घमंड को चूर किया। आरती के बाद मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मिथलेश यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामनरेश यादव, ध्रुव यादव उर्फ चीनी ब्लाक प्रमुख ताखा, रामपाल सिंह यादव पूर्व प्रधान अभिषेक मिश्रा डीजीसी, अनिल त्रिपाठी प्रधानाचार्य आदि अतिथियों का समाज सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र अग्निहोत्री एवं अजय अग्निहोत्री ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। यह महोत्सव 1 अक्टूबर तक चलेगा। 2 अक्टूबर को भंडारे के बाद महोत्सव का विसर्जन किया जाएगा। कथावाचक आचार्य पंडित अविचल महाराज एवं राम कथा वाचक आचार्य पंडित गोपाल जी महाराज के द्वारा सुनाए गए प्रवचन सुनकर श्रोता जहां भावविभोर हो गए और झूमने पर विवश हो गए। इस अवसर पर गोवर्धन कथा के दौरान हल्की बूंदाबांदी से नजारा संजीव हो गया।

बीएचयू में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित होते प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को किया गया सम्मानित

औरैया। चिचौली मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार को बीएचयू के 41वें यूपी आईकोन सम्मान समारोह में लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया है। शनिवार को बीएचयू में आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य को यह सम्मान दिया गया। शनिवार को वाराणसी स्थित बीएचयू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) में यूपी आइकॉन 2024 को लेकर 41 वां सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें बेहतर कार्य पर प्रदेश के डॉक्टरों को आमंत्रित किया गया। इस कड़ी में चिचौली मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र लाइफटाइम कुमार को एचीवमेंट अवार्ड यूपी आईकोन से सम्मानित किया गया। उनके ईएनटी सर्जन के तौर पर अभी तक के कार्यकाल के दौरान दी गई सेवाओं व विभिन्न पदों पर रहते हुए किए गए कार्यों के आधार पर यह सम्मान मिला।

गालीगलौज करने पर मुकदमा

अछल्दा। थाना क्षेत्र की एक युवती ने कुछ लोगों पर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। चिमकुनी गांव की इस युवती का आरोप है कि 13 अगस्त की रात्रि करीब 10 बजे वह घर पर थी, तभी गांव के अजय कुमार, उसके भाई सोनू, मोनू और बबलू आए और अपनी पुत्री मोंटी को गुडगांव से बुलाने का उलाहना देने लगे। धमकियां भी दीं। इसी बात को लेकर रविवार रात 10 बजे फिर दरवाजे पर आए और गालीगलौज करने लगे।

समाजसेवी के निधन पर जताया शोक

बिधूना। कस्बे के किशोर गंज निवासी समाजसेवी एवं पूर्व वेटनरी फार्मासिस्ट डाक्टर हर प्रसाद गुप्ता का 93 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया। सोमवार को शोकाकुल माहौल में उनका अरिंद नदी के भैरों घाट पर दाह-संस्कार कर दिया गया है। उनके निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता एल एस पूर्व विधायक, रेखा वर्मा विधायक, आदर्श मिश्रा चेयरमैन, अमित बाथम पूर्व चेयरमैन, अमित मिश्रा, प्रतिमा लक्ष्मी जादौन, सत्येन्द्र सिंह गौर महेश पाल, डाक्टर शिवकुमार दुबे, प्रवीण चौहान,उदय प्रताप सिंह कुशवाह सत्येन्द्र सिंह राजावत आदि ने शोक संवेदना प्रकट की है।

छात्राओं को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

जिला अस्पताल में छात्राओं को प्रशिक्षण

ककोर। जिले में माई इंडिया के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में चिचौली के सौ शैय्या अस्पताल में अनुभव आत्मक सेवा भाव प्रशिक्षण कार्यक्रम पंजीकृत 10 छात्राओं का प्रारंभ हुआ। चिचौली अस्पताल के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के प्रिंसिपल धर्मेंद्र गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को किट वितरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा नेहरू युवा केंद्र के अधीन कार्यकर्ता पंजीकृत हुए हैं। वह सेवा भाव से अस्पताल में प्रशिक्षण के दौरान अपनी सेवाएं व्यवस्थित उपस्तिथि दे। जिससे आने वाले अन्य प्रतिभागी भी इसका मार्गदर्शन ले सकें। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर अशोक कुमार ने कहा शिक्षा व विद्या है, जो जीवन पर्यंत सीखी जाती है और जितना भी सीखो वह कम है। कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी अनवर वारसी ने कहा भारत सरकार से अनुमोदन मिलने के बाद इन प्रतिभागियों को अस्पताल में प्रशिक्षण के लिए सीएमओ की स्वीकृति से भेजा गया है।लगातार अनुपस्थित रहने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। इसलिए प्रतिभागी पूर्ण निष्ठा से प्रशिक्षण में समय से उपस्थित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉक्टर अवनीश जिला कोऑर्डिनेटर आयुष्मान डॉक्टर संदीप,डॉक्टर सुनील पाल,राम जी को बैज लगाकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले प्रमुख रूप से प्रतिभागी प्रगति प्रिशु खुशी दीक्षा सोनाक्षी नेहा लक्ष्मी राखी प्रियंका अनामिका ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय राजपूत योगाचार्य ने किया।

अज्ञः सुखमाराध्यः सुखतरमाराध्यते विशेषज्ञः।
ज्ञानलवदुर्विदग्धं ब्रह्माऽपि नरं न रञ्जयति।।

अज्ञानी व्यक्ति सरलता से प्रसन्न हो जाता है, विद्वान व्यक्ति और भी सरलता से प्रसन्न हो जाता है, किंतु अल्प ज्ञान से उन्मत बने हुए व्यक्ति को ब्रह्मा भी प्रसन्न नहीं कर सकते।

संपादकीय

रक्षा निर्यात में बढ़त की ओर

भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही सात ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रमुख रक्षा आपूर्तिकर्ता बनने के लक्ष्य के चलते भारत के रक्षा निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और यह वैश्विक स्तर पर बढ़त की ओर है। भारत अब शीर्ष 25 आयुध निर्यातक देशों में शामिल है, जो लगभग 85 देशों को रक्षा उत्पाद आपूर्ति करता है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 32.5 प्रतिशत ज्यादा है। भारत का रक्षा निर्यात बढ़ने के कारणों में वैश्विक संघर्ष जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष भी शामिल है। भारत की एक अग्रणी रक्षा आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरने की महत्वाकांक्षा निर्णायक कार्रवाई और रणनीतिक फोकस की मांग करती है। इसलिए भारत ने रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। देश में उन्नत स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का विकास हो रहा है, जो वैश्विक बाजार में आकर्षक हैं। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन इस प्रयास में सबसे आगे रहा है। विश्व स्तरीय रक्षा उत्पादक के रूप में स्थिति को मज़बूत करने के लिए, भारत को सैन्य-श्रेणी के यूएवी, उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली और अत्याधुनिक साइबर रक्षा तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपनी उत्पादन क्षमताओं का विस्तार करना चाहिए। इसके अलावा अपने उत्पादन पोर्टफोलियो में उन्नत समुद्री टोही विमान, पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली और व्यापक निगरानी बुनियादी ढांचे को एकीकृत करना आवश्यक है। भारत ने 53 से अधिक देशों के साथ रक्षा सहयोग समझौते किए हैं, जिससे भारतीय रक्षा उत्पादों के लिए नए बाज़ार खुल रहे हैं। इस बीच भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस और इजराइल सहित प्रमुख वैश्विक शक्तियों के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को मजबूत किया है।

इन रणनीतिक गठबंधनों से न केवल भारत की वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थिति मजबूत होगी, बल्कि वैश्विक रक्षा बाजार में उसे एक स्थायी प्रतिस्पर्धी बढ़त भी मिलेगी। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत को अपनी निर्यात क्षमताओं को बढ़ाना होगा, प्रमुख बाजारों को लक्षित करना होगा और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ तालमेल बिठाना होगा। वैश्विक आयुध बाजार में प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए भारत को विशेष रूप से रक्षा निर्यात के लिए एक व्यापक निर्यात वित्तपोषण प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है। भारत के रक्षा निर्यात में निजी क्षेत्र का 60 प्रतिशत और डीपीएसयू का 40 प्रतिशत योगदान है। इसलिए सफलता एक स्थायी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने पर निर्भर करेगी जो ठोस परिणाम उत्पन्न करे। भारत-इजरायल के सफल समयोजन कार्यक्रम से प्रेरणा ले सकता है, जिसने इसके रक्षा औद्योगिक आधार और निर्यात क्षमताओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

रेवड़ी- संस्कृतिः जरा संभल के



प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है।

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं, परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए, रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं।

भारत की दलगत राजनीतिक व्यवस्था में धर्म, जाति व पंथ की भूमिका हमेशा से रही है और संभवतः भविष्य में भी रहेगी। संख्याबल, धनबल, बाहुबल का अपना अलग ही स्थान है। विशुद्ध वैचारिक, आस्थावादी राजनीति अब दूर की कौड़ी है, जिसका प्रमाण आए दिन होने वाला दलबदल है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसा लग रहा है कि राजनीतिक पार्टियों को अपने "सरवाइवल" के लिए अब किसी अन्य हथियार की आवश्यकता है और आम भाषा में इस हथियार को हम चुनावी रेवड़ियां कहे सकते हैं।

समय के साथ-साथ जनता भी इन रेवड़ियों (कुछ लोग इसे मुफ्तखोरी की संज्ञा भी देते हैं) की इतनी आदी हो गई है कि सभी राजनीतिक दल इस 'विधा' को 'संकल्प-पत्र' की तरह अपनाते जा रहे हैं और यह किसी एक राज्य में नहीं, बल्कि पूरे देश में कारगर भी सिद्ध हो रहा है। मजे की बात यह है कि इन रेवड़ियों की मिठास भी चुनाव दर चुनाव बढ़ती जा रही है। अब सिर्फ साड़ी, सैंडल, मंगलसूत्र या श्रृंगार के सामान से काम नहीं चलता और न ही स्कूटी, साइकिल, टीवी या लैपटॉप से। अब तो जनता को मुफ्त बिजली-पानी, मुफ्त यातायात, अलग-अलग तरह की पेंशन, अनुदान, ब्याज-मुक्त लोन, सब्सिडी, मुफ्त आवास इत्यादि की आदत सी पड़ गई है। हाल में एक प्रदेश में बात मुफ्त आवासीय प्लॉटो तक पहुंच गई। इन मुफ्त की रेवड़ियों का आकर्षण अब जनता के लिए अधिकार समान है और राजनीतिक दलों के लिए चुनावी रेस जीतने का जरिया। शब्द कठोर है पर कहना गलत न होगा कि जनता के मुंह मुफ्तखोरी का खून लग चुका है और अब "वर्क एंड अर्न" वाली संस्कृति जनता के उस वर्ग में खत्म होती जा रही है, जो इन मुफ्त रेवड़ियों के असली लाभार्थी है।

यदि हम शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य मूलभूत सुविधाओं को छोड़ भी दें, क्योंकि यह उपलब्ध कराना सरकारों का नैतिक दायित्व है तो भी इन चुनावी रेवड़ियों का वित्तीय बोझ देश की आर्थिक रीढ़ को कमजोर करने के लिए पर्याप्त है। इस बात से किसी भी दल को सरोकार नहीं कि देश के टैक्स पेयर का पैसा देश के संस्थागत ढांचे के लिए ही उपयोग होना चाहिए, न कि किसी राजनैतिक दल या कुनबे की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए। बिना भेदभाव के जनता की वाजिब आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी तो है, परंतु मनमाने ढंग से टैक्स पेयर के पैसे का असंवैधानिक या असंस्थागत तरीके से व्यय तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता। ऐसे तौर तरीकों से न सिर्फ अकर्मण्यता को बढ़ावा मिलता है, बल्कि संस्थागत आर्थिक ढांचा कमजोर भी होता है, जिसके दुष्परिणाम हमें या हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतने ही होंगे। वोट की राजनीति के चलते "अतिशय कल्याणवाद" को आधार बनाना वास्तविकता में वंचितों की भावनाओं से खिलवाड़ करने जैसा है।

राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विरोधियों को पीछे छोड़ने की होड़ में हम लोक-लुभावन घोषणाएं तो कर देते हैं, परंतु यह भूल जाते हैं कि यह आर्थिक तुष्टीकरण हमें कहीं आर्थिक इमरजेंसी या दिवालियापन की ओर तो नहीं ले जा रहा है। हमें वेनेजुएला, अर्जेंटीना, ब्राजील या श्रीलंका की स्थितियों को नहीं भूलना चाहिए और न ही देश के अंदर हिमाचल प्रदेश के हालातों को नजरअंदाज करना चाहिए, जहां विकास कार्य तो छोड़िए, रोजमर्रा के सरकारी खर्च के लिए, कर्मचारियों को वेतन देने तक के पैसे नहीं हैं। अब हरियाणा भी हिमाचल की राह पर चलता दिख रहा है। पूरे राजनीतिक तंत्र को स्मरण रखना होगा कि सामाजिक न्याय या उत्थान मुफ्त की रेवड़ियों से न होकर संस्थागत-बुनियादी ढांचे, दूरगामी परियोजनाओं, उच्च तकनीकी शिक्षा, रिसर्च एंड स्किल डेवलपमेंट व व्यावहारिक आर्थिक प्रबंधन से होता है। यदि हम इस वास्तविकता को नजरअंदाज करते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब मूलभूत विकास के कार्य सुस्त पड़ जाएंगे, सरकारी खजाना खाली होगा, योजनाएं समय से पूरी न हो सकेंगी और फिर जनता का आक्रोश बढ़ेगा। उस स्थिति में चुनावी रेवड़ियों बांटने का उद्देश्य भी अधूरा रह जाएगा। अतः यह आवश्यक है कि वंचितों के नाम पर टैक्सपेयर का शोषण बंद हो। शुक्र है कि मुफ्त चुनावी रेवड़ियों के विरोध में कुछ प्रशासनिक और विधिक संस्थाओं के स्वर उभरने लगे हैं।

कुछ बुनियादी संस्थागत सुविधाओं को छोड़कर भारत का टैक्स पेयर अब किसी भी अनर्गल चुनावी घोषणा का व्यय उठाने के मूड में नहीं है, क्योंकि इस प्रकार की घोषणाओं से कोई भी स्थाई रूप से सक्षम नहीं हो सकता। अब थोड़ी सी बात शुद्ध आर्थिक परिप्रेक्ष्य में भी कर लेते हैं। हमारा सपना 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पांच ट्रिलियन डॉलर) बनने का है, जिसके लिए हम प्रयत्नशील भी हैं। युवा आबादी, आर्थिक और राजनैतिक स्थायित्व, जीवंत लोकतंत्र, भारत की वैश्विक छवि, हमारी तकनीकी क्षमताएं और निवेश का सही वातावरण हमारे पक्ष में हैं। यदि कुछ पक्ष में नहीं है तो वह समग्रता में भारत का आर्थिक प्रबंधन। विदेशी कर्ज का बोझ, (670 बिलिन डॉलर), आयात-निर्यात का अंतर / राजकोषीय घाटा, अपेक्षा से कम जीडीपी ग्रोथ (6.8 प्रतिशत) व ऊर्जा क्षेत्र में अस्थिरता आदि हमारी कमजोरियां हैं। यदि पूरे देश में सभी दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों का आर्थिक संकलन किया जाए तो इसका गहरा असर न सिर्फ सरकारी खजाने पर होगा, बल्कि अन्य वित्तीय संस्थानों को भी भारी घाटा झेलना होगा।

हम आवश्यक नियोजित व्यय जैसे कि वेतन आदि को तो कम नहीं कर सकते, परंतु धन की कमी स्वाभाविक रूप से विकास कार्यों की गति को धीमा कर सकती है। ऐसी स्थिति में सरकारें अधिक कर्ज लेंगी, हर वस्तु के दाम बढ़ेंगे, सुविधाएं महंगी होंगी, प्रोजेक्ट्स अधूरे रहेंगे, योजनाएं समय से पूरी नहीं होंगी, जिससे जनता में असंतोष बढ़ेगा। आज जो धन हमारी राजनीतिक पार्टियां और सरकारें चुनावों में जीत के लिए बांट रही हैं। यदि यही धन देश की दूरगामी प्रगतिशील योजनाओं में लगा दिया जाए तो यह एक वरदान सिद्ध हो सकता है। 'मेक इन इंडिया' ऐसी ही एक योजना है। इसके अतिरिक्त उच्च तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ, स्पेस व एड्वान्स टेक्नॉलजी आदि के क्षेत्र में कई ऐसे प्रोजेक्ट है, जिनमें धन की अधिक आवश्यकता है और यदि "फ्री-वीज" के रूप में बांटे जाने वाला यह पैसा डाइवर्ट कर दिया जाए तो संबंधित योजनाएं अधिक गतिशील होकर हमारी वर्तमान आर्थिक कमजोरियां को दूर कर सकती हैं। वर्तमान सरकार की एक साथ चुनाव कराने की मंशा भी स्वागत योग्य है, जिससे न सिर्फ सरकारी खर्च बचेगा, बल्कि किसी हद तक चुनावी वायदों पर रोक लगेगी। समय है कि हम अपनी राजनीतिक सोच व आर्थिक व्यवस्थाओं में परिवर्तन लाएं और मुफ्तखोरी के व्यसन से बाहर निकलें, यह आदत आर्थिक दुर्बलता के साथ-साथ नकारात्मक प्रवृत्ति को भी जन्म दे रही है।

प्रसंगवश

लोकतंत्र का मंगलाचरण

यह बात ध्यान देने की है कि संसार में फोकलोर और लोकतंत्र के विचार का जन्म एक साथ ही हुआ था और उसकी पृष्ठभूमि में थी फ्रांस की राज्यक्रांति (1789 से 1799)। यही वह समय था, जब रोटी मांग रही भीड़ के प्रति फ्रांस की साम्राज्ञी, 'मेरी आन्तोन' ने कहा था कि - रोटी नहीं है तो ये लोग केक क्यों नहीं खा लेते?

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

फ्रांस के अयोग्य शासक, सामंतों और कुलीन वर्ग को प्राप्त विशेषाधिकारों के प्रति लोगों में आक्रोश था और मध्यम वर्ग में मॉन्टेस्क्यू, वाल्टेयर और रूसो के विचारों से बौद्धिक जागरण हो रहा था। मॉन्टेस्क्यू फ्रांस का एक राजनैतिक विचारक और न्यायविद था। 1748 ई. में उसने कानून की आत्मा नामक पुस्तक का प्रकाशन किया। इसमें उसने फ्रांस के राजाओं के दैवी अधिकार के सिद्धांत की कटु आलोचना की। उसने वैधानिक शासन, शक्ति-पार्थक्य के सिद्धांत तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रतिपादन किया। उसका विचार था कि निरंकुश शासन को समाप्त करने के लिए शासन के तीनों अंगों कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका के क्षेत्रों को पृथक-पृथक करना आवश्यक है। वॉल्टेयर की रचनाओं से फ्रांस में राज्य क्रांति का जन्म हुआ माना जाता है। उस समय देश में धर्म के नाम पर पादरियों की मनमानी चल रही थी। वॉल्टेयर ने इन लोगों के खिलाफ खुलकर कलम चलाई। वॉल्टेयर को जेल जाना पड़ा। जब उसे शासक के सामने लाया गया, तब उसने शासन को उसकी जिम्मेदारी का अहसास दिलाया। तब शासक ने कहा कि सच्चा लेखक वही है, जो शासक के मुंह पर भी सच बोलने से न डरे।'

रूसो महान दार्शनिक था। उसने बतलाया कि गरीबी पूर्वजन्म के कर्मों का फल नहीं है। रूसो के अनुसार राज्य की सामूहिक चेतना ही व्यक्ति की नैतिकता और स्वतंत्रता का स्रोत है। रूसो के विचारों ने फ्रांस की राज्यक्रांति की पृष्ठभूमि तैयार किया। उसका विश्वास था कि सर्वोपरि सत्ता जनता के हाथ में होनी चाहिए फ्रांसीसी क्रांति ने लोकतंत्र के विचार को बढ़ावा दिया। यह सिद्धांत प्रतिष्ठित हुआ कि राष्ट्र सामंत से नहीं बनता, जन साधारण या लोक से बनता है।

श्रीलंका में राजनीतिक बदलाव से चिंताएं

प्रियंका सौरभ
स्तंभकार, हिसार

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए।

श्रीलंका में हालिया राजनीतिक बदलावों का भारत पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा पर असर पड़ेगा। चूंकि भारत एक प्रमुख क्षेत्रीय शक्ति है, इसलिए उसे इन उभरती गतिशीलता के अनुकूल होने एवं अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अपनी राजनयिक रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए।

इससे पहले, कोलंबो में दक्षिणपंथी सरकारों ने बुनियादी ढांचे में पर्याप्त निवेश के बदले में चीन की ओर झुकाव की कोशिशें की। ये उनके लिए गले की फांस बन गईं। इनमें से अधिकांश कर्ज के जाल में फंस गए। नतीजा श्रीलंका के लिए विनाशकारी था और इस प्रक्रिया ने भारत के सुरक्षा हितों को गंभीर रूप से खतरे में डाल दिया। अब सवाल और भी गंभीर हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि एक मार्क्सवादी समर्थक पार्टी श्रीलंका की सत्ता में काबिज है। ऐसे में भारत को सतर्क रहना चाहिए और इस बढ़ते चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए क्षेत्र में अपनी रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। साथ ही यह भी देखना चाहिए कि जेवीपी (जनता विक्मुथी पेरामुना) श्रीलंका में किस तरह का शासन और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन लाएगा।

नेशनल पीपुल्स पावर का उदय आईएमएफ के चल रहे बेलआउट कार्यक्रमों और श्रीलंका में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय निवेशों को खतरे में डाल सकता है, जिससे क्षेत्र में अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है। आज दिसानायके के नेतृत्व में जेवीपी का पुनरुत्थान महज एक राजनीतिक जीत नहीं है, यह उस अंधराष्ट्रवादी चरित्र की वापसी का संकेत है, जिसने कभी श्रीलंका की एकता को खतरा पैदा किया था। जेवीपी के उदय का सबसे चिंताजनक पहलू चीन की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के साथ इसका संभावित तालमेल है। श्रीलंका लंबे समय से चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' रणनीति का हिस्सा रहा है। चीन समर्थित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और राजनीतिक साझेदारियों की एक श्रृंखला, जिसका उद्देश्य भारत को घेरना और हिंद महासागर में अपने समुद्री प्रभुत्व को सुरक्षित करना है। श्रीलंका में आंतरिक राजनीतिक परिवर्तनों के कारण उत्पन्न अस्थिरता फैल सकती है, जिससे भारत के लिए महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों सहित क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

यदि श्रीलंका को राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ता है तो इससे हिंद महासागर में सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है, जो भारत के व्यापार एवं रणनीतिक हितों के लिए महत्वपूर्ण है। दिसानायके की नीतियां श्रीलंकाई तमिल समुदाय एवं उनके अधिकारों की वकालत करने में भारत की भूमिका को प्रभावित कर सकती है, जिससे तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो सकती है। तमिल अधिकारों पर कोई भी वापसी और जातीय कट्टरता की वापसी भारतीय नीति निर्माताओं को अच्छी नहीं लगेगी। ऐसा परिदृश्य भारत और श्रीलंका के बीच, विशेष रूप से दक्षिणी राज्यों में तनाव को बढ़ा सकता है। मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में चीन के बढ़ते प्रभाव के कारण इस क्षेत्र में भारत की स्थिति पहले ही कमजोर हो चुकी है। हिंद महासागर में चीनी शक्ति का प्रतिकार करने के भारत के प्रयासों में श्रीलंका एक महत्वपूर्ण चौकी रहा है। जेवीपी की जीत और चीन की ओर उसका संभावित झुकाव इन प्रयासों को गंभीर रूप से कमजोर कर देगा, जिससे भूटान दक्षिण एशिया के उन कुछ बचे हुए देशों में से एक रह जाएगा, जहां भारत अभी भी चीन पर रणनीतिक बढ़त रखता है।

भारत को श्रीलंका के प्रति अपने कूटनीतिक दृष्टिकोण में सक्रिय कदम उठाने चाहिए। साथ ही श्रीलंका की अर्थव्यवस्था का समर्थन जारी रखना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि बुनियादी ढांचे के विकास जैसी परियोजनाओं से दोनों देशों को लाभ होगा एवं क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत श्रीलंकाई युवाओं के लिए छात्र छात्रवृत्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बढ़ा सकता है, जिससे युवा पीढ़ी के साथ मजबूत संबंध बन सकते हैं।

भारत को श्रीलंका में चीनी निवेशों पर बारीकी से नज़र रखनी चाहिए एवं उन्हें रणनीतिक भारतीय निवेशों के साथ संतुलित करना चाहिए। बंदरगाहों एवं हवाई अड्डों जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में भारतीय निवेश बढ़ाने से यह सुनिश्चित होगा कि भारत अपना प्रभाव बनाए रखेगा। क्षेत्रीय स्थिरता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को एक बहुआयामी राजनयिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जो आर्थिक सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा तथा सांस्कृतिक जुड़ाव को प्राथमिकता दे। इन पहलुओं पर सक्रिय रूप से ध्यान देकर, भारत बढ़ते बाह्य दबावों के समक्ष अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए श्रीलंका में अपना प्रभाव मजबूत कर सकता है।

सोशल फोरम

डर और लिहाज में अंतर

लोग डर और लिहाज में अंतर नहीं समझते। कितनी ही बार वह लिहाज को डर का नाम दे देते हैं। डर इस दुनिया की हर शै में है, जबकि लिहाज सिर्फ इंसान में मिलता है। इसलिए बहुत बार इंसान ही, जिसने कभी लिहाज समझा ही न हो, उसे यह डर जैसा ही लगेगा।

हफीज किदवई
लेखक

मेरे वालिद और उनके भाई, यानी मेरे चचाजान वगैरह। जब कभी हम दोस्तों के साथ तफरीह करने निकलते, तो हम कहते यार उधर नहीं जाएंगे। उधर चचाजान बैठे होंगे। दोस्त कहते कि चचाजान से इतना डरते हो और हम चुप हो जाते। कैसे बताते यह डर नही है, यह लिहाज है, जो हमें एक तहजीब के साथ मिला है। चचाजान ने तो कभी ऊंची आवाज में बात तक नहीं की, तो डर क्यों होगा? और हम भी क्या गलत करने निकल रहे हैं, जो डर लगेगा। आज भी यह होता है कि बहुत से लोगों की बातें नागवार गुजरती हैं, मगर एक तहजीब है, जो कहती है कि लिहाज का दामन मत छोड़ो। कुछ लोग कहते हैं कि हम डर गए। वह यह नहीं जानते कि जिन आंखों में तहजीब बैठती है, वह आंखें बड़ी निडर होती हैं। डरते तो हम दुनिया में किसी से नहीं है, मगर अपनी तहजीब की बड़ी इज्जत करते हैं। यह हमारी रिवायत है कि तहजीब को न छोड़े।

मेरी नानी अम्मी कहती थीं कि बड़ों को गलती करने पर यह मत कहो कि आप गलत हैं या आप झूठे हैं। उनसे कहो कि ठीक है, मगर यह बात सही है। उन्हें करेक्ट तो करो, मगर लिहाज से, तब कम समझ आता था। अब सब समझ आता है। कहते हैं कि बढ़ता वक्त तजुर्बे को पैदा करता है और तजुर्बा दो चीजों में फर्क को साफ और सही देखने की कुव्वत देता है। अब समझ आता है कि डर और लिहाज में कितना बड़ा अंतर है। हम तो अपने दुश्मन का भी लिहाज करते हैं, मगर उसे पता है कि इन आंखों में उसके लिए खौफ कभी पैदा नहीं हो सकता है। इतना ही कहना है कि लिहाज और डर में अंतर सीखिए। लिहाज़ कीजिए और निडर बनिए...

-फेसबुक वॉल से

नदियों को लीलता विकास



डॉ. उदयराज मिश्र
अंबेडकर नगर

वस्तुतः बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानवजन्य भी होती जा रही है।

नदियां किसी भी राष्ट्र की धमनियां होती हैं, जिनसे जलराशि का निरंतर प्रवाह कृषि क्षेत्र के साथ-साथ भूगर्भ के जल स्तर को भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। प्राचीन काल में परिवहन के सर्वाधिक सुगम साधन होने के कारण जहां सभी प्रमुख सभ्यताओं के उदय इन्हीं नदियों के किनारे हुआ वहीं व्यापारिक दृष्टिकोण से प्राचीन काल से अब तक नगरों का विकास भी नदियों के दहाने पर ही हुआ है, जिसकी गवाही आज भी भारत ही नहीं अपितु विश्व के सभी नगर स्वयं ही हैं।

यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि मानवता को पालने-पोसने से लेकर उसके संवर्धन तक में नदियों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है, जिनके बगैर समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना और मानवता का अस्तित्व संभव ही नहीं है। यही नदियां ही स्वयं के अस्तित्व को लेकर संकट में हों तो मानवता कैसे प्रमुदित तथा प्रफुल्लित रह सकती है, यह विचारणीय प्रश्न है। आखिर बाढ़ की विभीषिका से जूझते नगर, कस्बों और गांवों की दुर्दशा के वास्तविक कारण क्या हैं? वस्तुतः हमारे देश में प्राचीन काल से ही नदियों को देवी स्वरूपा मानते हुए उनकी रक्षा करने का विधान है, लेकिन आज के विलासितापूर्ण जीवन जीने वाले विस्तारवादी मानव ने जहां अपने संस्कारों को तिलांजलि देकर महज अपनी इच्छाओं की पूर्ति तक स्वयं को सीमित कर लिया है। वहीं उसे अपने भी अस्तित्व के साथ-साथ नदियों के भी सहअस्तित्व का लेशमात्र ध्यान नहीं रहा है। यही कारण है कि विकास के थोथे दंभ के चलते मनमाने खनन, अवैध निर्माण और नदियों के किनारों तक बहुमंजिली इमारतों का निर्माण करते हुए नदियों के सतत प्रवाहन के मार्ग को भी परिवर्तित करने के साथ-साथ अवरुद्ध तक करने का कुत्सित प्रयास जारी है। यही कारण है कि पौराणिक काल में बहने वाली अनेक नदियों का नामोनिशान तक मिट चुका है या फिर पुस्तकों में छपकर रह गया है।

हालात यह हैं कि अब बाढ़ जैसी विभीषिका कछारों को छोड़ नगरों और कस्बों तक आने लगी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गत वर्ष लाल किले तक यमुना का जलप्रलय कदाचित आधुनिकता की अंधी दौड़ में पगलाए इंसानों की लिप्सा का ही प्रतिफल रहा, जिसके चलते महीनों तक दिल्ली हकलान रही और हालात बद से बदतर हो गए थे। कमोवेश ऐसे ही हालात हिमाचल, उत्तराखंड और बिहार में भी दृष्टिगोचर होते रहते हैं, जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। महज एक दिन की भारी बरसात में विकास की पोल खोलती नदियों का जलस्तर आज विस्तारवादी मनुष्यों को उनकी करनी का दंड दे रहा है, जिसके साथ निरीह आम जनता भी दंड पा रही है। कदाचित प्रकृति का यह दंड नदियों के अस्तित्व के दृष्टिकोण से उचित भी है और स्वागत योग्य भी है। आखिर खनन माफियाओं, अवैध भवन निर्माताओं और राजमार्गों का निर्माण करने वाली कंपनियों की आंख भी खोलनी आवश्यक थी। जिन पर शासन और प्रशासन की कृपादृष्टि के चलते नदियां स्वयं पथहीन हो आज अस्तित्व तलाशने को विवश हैं।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में आजमगढ़, अंबेडकर नगर, बलिया, गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, सुल्तानपुर, मऊ, गाजीपुर आदि ऐसे शहर हैं, जहां छोटी-मोटी नदियों की तली तक बने मकान इस नदियों के मार्ग अवरुद्ध करते हैं। यही कारण है कि वर्ष 2021 में आजमगढ़ में भंवरनाथ से लेकर हरवंशपुर, पल्हनी, कोलघाट आदि क्षेत्रों में व्यापक तबाही देखी गई थी। यहां पर नदी क्षेत्र में बने मकान इस बात की गवाही देते हैं कि नदी तो अपने मार्ग पर है, किंतु ये मकान ही अवैध हैं, जिनका कि डूबना और गिर जाना ही श्रेयस्कर है। कदाचित यही हालत अंबेडकर नगर के अकबरपुर की भी है। यहां तमसा जैसी पौराणिक काल की नदी का अतिक्रमण का शिकार है। भूमाफियाओं ने नदी की तलहटी तक जमीनों का सौदा करते हुए बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर दी हैं, जिससे नदी का प्रवाह अवरुद्ध होने से पानी बाढ़ के रूप में नगर की सड़कों पर पिछले वर्ष महीनों तक बहता रहा था।

वस्तुतः बाढ़ की विभीषिका एक नैसर्गिक आपदा भले मानी जाती हो, किंतु दिनों-दिन यह मानव जन्य भी होती जा रही है। जब तक नदियों का स्वतंत्र प्रवाह जारी नहीं होगा, ऐसी आपदाएं साल हर साल आती रहेंगी। अतएव अच्छा यही होगा कि अब से ही सही सभी भवनों को गिराते हुए नदियों को पुनर्जीवित किया जाए, जिससे बहते हुए पानी को एक क्षेत्र विशेष में रुकने का अवसर न मिले अन्यथा विस्तारवादी मानव का भी अस्तित्व स्वयं के चलते संकट में बना रहेगा। देखा जाए तो जलप्लावन के अनेक उत्तरदायी कारक हैं, जिनमें प्रदूषण, वृक्षों की कटान, जलवायु परिवर्तन और सतत होने वाले खनन प्रमुख हैं। इन सबसे भी अधिक उत्तरदायी कोई कारक अगर है तो मनुष्य द्वारा नदियों के मार्गों में अतिक्रमण, यह चाहे नए-नए बांधों के रूप में हो या फिर भूमाफियाओं की कुत्सित क्रियाओं का प्रतिफल हो, जो भी हो इसके लिए प्रकृति से अधिक मानव स्वयं में जिम्मेदार है।

लिहाजा बाढ़ की विकराल आपदा से निजात हेतु नदियों से नहरों का निकास और जलमार्गों का अबाध प्रवाह अत्यावश्यक है, जिसके बगैर साल दर साल आपदा प्रबंधन की होने वाली बैठकें व व्यवस्थाएं किसी बेमानी से कम नहीं होंगी और परिणाम का परिमाण सिफर से इतर और कुछ नहीं होगा।

क्रेडिट कार्ड का घटता चलन

कुछ साल पहले तक क्रेडिट कार्ड हासिल करने के लिए लोग कई तरह के पापड़ बेला करते थे। क्रेडिट कार्ड होना किसी व्यक्ति की समृद्धता का प्रतीक भी माना जाता था, लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की सख्ती और नए नियमों के चलते अब क्रेडिट कार्ड से होने वाला खर्च तेजी से कम होता जा रहा है।

क्रेडिट कार्ड पर मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर भी अब लोगों को लुभा नहीं पा रहे हैं। आलम यह है कि वित्त वर्ष 2022 के मुकाबले इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च एक तिहाई ही रह गया है। हर वित्त वर्ष इसमें कमी देखी जा रही है। मैक्वेरी रिसर्च के डेटा के आधार पर बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2022 में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर 54.1 फीसदी थी। इसके बाद वित्त वर्ष 2023 में यह 47.5 फीसदी और वित्त वर्ष 2024 में आंकड़ा घटकर 27.8 फीसदी ही रह गया था।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इस वित्त वर्ष में क्रेडिट कार्ड से खर्च की वृद्धि दर सिर्फ 16.6 फीसदी ही रह गई है। आरबीआई द्वारा असुरक्षित लोन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से क्रेडिट कार्ड द्वारा किए जा रहे खर्च पर बुरा असर पड़ा है। हर साल फेस्टिव सीजन के दौरान सितंबर से दिसंबर तक क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस साल ऐसा होता नहीं दिखाई दे रहा है। नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर में भी बड़ी गिरावट आई है। रिपोर्ट के मुताबिक आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो वित्त वर्ष 2024 में 4.4 फीसदी घटा है। इससे पहले यह साल दर साल 3.2 फीसदी घट रहा था। इसी तरह एसबीआई कार्ड्स का क्रेडिट घाटा वित्त वर्ष 2024 में 7.4 फीसदी और वित्त वर्ष 2023 में 6.2 फीसदी रहा था।

मैक्वेरी रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा, कड़ी जांच और आरबीआई के नए नियमों के प्रभाव को देखते हुए क्रेडिट ग्रोथ में मंदी आगे भी जारी रहेगी। बैंकों ने भी अपने क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो में बढ़े हुए तनाव का संकेत दिया है। वित्त वर्ष 2025 में अगस्त तक नए क्रेडिट कार्ड जुड़ने की दर भी 38.3 फीसदी रह गई है। वित्त वर्ष 2024 में यह 41.3 फीसदी की दर से बढ़ रहा था। फेस्टिव सीजन के दौरान मिलने वाले डिस्काउंट और ऑफर्स की वजह से क्रेडिट कार्ड से खर्च अपने चरम पर पहुंच जाता था। इस बार नए क्रेडिट कार्ड बढ़ने की दर में भी कमी आई है। शायद उधार लेकर घी पीने की प्रवृत्ति पर कुछ अंकुश लगा है।

एक नजर

पेरिस में देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को आज सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पेरिस में देश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ''जिन्होंने बढ़ाया देश का मान, ऐसी प्रतिभाओं का सम्मान'' कार्यक्रम में 14 ओलंपियंस और खेलों के वैश्विक महाकुंभ में प्रतिभाग करने वाले राज्य के 7 खिलाड़ियों व पैरालंपियंस को सम्मानित करेंगे। इन्हें कुल 22.70 करोड़ रुपये की पुरस्कार सम्मान राशि दी जाएगी। इनमें प्रवीण कुमार, सुहास एलवाई, अजीत सिंह, प्रीति पाल, सिमरन, ललित उपाध्याय व राज कुमार पाल प्रमुख हैं। इन सभी खिलाड़ियों के साथ संवाद कर मुख्यमंत्री योगी इनकी प्रेरक कहानियों को भावी खिलाड़ियों के सामने रखकर प्रेरित करने का कार्य करेंगे।

ढाई क्विंटल अवैध मादक पदार्थ के साथ तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मिर्जापुर से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए ओडिसा निवासी रिंकू रावत, जाफराबाद जौनपुर निवासी रमेश कुमार और मेहनगर आजमगढ़ निवासी बृजेश गोंड के पास ढाई कुंटल मादक पदार्थ बरामद हुआ है, जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई वाराणसी एसटीएफ की तरफ से की गई है।

पूर्व आईपीएस अफसरों के निधन पर दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ : 1958 बैच के पूर्व आईपीएस अधिकारी केएन दारूवाला और 1985 बैच के पूर्व आईपीएस अशोक कुमार मिश्रा के विगत दिनों हुए निधन पर सोमवार को पुलिस मुख्यालय पर शोकसभा आयोजित किया गया। इस दौरान सभागार में पहुंचे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रहते हुए दोनों दिवंगत अफसरों को श्रद्धांजलि दी। बतादें कि 27 सितंबर को केएन दारूवाला और 16 सितंबर को अशोक कुमार मिश्रा का निधन हो गया था।

घाघरा, राप्ति, गंगा उफान पर 24 घंटों में 10 लोगों की मौत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बाढ़ और बारिश के चलते उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में जनजीवन बेहाल है। दरअसल, यागी तूफान और नेपाल के छूटे पानी के कारण घाघरा, राप्ति, गंगा उफान पर हैं। नुसार पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 10 लोगों की मौत हुई है। बाढ़ नियंत्रण और लोगों तक राहत एवं बचाव सामग्री पहुंचाने के लिए कार्रवाई शुरू हो गई है।

यागी तूफान के प्रभाव के कारण बीते दिनों उप्र. के कई जिलो में लगभग चार दिन लगातार तेज बारिश हुई थी। इसके चलते संतकबीरनगर जिले में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके अलावा उन्नाव में भी गंगा नदी चढाऩ पर है।

नेपाल की कोसी नदी के उफान पर होने के कारण बहराइच में उफनाई घाघरा नदी की चपेट में आकर सुजौली क्षेत्र के गुप्तापुरवा गांव का अस्तित्व लगभग खत्म हो गया है। बेघर ग्रामीण सरयू नहर के किनारे पंचायत भवन और सरकारी स्कूल में शरण ले रहे हैं। गोरखपुर से बस्ती तक भीषण बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। एक दिन में इस इलाके में तीन लोगों की मौत का मामला सामने आया है। सिद्धार्थनगर में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। श्रावस्ती में लोग नाव से आवाजाही करने को मजबूर हैं। कुशीनगर में लोगों का दिन बांधों पर गुजर रहा है।

लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, शाहजहांपुर, गोंडा, कुशीनगर, महराजगंज, बलिया, फर्रुखाबाद, कानपुर नगर और गौतमबुद्धनगर जिले में विशेष रूप से राहत एवं बचाव कार्य को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इन जिलों में एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी की टीमों को प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है।

निराश्रित गोवंशों के संरक्षण से 'समृद्धि' की फसल

देशभर में बिक रहे कानपुर व लखनऊ के गौआधारित उत्पाद, सिंगापुर की तैयारी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में एक तरफ लोग गोवंशों को पालकर सड़कों पर छोड़ रहे हैं तो दूसरी तरफ कानपुर के ग्राम बिरैचामऊ, चौबेपुर निवासी किसान सुबोध दीक्षित उन्हीं गोवंशों को संरक्षित करके समृद्धि की फसल तैयार करते हैं। वह गांव में निराश्रित गोवंशों का भरण-पोषण करके उनके गोबर व मूत्र से 10 बीघा में गौआधारित खेती व बागवानी करते हैं।

उन्होंने इस कार्य में कानपुर व लखनऊ के 50 से अधिक किसान, बागवान व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ रखा है। जिन्हें गोवंश या फिर गोबर की खाद व जीवामृत देकर दलहन, तिलहन, आम, अमरूद, मोटा अनाज, सब्जियां आदि फसलें कराते हैं और इनकी खरीद करके मानस ग्राम नाम से कैंडी, जैम, जैली, मुरब्बा, शहद, तुलसी मसाला चाय, त्रिफला चूर्ण समेत 100 से अधिक उत्पाद बनाकर गोतमी नगर स्थित किसान बाजार से देशभर में बिक्री करते हैं। वह 3 अक्टूबर को गौआधारित उत्पाद की मार्केटिंग (विपणन) के लिए नमस्ते भारत कार्यक्रम में सिंगापुर जाएंगे।

गौआधारित फसलों से बने उत्पाद दिखाते किसान सुबोध दीक्षित।

गोशाला से घी व गोमूत्र अर्क से करते कमाई

सुबोध बताते हैं कि उनकी गोशाला में 50 निराश्रित गोवंश हैं। जिनकी वह सेवा करते हैं और गाय के दूध से घी व अन्य उत्पाद बनाकर बिक्री करते हैं। साथ ही गोमूत्र से अर्क समेत अन्य गंभीर बीमारियों की औषधि बनाकर लखनऊ, नोएडा, आगरा, दिल्ली व मुंबई समेत कई बड़े शहरों में बेचते हैं। उन्होंने 2019 में गौआधारित खेती शुरू की थी। जिसे मंडी परिषद के किसान बाजार में बिक्री का प्लेटफार्म मिलने से बढ़ावा मिला है।

पार्कों व प्रदर्शनी में भी करते बिक्री

कानपुर में सुबोध को पांच पार्क आवंटित हुए हैं, जहां सुबह गौआधारित उत्पाद के स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक करके बिक्री करते हैं। इसी तरह लखनऊ में पार्क आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। वह किसान बाजार के साथ प्रदर्शनी व पार्कों में उत्पाद की बिक्री कर लाखों कमाते हैं। साथ ही उनसे जुड़े किसान व समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रहे हैं।

भाजपा सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार के मरीजों से राजधानी लखनऊ समेत शहरी इलाकों के मरीज भरे पड़े है।

अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा, कि लखनऊ में ही पिछले एक सप्ताह में चार सौ से ज्यादा डेंगू बुखर के मरीज मिल चुके हैं। मलेरिया बुखार के मरीजों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। लखनऊ में डेंगू से मरीजों की मौत भी हो चुकी है। मरीज और उनके तीमारदार सरकारी अस्पतालों में चक्कर लगाकर थक जाते है। उन्हें प्राईवेट अस्पतालों की शरण लेनी पड़ती है।

पूरी आस्तीन के कपड़े पहन कर स्कूल जाएंगे बच्चे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। निर्देश दिए गए हैं कि बच्चों को फुल आस्तीन के कपड़े पहनकर स्कूल आना अनिवार्य होगा। परिषदीय विद्यालयों समेत आस-पास साफ-सफाई और मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव होगा। साथ ही अभिभावकों को जागरूक करने के लिए पंचायत स्तर पर भी विशेष प्रयास होंगे।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह के निर्देश पर छात्र-छात्राओं को इन बीमारियों से बचाने के लिए खास सतर्कता बरती जा रही है। किसी बच्चे में बुखार या सिरदर्द के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि स्कूल परिसर में जलभराव होने पर तुरंत जल निकासी की व्यवस्था करें और मच्छररोधी दवाओं का छिड़काव कराएं।

माध्यमिक और बेसिक स्कूलों का समय बदलेगा

अक्टूबर माह से यूपी के माध्यमिक और बेसिक स्कूलों का समय बदलने जा रहा है। 1 अक्टूबर 24 से 31 मार्च 25 तक सुबह नौ से दोपहर तीन बजे तक चलेंगे। जबकि माध्यमिक विद्यालय सुबह 9.30 से दोपहर 3.30 बजे तक चलेंगे। सुबह 15 मिनट प्रार्थना सभा होगी। इसके बाद 9.45 से 40-40 मिनट के चार पीरियड में पढ़ाई होगी। इसके बाद 25 मिनट का लंच, फिर चार पीरियड पढ़ाई होगी।

श्याम बिहारी गुप्ता बने प्रदेश गोसेवा आयोग के अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : झांसी के श्याम बिहारी गुप्ता को उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही, कुशीनगर के जसवंत सिंह उर्फ अतुल सिंह व बस्ती के महेश कुमार शुक्ल को आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

श्याम बिहारी गुप्ता

इसके अलावा मुरादाबाद के दीपक गोयल, महोबा के राजेश सिंह सेंगर व फिरोज़ाबाद के रमाकांन्त उपाध्याय को सदस्य नामित किया गया हैं। पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव के रविंद्र नायक के आदेश के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से एक साल के लिए रहेगा। आयोग में करीब ढाई साल से सभी पद खाली पड़े हुए थे।

जन शिकायतों के निस्तारण में देरी, गोंडा समेत 9 जिलों के अफसरों पर होगी कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने तलब की लापरवाही और हीलाहवाली करने वाले जिलों की रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जन शिकायतों के निस्तारण में देरी भारी पड़ेगी। अगर मिथ्या रिपोर्ट लगाई गई है, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लापरवाही और हीलाहवाली करने वाले जिलाधिकारी और पुलिस कप्तानों की रिपोर्ट तलब की है। माना जा रहा है कि खराब प्रदर्शन वाले गोंडा समेत नौ जिलों के अफसरों पर कार्रवाई तय है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ दिन पहले एक उच्च स्तरीय बैठक में आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन और संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की थी। साथ ही लापरवाह अधिकारियों की रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिए थे। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने भी जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा में पाया है कि 1 सितंबर से 25 सितंबर के बीच प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में कई जिलों का प्रदर्शन ठीक नहीं है।

सीएम हेल्पलाइन एवं सीएम डैशबोर्ड से लिये गए फीड बैक में देवरिया, भदोही, गोंडा, ललितपुर, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, आजमगढ़ और मिर्जापुर के शिकायतकर्ताओं ने 70 प्रतिशत तक असंतोष जाहिर किया है। इस पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन संबंधित जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तान को फटकार लगाते हुए सुधार के निर्देश दिए हैं। यह रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भी भेजी गई है। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन ले सकते हैं।

औरैया, लखनऊ, लखीमपुर का अच्छा प्रदर्शन

अगस्त, सितंबर माह में आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण करने में कुल जिलों का अच्छा प्रदर्शन रहा है। इसमें औरैया, लखीमपुर खीरी, लखनऊ, मेरठ, सहारनपुर और गोरखपुर शामिल है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इन जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान की प्रशंसा करते हुए अन्य जिलों के अधिकारियों को इसी आधार पर काम करने के निर्देश दिए हैं।

धर्म दर्शन

शक्ति तत्व और उसका महत्व

महाशक्ति ही परब्रह्म परमात्मा हैं। इन्हीं की शक्ति से ब्रह्मा, विष्णु, महेश क्रमशः सृजन पालन व संहार का कार्य करते हैं। श्रीदुर्गा सप्तशती में ब्रह्मा जी ने मधु कैटभ नामक दैत्यों से अपनी रक्षा के लिए योगनिद्रा का आवाहन करते हुए कहा है मुझको, भगवान शंकर और विष्णु को भी तुमने ही शरीर धारण कराया है। अतः तुम्हारी स्तुति करने की शक्ति किसमें है। नवदुर्गा, दस महाविद्या, अन्नपूर्णा, भुवनेश्वरी काली, तारा, बगुला, त्रिपुरा आदि सब इन्हीं के रूप हैं। हमारे ऋषियों द्वारा सर्वव्यापी चेतनसत्ता अर्थात अपने उपास्य की उपासना मातृ-पितृ रूप से तथा स्वामी रूप से अपनी भावना व श्रद्धा के अनुरूप की गई है। संसार में सभी प्राणियों के लिए माता ही सबकी आदिगुरु हैं। इसीलिए "मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्यदेवो भव" मंत्र में सर्वप्रथम माता को ही स्थान दिया गया है। समस्त विश्व महाशक्ति का ही विलास है। भवानी की स्तुति करते हुए आचार्य शंकर ने कहा है, अपर्णैका सेव्या जगति सकलैर्यत् परिवृत्तः।/ पुराणोऽपि स्थाणुः फलति किल कैवल्यपदवीम्।।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

संसार में लोग अनेक प्रकार के गुणों से युक्त पत्ते वाली लता का विविध प्रकार से सेवन करते हैं, परंतु मेरा तो मत है कि इस संसार में सब लोगों को अपर्णा (पार्वती जी) का ही सेवन करना चाहिए, जिनके संसर्ग से स्थाणु अर्थात पुराना ठूंठ-संसार के आदि कारण निर्विकार निराकार देवाधिदेव महादेव भी मोक्षरूपी फल देने लगते हैं। तात्पर्य यह है कि सदाशिव के नाम से प्रसिद्ध निर्गुण परमात्मा सर्वथा क्रिया शून्य होने के कारण स्वयं कोई फल देने में असमर्थ हैं। जब यह शिव शक्ति से समन्वित हो जाते हैं अर्थात शक्ति संपन्न होकर सगुण एवं सक्रिय रूप में आते हैं, तभी वे मोक्ष आदि फल प्रदान करने में समर्थ होते हैं। शक्ति उपासना हमारे समाज में वैदिक काल से ही प्रचलित है। श्री दुर्गासप्तशती में उद्धृत अथर्व शीर्ष के रूप में वर्णित देवी मंत्र इसका प्रमाण है। अथर्व शीर्ष शब्द का अर्थ है वह मंत्र,जो अथर्ववेद का शीर्ष अर्थात सर्वोच्च मंत्र है। देवी कहती हैं, अहम् ब्रह्मस्वरूपिणी। मत्तः प्रकृतिपुरुषात्मकं जगत्। शून्यं चाशून्यं च। अहमखिलं जगत्।। प्रसंग के अनुसार सभी देवता देवी के समीप गए और नम्रता से पूछने लगे हे महादेवि आप कौन हैं? देवी ने मैं ब्रह्म स्वरूप हूं। मुझसे प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ है। यह सारा दृश्य जगत मैं ही हूं। जगत की सृष्टि, पालन व संहार रूपी तीनों कार्य क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु व महेश द्वारा किए जाते हैं।

ब्रह्माजी की शक्ति जिससे सृष्टि होती है वह महासरस्वती हैं, विष्णुशक्ति जो पालन करती व कराती हैं महालक्ष्मी हैं और रुद्रशक्ति, जिससे संहार होता है, उनका नाम महाकाली है। इन तीनों महाशक्तियों के कार्य में कोई अंतर्विरोध नहीं है, यह सभी परस्पर सहायक हैं। संहार, संहार के उपरांत सृष्टि, सृष्टि के क्रम में उसकी पालना और फिर संहार यही क्रम चलता रहता है। संहार के लिए बल, पालन के लिए धन व सृष्टि के लिए बुद्धि की आवश्यकता होती है। अपने-अपने कर्म के अनुरूप महाकाली,महालक्ष्मी एवं महासरस्वती क्रमशः शक्ति, स्वर्ण व विद्या की अधिष्ठात्री देवियां हैं। इसीलिए उनका रंग क्रमशः काला, पीला एवं सफेद बताया गया है, जहां तक सार्थक उपासना का प्रश्न है, विद्वानों के मतानुसार शक्ति एवं शक्तिमान की उपासना एक है।

महादेवी मां दुर्गा: शास्त्रीय परिबोध

मां दुर्गा का प्राचीनतम उल्लेख सर्वप्रथम महाभारत में हुआ है। वनवास अवधि में अज्ञातवास के लिए विराट नगर में प्रवेश के पूर्व युधिष्ठिर ने त्रिभुवन की अधीश्वरी, जगजननी देवी दुर्गा की स्तुति की थी और प्रसन्न देवी ने युधिष्ठिर को प्रत्यक्ष दर्शन एवं वरदान दिया था। कुरुक्षेत्र में महासमर के प्रारंभ के पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की प्रेरणा से अर्जुन ने इनकी स्तुति की थी और महादेवी ने अंतरिक्ष में स्थित होकर पार्थ को विजय का वरदान दिया था। (भीष्म पर्व,23/4/19) अर्जुन कृत इस दुर्गा स्तोत्र की महिमा का अंकन भी इसी 23 वें अध्याय के श्लोकों 22-25 में हुआ है। इसी में अन्यत्र कृष्ण भगवान से संबंधित कथा में उनको भगवान शिव की पत्नी उमा बताते हुए उनको वेद, वेदांत, सुचरित्रता आदि सर्वगुण संपन्ना कहा गया है, किंतु यहां वह अन्य संदर्भों की भांति 'कुमारी' नहीं हैं। मार्कण्डेय पुराण के 'देवी महात्म्य' में दुर्गा देवी को ही काली, लक्ष्मी और सरस्वती का अवतार कहा गया है। दुर्गम दुर्ग असुर का वध करने के कारण ही यह "दुर्गा" कहलाईं। उक्त असुर ने भारी तपकर ब्रह्मदेव से वर प्राप्त कर वेदों को चुरा लिया था। फलस्वरूप सभी यज्ञादिकर्म बंद हो गए। पृथ्वी अनावृष्टि और अकाल से त्राहि-त्राहि कर उठी। देवों तथा ऋषियों की करुण पुकार पर देवी ने शताक्षी रूप धारण कर दुर्गम का वधकर वेदों को मुक्त किया।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

दुर्गाजी की प्रतिमा का अंकन शक्ति के प्रतीक के रूप में हुआ है। अत्यंत सुंदरी (या त्रिपुर सुंदरी),परंतु अनंत शक्ति धारिणी सिंह वाहिनी कभी अष्टभुजी तो कहीं दशभुजी तो कहीं अठारह भुजाओं वाली विभिन्न आयुध धारिणी प्रदर्शित हैं। ब्रह्मदेव के ही वरदान से देवताओं, ऋषियों सहित संपूर्ण सृष्टि के लिए घोर उत्पीड़क महिषासुर के वध के लिए आदिशक्ति माता ने महिष का वधकर महिषासुर मर्दिनी का संबोधन प्राप्त किया। त्रिगुणात्मिका, चामुंडा, शाकंभरी, सती, महालक्ष्मी, काली, पार्वती, गौरी, कालिका, मातृका, त्रिपुरा, योगीश्वरी, चर्चिता, छिन्नमस्ता, चंडिका, सिद्ध-अंबिका आदि नामों से इनके विभिन्न स्वरूपों तथा अवतारों का विस्तृत विवरण यत्र-तत्र उपलब्ध है।

वर्ग पहेली-208

बाएं से दाएं

4.1. रमणीय, सुंदर, मनोहर 2. मोहक, प्रिय 3. सुखद, रुचिकर।

6.1. शरीर या मन की स्थिति, मिज़ाज 2. चित्त, मन, जी, हृदय 3. स्वास्थ्य, सेहत 4. मनोवृत्ति, भावना, करवाचौथ

8.1. रहने की क्रिया, भाव या ढंग 2. सुख एवं शांतिपूर्वक रहने की अवस्था या भाव 3. आराम, सुख, चैन।

ऊपर से नीचे

1.1. एक फली जो सब्ज़ी या अचार बनाने के काम आती है, लोबिया 2. अजगर।

2.1. जो वंचित किया गया हो, अलग किया गया, रहित 2. छला गया, ठगा गया।

3. नामवाला, ख्यातिप्राप्त, सुप्रसिद्ध, नामवर।

5. विश्वास, भरोसा।

7.1. किसी को छल से किसी मंडली



वर्ग पहेली -207 का हल

	1 ज		2 दु	कू	ल
	मो		वि		
3 सु	ग	वि	धा	यी	
			ही		
	4 ल	ख	न	5 वी	
	ड़			थी	
6 वि	ना	य	क		

सुडोकू -121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				9	7		2	5
4		2		3				
6		5			2	1		7
			4	2			7	
		9				5		
	3			1	8			
5		1	9			7		3
				5		2		8
7	8		2	6				

सुडोकू - 120 का हल

7	8	6	5	4	1	2	3	9
1	3	5	8	9	2	6	7	4
2	4	9	6	3	7	8	5	1
6	9	4	3	7	8	5	1	2
8	5	1	9	2	6	7	4	3
3	2	7	1	5	4	9	6	8
4	7	3	2	6	9	1	8	5
5	1	2	7	8	3	4	9	6
9	6	8	4	1	5	3	2	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 21.39 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 09.16 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

मेष — आज घर का वातावरण काफी सुखद रहने वाला है। घर के बुजुर्गों से सहयोग मिलेगा। धार्मिक स्थल में जाने का विचार बनेगा। जीवनसाथी को आप उपहार दे सकते हैं। संतान के व्यवहार से आपका मन गदगद हो जाएगा।

वृष — आज आपका मन अशांत हो सकता है। सिरदर्द और माइग्रेन के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है। किसी वाहन में खराबी आने की आशंका है। दूसरों की नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। बुरे विचार आपको परेशान कर सकते हैं।

मिथुन — आज आपको प्रेमी जन से बड़ा उपहार मिल सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर एकाग्र रहेंगे। व्यवसाय में मित्रों का सहयोग ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप किसी महत्वपूर्ण कार्य में फंसे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

कर्क — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कुछ लोग आपके काम को लेकर टोका-टाकी कर सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में दुविधापूर्ण स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। पारिवारिक जीवन बहुत ही सुखदायक रहने वाला है।

सिंह — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। बड़े प्रोजेक्ट्स में आप निवेश कर सकते हैं। विपरीत लिंग के लोगों के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है। युवा अपने करियर को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

कन्या — आज शत्रु आपको नुकसान पहुंचाना चाहेंगे। आंखों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। परिवार जनों के साथ आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। आपका मनोबल थोड़ा कमजोर हो सकता है। असंयमित भोजन के कारण आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा।

तुला — आज आपके जनसंपर्क में वृद्धि होगी। आपकी कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पैतृक कारोबार में धन लाभ होगा। विदेशी भूमि से आपको धन लाभ मिल सकता है। व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा।

वृश्चिक — आज नया रोजगार शुरू कर सकते हैं। शेयर मार्केट में किया गया पूर्व निवेश से लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना बन रही है। लोग स्वार्थवश आपसे संपर्क में रहना चाहेंगे।

धनु — आज बच्चों की शिक्षा को लेकर आप काफी ध्यान देंगे। दांपत्य संबंध काफी प्रगाढ़ रहने वाले हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। आपके कार्य अपेक्षाकृत देरी से पूरे होंगे। आपकी उपलब्धियों से आपके सीनियर्स काफी प्रसन्न रहेंगे।

मकर — आज अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। वर्तमान वातावरण को लेकर आपको अपना ध्यान रखना चाहिए। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी संबंधी समस्या हो सकती है। आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। किसी भी काम में ज्यादा मन नहीं लगा पाएंगे।

कुंभ — आज प्रेम संबंधों को लेकर दिन बेहद शुभ है। मन में परोपकार की भावना रहेगी। लंबी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आलस्य से आपको बचना चाहिए।

मीन — आज सरकारी कार्यों के लिए दिन बहुत शुभ है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। लोग आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। साझेदारी वाले व्यापार में आपको धन लाभ होगा। अति महत्वपूर्ण कार्यों को आप समय पर पूरा करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
जय लव कुश — सुबह : 09.15
राम लखन — रात : 07.11

SONY PIX
रैमपेज — दोपहर : 12.01
एंजेल हैज फॉलेन — रात : 09.00

SONY SMAX
मिशन कश्मीर — सुबह : 11.00
एन एक्शन हीरो — रात : 09.00

ZEE CINEMA
खूंखार — सुबह : 11.06
सिरीवेन्नेला — शाम : 05.44

ZEE ACTION
वर्दी — सुबह : 11.24
गुमराह — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात : 09.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है?
हाथी -पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो!
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

अपहरण और हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद

18 साल पहले मौदहा कस्बे में हुई थी सनसनीखेज वारदात

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- शादी में शामिल होने आए किशोर की हुई थी हत्या
- अदालत ने 11 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

अमृत विचार। अपहरण कर हत्या करने के 18 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश डकैती कोर्ट अनिल कुमार खरवार की अदालत ने दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 11 हजार का अर्थदंड लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गोस्वामी ने अदालत को बताया कि बिवांर थाना क्षेत्र के सायर गांव निवासी पीड़ित पिता रमजानी ने मौदहा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि दो जून 2006 को उसकी साली अनीसा की बेटी जुमिया की शादी मौदहा कस्बे में इलाही तालाब मोहल्ले में थी। शादी में उसकी पत्नी नफीसा बेटे अल्ताफ (14) के साथ 31 मई 2006 को अपनी बहन के यहां आई थी। वह व उसके रिश्तेदार रमजान व रहमान निवासी जरौली चरखारी आदि बारात में आए थे। उसी रात करीब 11 बजे तक उसका बेटा बारात में था। उसके बाद उसे नहीं देखा गया। रात में उन लोगों ने सोचा कि कहीं सो गया होगा। सुबह उसकी तलाश करने पर कहीं पता नहीं चला। जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के बाद शाम करीब पांच बजे शादी समारोह से वापस जाने वाले उसके रिश्तेदार रमजान और रहमान ने बताया कि उसके बेटे को चाय पिलाने का बहाना कर अल्ताफ की मौसी का बेटा सैय्यद उर्फ शमशेर निवासी इलाही तालाब व जुम्मन निवासी मवईजार थाना बिवांर व सैय्यद का चाचा उसे करीब 11 बजे रात्रि अरतरा चौराहा स्टेशन की तरफ ले गए थे। उनकी बात पर विश्वास कर वह अपने बेटे की तलाश स्टेशन व आसपास के क्षेत्र में किया तो रस्सन लंबरदार के खेतों के पास झाड़ियों में उसके बेटे का शव पड़ा मिला। दोषियों ने उसके बेटे अल्ताफ की हत्या गले में बेल्ट से गला घोंटकर की है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र तैयार कर कोर्ट में पेश किया था। अदालत ने दोषी सैय्यद उर्फ शमशेर व जुम्मन को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

पिता की हत्या शक में दिया गया था वारदात को अंजाम

पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया था कि करीब 15-20 साल पूर्व दोषी सैय्यद उर्फ शमशेर का पिता हबीब कहीं गायब हो गया था। जिसका आज तक कुछ पता नहीं चला है। शमशेर को शक था कि उसके पिता को गायब कर उसके भाई सलीम ने हत्या कर दी है। इसी रंजिश से उसके बेटे की हत्या की है। बारात से विश्वास में बहला फुसलाकर ले गए, लेकिन उसे विश्वास नहीं था, कि उसके बेटे की हत्या कर देंगे।

सोमवार को कलेक्ट्रेट में सपाइयों के साथ प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

आरोपी को फांसी की मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर 10 लाख की सहायता मांगी

अमृत विचार। दो साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में राजनीति शुरू हो गई है। आरोपी को फांसी की सजा दिलाने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सोमवार को प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के साथ ही सुरक्षा प्रदान किए जाने और आरोपी को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की गई है।

सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान के नेतृत्व में जलालपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीणों ने दो वर्षीय बच्ची के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को फांसी दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीण 'पीड़िता को न्याय दो', 'दुष्कर्म के आरोपी को फांसी दो' के नारे ग्रामीण लगाते रहे। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने के बाद जिलाधिकारी घनश्याम मीना को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को फांसी की सजा दिलाने, परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने सहित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई है।

गुरुवार की शाम बच्ची अपने भाई के साथ घर के दरवाजे पर खेल रही थी, तभी पड़ोसी देवकरन प्रजापति ने बच्ची के भाई को कुछ खिलाने का लालच देकर दुकान पर भेज दिया था और बच्ची के साथ दुराचार किया था। पुलिस इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब मामला सियासी तूल पकड़ रहा है।

वार्षिक आमसभा में कार्यों का लेखा-जोखा पेश किया

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

आमसभा में मौजूद फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अंशधारक। अमृत विचार

- भुइयारानी झलोखर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की द्वितीय वार्षिक आम सभा संपन्न

अमृत विचार। स्थानीय ब्लॉक सभागार में भुइया रानी झलोखर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की द्वितीय वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें एफपीओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इसे क्षेत्र के किसानों के लिए एक सकारात्मक पहल बताया गया। आम सभा में कंपनी के पिछले एक वर्ष में किए गए सभी कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया।

खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता ने भुइया रानी झलोखर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की द्वितीय वार्षिक आम सभा में एफपीओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इसे क्षेत्र के किसानों के लिए एक सकारात्मक पहल बताया। इस वार्षिक आम सभा में एफपीओ के एक वर्ष के कार्यों का विस्तृत विवरण दिया गया। यह कंपनी उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा भारत सरकार की 10,000 एफपीओ योजना के अंतर्गत स्थापित की गई है। कंपनी ने पिछले एक वर्ष में किए गए सभी कार्यों का विस्तार से विवरण अपने अंशधारकों को दिया।

इस दौरान कंपनी के समस्त बीओडी सदस्य द्वारा चल रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी साझा की। जहां से एफपीओ के सदस्य अपने उत्पादों को अच्छे दामों पर बेच सकते हैं। यह सेंटर किसानों को बड़े व्यापारियों तक अपने उत्पाद भेजने का अवसर प्रदान करता है। जिससे उन्हें उत्पाद के बेहतर दाम मिलते हैं। बीओडी दीदी ने बताया कि कंपनी को पास सभी आवश्यक लाइसेंस आवेदन किया गया हैं। जिससे किसानों को खाद और अन्य कृषि संबंधित जरूरतों की पूर्ति आसानी से की जा सकती है।

उन्होंने कहा कि इस सुविधा से किसानों को बड़ा आर्थिक लाभ हो रहा है और वह प्रत्यक्ष रूप से कंपनी से जुड़कर अपने उत्पाद का अधिकतम लाभ उठा रहे हैं। कंपनी में इस समय लगभग 319 शेयरधारक सदस्य हैं, जो कंपनी की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों से लाभान्वित हो रहे हैं। बैठक में कंपनी के डीएमएम आशुतोष सचान, ब्लॉक मिशन प्रबंधक मयंक सिंह, सीईओ सत्यम विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

1500 मीटर दौड़ में हर्षित प्रथम

सुमेरपुर। दरियापुर के जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय में सोमवार को 1500 मी दौड़, रिले दौड़, बैडमिंटन, कबड्डी एवं चक्का फेंक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

प्रधानाचार्य मंगला प्रसाद ने बताया कि सीनियर वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में हर्षित ने प्रथम स्थान हासिल किया। रिले दौड़ में प्रमोद कुमार, तुषार, विकास, शिवबरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बैडमिंटन में राहुल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जूनियर वर्ग की रिले दौड़ में अखिल, हिमांशु, कृष्णा व हिमांशु पुत्र जुझार सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि चक्का फेंक में शिवम, कबड्डी में निखिल की टीम प्रथम रही।

पूर्व ग्राम प्रधान ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। जरिया थाना क्षेत्र के तुरना गांव में 70 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति ने अपने मकान के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जरिया थाना क्षेत्र के तुरना गांव निवासी शिवनारायण(70) ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने मकान के कमरे में कपड़े के फंदे से फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने उसे फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक शिवनारायण पूर्व ग्राम प्रधान भी था तथा अपनी आठ बीघा कृषि भूमि में खेती किसानी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह गांव के कुछ लोगों की कृषि भूमि को बलकट पर भी लिए हुए था।

परिजनों ने बताया कि वह लंबे समय से बवासीर की बीमारी से पीड़ित था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के पुत्र जयनारायण, विजय नारायण व सतीश के अलावा भाई वीरेंद्र सिंह सहित अन्य सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जरिया थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि आत्महत्या की वजह साफ नहीं है।

कोर्ट के आदेश पर दहेज हत्या का केस

संवाददाता, मौदहा

अमृत विचार: दहेज उत्पीड़न के बाद हत्या के मामले के 6 माह बाद न्यायालय के आदेश पर आधा दर्जन से अधिक आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

बांदा शहर के सुनीता पत्नी श्री गोपाल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री की हत्या ससुराली जनों ने अहमदाबाद में कर दी थी। जिसकी शिकायत के आधार पर मुकदमा पंजीकृत न किए जाने से पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए मुकदमा दर्ज करने के लिए गुहार लगाई थी। पीड़ित की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने 156(3) के तहत कोतवाली पुलिस को तत्काल मुकदमा दर्ज करने के लिए आदेशित किया है।

वही कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के छिमौली गांव निवासी कुलदीप, शकुंतला, मोहिनी, सलोनी, मुस्कान, सुमन सहित अन्य आरोपियों के विरुद्ध दहेज हत्या 498, 304 बी 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इंचार्ज कोतवाली प्रभारी ने बताया कि न्यायालय के आदेश अनुसार मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

6 ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

मौदहा। कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले पर छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बा निवासी सीमा देवी ने पति पंकज यादव, ससुर राम विशाल, सास गायत्री, ननद पूजा, आरती, देवर नीरज सहित 6 लोगों पर आरोप लगाते हुए बताया कि 2016 में उसका विवाह कानाखेरा बांदा निवासी पंकज यादव के साथ हुआ था। इसके बाद से ही यह लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर आए दिन पीड़िता का उत्पीड़न करने लगे। इनके उत्पीड़न व जुल्मों को सहते हुए लगभग 7 साल बीत जाने के बाद भी पति ने दूसरा विवाह भी कर डाला और संबंध विच्छेद कर अलग रहने लगे। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं इंचार्ज कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर ने बताया पीड़िता की तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

सार-संक्षेप

ग्रामीणों से बात करते बीडीओ बिपिन गुप्ता। अमृत विचार

बीमार मवेशी को खुले में फेंकने पर हंगामा

कुरारा। खरौज गांव में बीमार अन्ना मवेशी को गांव के बाहर फेंकने पर ग्रामीणों ने हंगामा कांटा। सूचना पर पहुंची पशु विभाग की टीम ने मवेशी का उपचार किया। खरौज गांव में सोमवार सुबह प्रधान छेदालाल के दरवाजे जसवंत प्रजापति की बीमार गाय बैठी थी। इस मवेशी को ट्रॉली में लादकर गांव के बाहर डाल दिया, जिसे आवारा कुत्ते नोचने खाने लगे। यह घटना देख ग्रामीण हंगामा करने लगे। प्रधान की सूचना पर पशु विभाग की टीम पहुंची और मवेशी का इलाज किया। इस बीच नोक-झोंक होने लगी, मामला बढ़ता देखकर ग्राम प्रधान ने थानाध्यक्ष व खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता को सूचना दी, सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। वहीं पशु चिकित्सा विभाग ने बीमार गाय का समुचित इलाज करने के बाद ग्राम प्रधान के सुपुर्द कर दिया, टीम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविंद सरोज, जिला पशुधन प्रसार अधिकारी विक्रम सिंह व राहुल ने मवेशी का उपचार किया। खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता ने बताया कि गांव के जसवंत प्रजापति की गाय बीमार थी जो ग्राम प्रधान के दरवाजे पर बैठ गई थी जिसको ग्राम प्रधान ने पशुपालक से अपनी गाय ले जाने को कहा था वहीं पशुपालक नहीं ले गया। मवेशी का समुचित इलाज करने के बाद ग्राम प्रधान के सुपुर्द किया गया है।'

आज से सुबह नौ बजे खुलेंगे परिषदीय स्कूल

हमीरपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने शासन के आदेश पर परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों एक अक्टूबर मंगलवार से 31 मार्च 2025 तक स्कूल खुलने व बंद करने का समय निर्धारित किया है। मंगलवार से प्रात: नौ बजे से अपरान्ह तीन बजे तक का समय निर्धारित किया है। प्रार्थना सभा/योगाभ्यास प्रात: नौ बजे से 09 :15 बजे तक संचालित की जाएगी। साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि शिक्षक, शिक्षण अवधि से 15 मिनट पूर्व एवं शिक्षण अवधि के पश्चात न्यूनतम 30 मिनट विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।

जिलाधिकारी ने तिल की कराई क्रॉप कटिंग

हमीरपुर। शासन के निर्देश पर कृषि उपज के अनुमानों का आकलन एवं उत्पादकता के आंकड़ों के संकलन को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना मुख्यालय के कुछेछा स्थित राजाराम पुत्र गजराम के खेत में पहुंचे। उन्होंने खेत में खड़ी तिल फसल पर हंसिया चलाया और उपज का आकलन किया। सोमवार को कुछेछा में क्राप कटिंग का प्रयोग सीसीई एग्री एप के माध्यम से गाटा संख्या 40 में की गई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने किसान से कृषि कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों को वर्ष में एक से अधिक फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि एक से अधिक फसल उत्पादित करने के लिए कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र, उद्यान विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों द्वारा कार्य योजना बनाई जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, तहसीलदार अनुभव चंद्रा, सहायक सांख्यकीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल किसान आदि उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में घायल युवक की थम गई सांस

मौदहा। साइकिल में दुकान का सामान लेकर गांव वापस आ रहे साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार घायल कर दिया था। जिसकी इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने पंचनामा भर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। कस्बे के निकट स्थित मकराव गांव निवासी रचना वर्मा ने बताया कि पति राकेश वर्मा (35) बीती 19 सितंबर 2024 को कस्बे से दुकान का सामान लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग 34 से होते हुए अपने गांव आ रहे थे। तभी रात के अंधेरे में अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आनन फानन में कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल प्रभाव से कानपुर रेफर कर दिया था। एक हफ्ते तक लगातार इलाज होने के बाद सोमवार को उनकी मौत हो गई। यह खबर ग्रामीणों को लगते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों को ढाढ़स बंधाने के लिए घर में लोगों का ताता लगा रहा। वहीं इस संबंध में प्रभारी कोतवाल चंद्रशेखर गौतम ने बताया कि मृतक की पत्नी की सूचना पर शव का पंचनामा भर मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को हिरासत में लिया

सुमेरपुर। दो दिन बाद पुलिस की हिरासत में रहने के बाद रिहा किए गए आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने दोबारा सोमवार को फिर पूछताछ के लिए थाने में बुलाया है। बीते आठ अगस्त को धुंधपुर गांव में गलत इलाज से मरीज की मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी महारानियां की तहरीर पर डॉ.अलीम खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गत सप्ताह पुलिस ने पूछताछ के लिए दो दिन हिरासत में रखने के बाद शनिवार को देर शाम आरोपी डॉक्टर को रिहा कर दिया था। सोमवार को पुलिस ने पुन: इसको हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि डॉक्टर के खिलाफ साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

पालिका कर्मियों ने मंदिरों व तालाबों के घाटों की सफाई की

मौदहा। नगर पालिका कर्मचारी ने मंदिरों व तालाब के घाटों पर विशेष रूप से सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया है। दो अक्टूबर गांधी जयंती पर सरकारी विभागों को 155 घंटे का महाअभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। नगर पालिका परिषद के कर्मचारी कामता राव, जबीर चौधरी, विजय कुमार शहीद, पंकज सिंह व धनीराम सहित एक टीम गठित कर रात और दिन में अभियान को गति देते हुए नगर के मीरा तालाब के घाटों पर सफाई अभियान चलाया है। वही बड़ी देवी मंदिर, विंध्यवासिनी व दुर्गा मंदिर पर सफाई अभियान चलाते हुए नगर के समाजसेवियों से अपील करते हुए इस अभियान से जुड़ने के लिए आह्वान भी किया है।

जंगली जानवर दिखने से ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, सुमेरपुर

- वन विभाग की टीम कांबिंग की कोई जानवर नहीं मिला

अमृत विचार। पाटनपुर के बाद कस्बे के बांकी मार्ग में लकड़बग्घा जैसा जंगली जानवर सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद लोगों में दहशत पैदा हो गई है। कुछ लोगों का दावा है कि यह जंगली जानवर आए दिन शाम होते ही करोड़न नाला के झुरमुटों से निकलकर खुलेआम विचरण करता है। हालांकि लोगों को किसी तरह की क्षति नहीं पहुंचाई है। वन विभाग की टीम कांबिंग की, लेकिन हाथ कुछ नहीं लगा।

कस्बे के बांकी मार्ग के किनारे कांशीराम कॉलोनी के आगे बिल्डिंग मटेरियल की एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रविवार की शाम 7:00 बजे के बाद एक जंगली जानवर सड़क किनारे आराम से गुजरता हुआ कैद हुआ। इसको देखते ही लोगों में दहशत पैदा हो गई। कुछ लोगों ने इस सीसीटीवी फुटेज को सोशल मीडिया में वायरल करके लकड़बग्घा होने का दावा किया और वन विभाग से मदद मांगी। बांकी मार्ग निवासी सुनील यादव, नरेश सैनी,परसन पाल,सुनील शिवहरे आदि लोगों ने बताया कि बांकी मार्ग के सामने स्थित करोड़न नाला किनारे बीहड़ो में काफी जंगल है। इसी जंगल के झुरमुटों के अंदर बनी मांदों में यह जंगली जानवर छिपा रहता है। रविवार को शाम करीब 7:00 बजे यह लत्ताही देवी की तरफ से मोक्षधाम के पीछे की तरफ जाते समय सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। वन क्षेत्राधिकारी इफ्तिखार खान ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम भेजी गई है। कांबिंग कराई गई है, लेकिन किसी जंगली जानवर का सुराग नहीं लगा।

अध्यापकों की कमी दूर करने की मांग

मौदहा। सबसे पुराने राजकीय महाविद्यालय में उर्दू विषय की मांग सहित अन्य विषय बढ़ाने व अध्यापकों की कमी को लेकर युवक कांग्रेस नेताओं ने कुलपति को संबोधित ज्ञापन डिग्री कॉलेज के प्राचार्य को दिया है।

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विवेक चंद्र, गुलाम मुर्तजा, दिलीप, शाहबाज अली व ज्ञानेंद्र कुमार ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति को संबोधित तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य वीके सिंह को दिया है। जिसमें मुख्य मांग यह है कि महाविद्यालय में उर्दू विषय नहीं है। इस विषय को बढ़ाने के साथ ही अध्यापकों के कमी दूर करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों ने कहा कि यहां बीए तक ही पढ़ाई होती है और सात विषय ही पढ़ाए जाते हैं। जबकि यहां प्रवक्ता व प्रोफेसर मात्र तीन ही हैं। इतना ही नहीं महाविद्यालय में माली तक नहीं है जिससे पेड़ पौधे नहीं लग सके हैं।

भाषण देने में बीएससी की छात्रा निशा अव्वल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- मां गौरा महाविद्यालय में आत्म निर्भर भारत पर हुई प्रतियोगिता

अमृत विचार। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मां गौरा महाविद्यालय में आत्मनिर्भर भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा निशा निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निशा ने बताया कि आज भारत विश्व को खाद्य पदार्थ व रक्षा उपकरण का निर्यात कर रहा है। साथ ही बहुत ही कम वस्तुओं का आयात करता है। बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र सौरभ कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इन्होंने बताया कि आज कनाडा जैसे कई देश भारतीय रेल की बंदे भारत ट्रेन को खरीदना चाहते हैं। वहीं बीए तृतीय वर्ष की छात्रा आयशा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन्होंने कहा कि आज भारत सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा आदि क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो गया है। कार्यक्रम में अबिरल यादव, विजय कुमार, इशिका वर्मा. नूरानी, स्वाति सोनकर, प्रिया, अरुणा, रिद्धि, किरन, प्रांशु पाल, अर्चना, आरवी, रागनी सध्या अंशिका आदि ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के प्रवक्ता शुभम दक्ष द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में रेखा विश्वकर्मा, डा.दयाराम गौतम व आशीष चक्रवर्ती का योगदान रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एसके पांडेय ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। साथ ही कहा की आप सभी ने आत्मनिर्भर भारत के बारे में बहुत अच्छी जानकारी दी जो सही भी है क्योकि जिन वस्तुओं का विदेशों से आयात करते थे रक्षा व रेलवे जैसे क्षेत्र में निर्यात करने लगे है जो भारत की सक्षमता को दर्शाता है।

आपदा पीड़ितों को भेजी गई धनराशि

हमीरपुर। नदियों के जलस्तर में वृद्धि होने पर करीब 2900 किसानों की 1062.815 हेक्टेयर भूमि में 33 प्रतिशत से अधिक की फसल क्षतिग्रस्त हुई हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व टीमों से सर्वे कराया गया। सर्वे के बाद अब तक तहसील हमीरपुर में 1114 कृषकों को धनराशि 2296166 रुपये तथा मौदहा, राठ तथा सरीला के कुल 90 कृषकों को अब तक धनराशि 277194 रुपये के नुकसान का आंकलन तैयार किया गया है। इस प्रकार कुल 1204 कृषकों के बैंक खातों में सीधे कोषागार से 2574819 रुपये की धनराशि भेजी गई है। इसके साथ ही अतिवृष्टि से 319 मकानों में आंशिक क्षति होने पर 1275000 रुपये की धनराशि गृह अनुदान के रूप में वितरित किया गया। बाढ़ और अतिवृष्टि से मकान एवं कृषि क्षति पर कुल 3849819 रुपये की धनराशि का वितरण आपदा राहत के रूप में पीड़ितों को वितरण किया गया है।

आवाज उठाई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, मांगें पूरी न होने पर जाएंगी लखनऊ

एजुकेटर भर्ती के विरोध में धरना-प्रदर्शन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

बाल पुष्टाहार कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करतीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री। अमृत विचार

अमृत विचार। आंगनबाड़ी केंद्रों में एजुकेटर भर्ती के विरोध में सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कस्बे के बाल पुष्टाहार कार्यालय में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया का कड़ा विरोध करते हुए इसकी भर्ती प्रक्रिया को तत्काल रद्द कराए जाने की मांग की है। साथ ही विभिन्न मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा है।

आंगनबाड़ी कर्मचारी एवं सहायिका संगठन की जिलाध्यक्ष अमिता श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष शशि त्रिपाठी एवं जिला संरक्षक रजनी सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा 6 वर्ष तक के आयु के बच्चों को शिक्षा देने के लिए एजुकेटर की भर्ती किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। एजुकेटरों का मानदेय 10 हजार 313 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। जहां एजुकेटरों को 10,313 रुपये प्रतिमाह मानदेय देने का प्रावधान कर रही है वहीं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मात्र 6000 रुपये दिया जाता है। जबकि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से विभिन्न विभागों का काम लिया जाता है। उन्होंने कहा कि उनकी मांग है कि एजुकेटर भर्ती को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए। उन्होंने मांग कि उन्हें राजकीय कर्मचारियों का दर्जा दिया जाए, मानदेय बढ़ाया जाए, 62 वर्ष आयु सेवा के उपरांत सेवानिवृत्ति पर उन्हें फंड और 10 लाख रुपये की धनराशि देने के साथ पेंशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने, मुख्य सेविका के पदों पर पदोन्नति की व्यवस्था करने की मांग की। मांगें पूरी न होने पर लखनऊ जाकर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री गायत्री देवी, सुधा सेन, उमा देवी, रेखा देवी, आशा, कला देवी, विमला देवी, अभिलाष त्रिपाठी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी, सरोज, शकीला, ज्योति, विनीता, रामश्री, सावित्री, पुष्पा, सविता, उमा, अनीता ओमरे राखी गुप्ता व आरती वर्मा के अलावा अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका मौजूद रहीं।

अध्यापकों को मोटे अनाज का प्रशिक्षण

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

जानकारी देतीं वैज्ञानिक डॉ.शालिनी।

अमृत विचार। यूपी मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत मोटे अनाज के सेवन से शरीर में होने वाले लाभों के बारे जागरूक किया जा रहा है। इसी के चलते परिषदीय स्कूलों के 50 अध्यापकों को कृषि विभाग ने मोटे अनाज के बारे में प्रशिक्षित किया।

स्थानीय बीआरसी में उत्तर प्रदेश श्रीअन्न (मिलेट्स) पुनरुद्धार कार्यक्रम योजनान्तर्गत स्कूल कैरीकुलम के माध्यम से 50 अध्यापकों को श्रीअन्न (मोटे अनाज) के बारे में कृषि विभाग प्रशिक्षण दे रहा है। जिसके अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र की शस्य वैज्ञानिक डा.शालिनी ने श्रीअन्न में शामिल मोटे अनाजों में ज्वार, बाजरा, रागी, सांवा, कोदों, कुटकी, कंगनी तथा चीना आदि से बनने वाले व्यंजन, उनको खाने से होने वाले लाभ तथा उनमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यहां अध्यापकों में मधु कुशवाहा, पुष्पा गुप्ता, रीतू, रचना प्रकाश, मधुलता, भरत लाल, कुलदीप सिंह, आनंद प्रकाश, संजय सोनकर, ताहिर इमरान, योगेंद्र कुमार, जंग बहादुर, जसवंत कुमार आदि मौजूद रहे।

मेरे एक फोन में अफसर भागे चले आते थे

विकास श्रीवास्तव, चित्रकूट

अमृत विचार। मानिकपुर के पूर्व विधायक भाजपा नेता आनंद शुक्ला एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार चर्चा में है उनकी एक्स पर की गई टिप्पणी, जिसमें उन्होंने प्रदेश की सड़कों की बदहाली उजागर की है। पूर्व विधायक का कहना है कि वर्तमान समय में जनप्रतिनिधियों की वह कसावट अफसरों में नहीं दिखती, जो कसावट पहले नजर आती थी। उनका यह भी कहना था कि मेरे एक फोन में अफसर भागे चले आते थे।

भाजपा नेता आनंद शुक्ला अपनी मुखरता के लिए जाने जाते हैं। पार्टी से संबंधित मुद्दों पर भी खुलकर बोलना उनका स्वभाव है। वह फिर से अपने एक ट्वीट से चर्चा में हैं। इसमें उन्होंने प्रदेश की सड़कों को लेकर व्यंग्य किया है। जाहिर है, अपनी सरकार में अधिकारियों के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी सत्तासीनों को नागवार गुजर सकती है। उन्होंने ट्वीट में लिखा है, 'उ.प्र. की सड़कों को मत्स्य विभाग को दे देना चाहिए ताकि गड्ढों में मत्स्य पालन कराया जा सके। धर्मनगरी चित्रकूट से कौशांबी का अनुभव।' तय है कि एक वरिष्ठ भाजपा नेता, और वह भी जो एक जनप्रतिनिधि रह चुका है, की टिप्पणी को अगंभीरता से नहीं लिया जा सकता। आनंद शुक्ला की इस पोस्ट पर तमाम लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। इस संबंध में जब आनंद से बात की गई तो उन्होंने इसकी पुष्टि की कि सड़कों के हाल बेहाल हैं। उन्होंने कहा कि चित्रकूट से कौशांबी जाने वाले रास्ते की बदहाली किसी से छिपी नहीं। उन्होंने कई और सड़कों का जिक्र किया।

पूर्व विधायक आनंद शुक्ला।

● चर्चा में है भाजपा के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला की एक्स पर की गई टिप्पणी

पूर्व विधायक की चर्चित पोस्ट।

अब तो अधिकारी निरंकुश हो गए

पूर्व विधायक ने कहा कि ऐसा लगता है कि पीडब्लूडी के अधिकारियों को कोई चिंता नहीं। वे निरंकुश हो गए हैं। बरसात तो अभी आई है। सड़कें छह माह पहले से खराब हैं। कई बार एक्सईएन, चीफ से कहा पर हां-हां देखेंगे कहा गया, हुआ कुछ नहीं।

जिले में ही तमाम सड़कें बदतर

आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यालय से बाहर की कौन कहे, जिले की ही तमाम सड़कें बदतर हालत में हैं। मुख्यालय का हाईवे हो, पयस्वनी नदी का पुल हो, बोड़ी पोखरी से सरैंया जाने वाली सड़क हो, गाहुर की सड़क हो, न जाने कितनी सड़कें खराब हालत में हैं।

न तो मेरे ओवरलोड ट्रक चलते थे, न तो बालू की खदानें थीं

उन्होंने अपने कार्यकाल को याद करते हुए दावा किया कि वह एक फोन करते थे तो अफसर भागे चले आते थे। उन्होंने किसी का नाम न लेते हुए कटाक्ष किया कि इसकी वजह यह थी कि न तो मेरे ओवरलोडेड ट्रक चलते थे और न बालू की खदानें थीं। अब तो कोई सुनता तक नहीं।

यह अपनी सरकार पर सवाल नहीं

आनंद शुक्ला ने कहा कि यह सरकार की कार्यशैली पर नहीं बल्कि अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल है। उन्होंने कहा कि कोई सुनने को तैयार ही नहीं है। पता नहीं मेंटीनेंस के नाम पर पैसा आता है कि नहीं और आता है तो जाता कहां है। उन्होंने कहा कि केशवजी (केशव प्रसाद मौर्य) के समय में सड़कों का हाल बहुत अच्छा था। पर इसके बाद की हालत किसी से छिपी नहीं।

गठबंधन प्रतिनिधि पर भी साधा निशाना

आनंद शुक्ला ने परोक्ष रूप से गठबंधन सरकार के प्रतिनिधि और अपना दल (एस) से मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी पर निशाना साधा। बोले, मेरे कार्यकाल के दौरान सड़कों की हालत और अब की हालत देखिए। कहीं सड़क नजर आती है आपको। मैंने तो फोरलेन भी प्रस्तावित किया था। उन्होंने यह भी कहा है कि जिले से भाजपा का प्रतिनिधि (सांसद, विधायक) न होना भी बड़ी बात है।

3 बार चालान होने पर निरस्त करें ड्राइविंग लाइसेंस : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

अमृत विचार। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन वाहनचालकों के तीन बार चालान हों, उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त कर दिए जाएं। जिलाधिकारी ने सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड संतोष कुमार से कहा कि जिन स्थानों पर ज्यादा दुर्घटनाएं हो रही हैं वहां पर परिवहन विभाग की तरफ से शाइनिंग बोर्ड लगाए जाएं। ब्लैक स्पॉटों पर भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने यात्री कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी को चिह्नित ब्लैक स्पॉटों को विश्वकर्मा एप पर फीड करने के निर्देश दिए। कहा कि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा यातायात पुलिस अभियान चलाकर कार्रवाई करें और जो लाइसेंस कैंसिल किए जाएं उनका प्रचार-प्रसार भी कराया जाए। जिलाधिकारी ने लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने, प्रमुख विद्यालयों के प्रवेश एवं निकास द्वारों पर रंबल स्ट्रिप एवं सांकेतिक बोर्ड लगाने, जेब्रा क्रॉसिंग बनाने के निर्देश दिए। एनएच प्रयागराज के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्षतिग्रस्त मोहरवां पुल के दोनों ओर हाइट बैरियर स्थापित किया जाए। जिलाधिकारी ने यातायात प्रभारी से कहा कि प्रमुख चौराहों पर इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल की व्यवस्था कराए जाने का प्रस्ताव पुलिस अधीक्षक के माध्यम से तैयार कराकर उपलब्ध कराएं। जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह को जन चौपाल में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड से कहा कि निर्मोही अखाड़ा के पास बन रही पुलिया का निर्माण तेजी से कराया जाए। जनप्रतिनिधियों से संपर्क करके माइक्रोप्लान बनाएं और सड़कों की गड्ढा मुक्ति का काम कराएं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक तथा परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों पर बच्चों को रोड सेफ्टी के बारे में जागरूक कार्यक्रम कर बताया जाए। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, एसडीएम पूजा साहू, सीओ यातायात यामीन अहमद, डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा, बीएसए बीके शर्मा, डीएसओ आनंद कुमार सिंह, यातायात निरीक्षक शैलेंद्र सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

एक नजर

इजराइल जाने को करें आवेदन

चित्रकूट। निर्माण श्रमिकों को रोजगार देने की प्रक्रिया में केंद्र एवं इजराइल सरकार के बीच अनुबंध के अन्तर्गत एनएसडीसी क्रियान्वयन संस्था नामित है। संस्था द्वारा श्रमिकों को इजराइल भेजे जाने की कार्रवाई की जानी है। इसके लिए आवेदन मांगे हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी संदीप ने बताया कि इसमें फ्रेम वर्क/शटरिंग कारपेंटर, आयरन वेल्डिंग, सिरेमिक टाइल, प्लास्टरिंग ट्रेड में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। शर्तें एवं अर्हताएं सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर हैं।

3 वारंटी गिरफ्तार

चित्रकूट। सरधुआ थाने के एसआई मुन्नीलाल ने वारंटी राजा सिंह पुत्र त्रिभुवन निवासी देवारी को पकड़ा। एसआई शिवम कन्नौजिया ने वारंटी भोंडी पुत्र रामदीन निवासी अहरा का पुरवा मजरा भानपुर और चौकी प्रभारी रगौली राजीव कुमार सिंह ने वारंटी राजकरन पुत्र शिवमंगल निवासी सपहा को गिरफ्तार किया।

3 आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट

चित्रकूट। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह ने तीन आरोपियों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। गुंडागर्दी के आरोप में पुलिस ने धनराज व मिथुन पुत्रगण लालू निवासीगण राघवपुरी सीतापुर और राजकरन उर्फ झल्लर पटेल पुत्र जुगुल किशोर निवासी मनोहरगंज के विरुद्ध धारा 129 बीएनएसएस की कार्रवाई की।

शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि

राजापुर (चित्रकूट)। मेजा विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक नीलम करवरिया के निधन पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल राजापुर अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में शोकसभा की गई। इस मौके पर शिवपूजन गुप्ता, सतीश चंद्र मिश्रा, जुगराज केशरवानी, उमेश सोनी, अमित मोदनवाल सोनू, भरत जायसवाल, उमेश केशरवानी आदि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डा. जैन विशेष अतिथि सम्मान से सम्मानित

सीतापुर (चित्रकूट)। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक डा. बीके जैन को साइटसेवर्स इंडिया और एबबी इंडिया ने ग्लूकोमा के कारण दृष्टि दोष की रोकथाम के लिए भोपाल में राज्यस्तरीय परामर्श कार्यशाला में विशेष अतिथि सम्मान से सम्मानित किया।

गंभीरता दिखाएं तहसीलदार व लेखपाल

जिलाधिकारी ने भूमि अधिग्रहण की समीक्षा कर मातहतों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने तहसीलदारों और लेखपालों को काम के प्रति गंभीरता दिखाने के निर्देश दिए। लिंक एक्सप्रेसवे भूमि अधिग्रहण एवं देवांगना फोरलेन से संबंधित बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जो काम दिया गया है, उसका आउटपुट निकलना चाहिए, समय बर्बाद न करें। बैनामों की सूची भी व्हाट्सएप ग्रुप में डालने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में जिलाधिकारी ने लिंक एक्सप्रेसवे में पड़ रहे ग्राम पंचायत की जमीनों के बैनामों के प्रगति पूछी। कहा कि बैनामों की सूची भी व्हाट्सएप ग्रुप में डालें। जिन किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई है, उनकी सूची दें। जिलाधिकारी ने रामवन गमन, लिंक एक्सप्रेसवे व डिफेंस कॉरिडोर के संबंध में डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह को निर्देशित किया कि वन विभाग के इलाके में आने वाली सरकारी जमीन के संबंध में बैठक कराकर कार्यवृत्त उपलब्ध कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, राजापुर प्रमोद कुमार झा, तहसीलदार वाचस्पति सिंह आदि मौजूद रहे।

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

काम में तेजी लाई जाए

देवांगना एयरपोर्ट से कर्वी फोरलेन के संबंध में अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई/प्रांतीय खंड संतोष कुमार सिंह ने बताया कि भूमि अधिग्रहण में जैसे जैसे अनुबंध पत्र प्राप्त हो रहे हैं वैसे काम कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात लगभग समाप्त होने को है, काम में प्रगति कराएं।

लेखपाल को सम्मानित करें

जिलाधिकारी ने भूमि अधिग्रहण में अच्छा काम करने पर लेखपाल चंद्रभान सिंह (बनाड़ी) को सम्मानित करने के निर्देश दिए। कहा कि जिस तरह से इनका काम अच्छा है, अन्य लोग भी करें, जिससे शासन की मंशानुरूप समय से लिंक एक्सप्रेसवे काम कराया जा सके।

खाद्य प्रतिष्ठान संचालक लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

चित्रकूट। खाद्य प्रतिष्ठान संचालक सीसीटीवी कैमरे लगवाएं। सहायक आयुक्त खाद्य प्रियंका सिंह ने खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालन के संबंध में दिशानिर्देशों जारी कर पालन न करने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि सभी होटलों, रेस्टोरेंटों, ढाबों के संचालक अपने सभी कर्मचारियों का नाम-पता अनिवार्य रूप से रिसेप्शन काउंटर पर डिस्पले कराएं और लाइसेंस / पंजीकरण की प्रति तथा फूड सेफ्टी डिस्पले को भी प्रदर्शित करें। प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों के बैठने के स्थान पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करें व अन्य हिस्सों व किचन में भी कैमरे लगाएं। इसकी रिकार्डिंग भी अग्रिम आदेश तक सुरक्षित रखें व आवश्यकता पड़ने पर पुलिस और प्रशासन को उपलब्ध कराएं। बताया कि काम के समय सभी कर्मचारियों को मास्क व ग्लब्स पहनना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान निर्देशों का पालन नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

उद्यान अधिकारी कार्यालय में किसानों को दिए गए बीज। अमृत विचार

औद्यानिक फसलों के बीज का वितरण

चित्रकूट। जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय परिसर में सोमवार को बीज निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधियों ने स्टाल लगाकर किसानों को रबी में बोई जाने वाली औद्यानिक फसलों के बीज दिए। इस मौके पर 100 से अधिक किसानों को लौकी, तरोई, करेला, मिर्च, कद्दू आदि के बीजों का निशुल्क वितरण किया गया। जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान इंद्रमणि यादव प्रभारी राजकीय औद्यानिक मिशन, शशांक कुमार रामरुद्ध मिश्रा, धीरेंद्र कुमार, संजय कुमार, ईसाक खान, सोनू आदि मौजूद रहे।

किसानों की बस को रवाना करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

किसानों की बस को हरी झंडी दिखाई

चित्रकूट। सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत सोमवार को 50 किसानों को पं. जवाहर लाल नेहरू कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जबलपुर (मप्र) के भ्रमण पर भेजा गया। सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पर जाने के लिए इनकी बस को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, भूमि संरक्षण अधिकारी तुलसीराम प्रजापति आदि मौजूद थे।

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को विदाई देते एसपी। अमृत विचार

सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी भावभीनी विदाई

चित्रकूट। राघव प्रेक्षागार में सोमवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को समारोहपूर्वक विदाई दी। सेवानिवृत्त निरीक्षक नागरिक पुलिस मोहम्मद हाशिम, एसआई रेडियो शाखा कमलेश कुमार को प्रशस्तिपत्र एवं उपहार भेंट किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी यामीन अहमद, फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, रविंद्र कुमार पटेल, निशिकांत राय, राजीव कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

अवैध निर्माण कराने का आरोप लगाया

चित्रकूट। कोतवाली अंतर्गत बलदाऊगंज निवासी रामचंद्र पुत्र गिरधर ने रेलवे स्टेशन के पास विशेष क्षेत्र प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराए निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाकर जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है। उसका कहना है कि उसने पूर्व में इस संबंध में शिकायत की थी और तब अवैध निर्माण गिराया भी गया था। अब फिर अवैध निर्माण हो रहा है। प्राधिकरण के जेई ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि उन्होंने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी है। आरोपी को नोटिस भी दी जा चुकी है।

शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप, शिकायत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● एसपी ने कहा, इस नाम का कोई एसआई जिले में नहीं

अमृत विचार। झांसी निवासी एक युवती ने कथित रूप से कर्वी में तैनात एक दारोगा पर उसे शादी का झांसा देकर दो साल तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में एसपी से शिकायत की है। एसपी अरुण कुमार सिंह का कहना है कि जो नाम युवती ने बताए हैं, उस नाम का कोई दारोगा जिले में तैनात नहीं है। जांच की जा रही है।

युवती ने बताया है कि वह पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रही थी। दो साल पहले उसकी इंस्टाग्राम से फतेहपुर जिला निवासी एक युवक से दोस्ती हुई थी। युवक ने खुद को यूपी पुलिस में दारोगा बताकर चित्रकूट में तैनाती की बात कही थी। उसका आरोप है कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर चित्रकूट बुलाया और फिर दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। युवती का यह भी कहना है कि दोनों के घरवाले भी इस रिश्ते के बारे में जानते थे। बाद में उसने फोन उठाना बंद कर दिया। जब उसने घर के दूसरे नंबर पर फोन मिलाया तो आरोपी की पत्नी ने फोन उठाया। जब उसे पता चला कि आरोपी शादीशुदा है और उसके बच्चे हैं तो वह सन्न रह गई। पीड़िता ने एसपी से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। एसपी ने बताया कि महिला जिस पर आरोप लगा रही है उस नाम का चित्रकूट जनपद में कोई एसआई नहीं है। युवती द्वारा दिखाई गई चैटिंग भी सामान्य लग रही है। बैच नंबर के आधार पर जांच की जाएगी। सभी बिंदुओं पर जांच करने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

मानिकपुर (चित्रकूट)। प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी आकाश ने पुत्री के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी दीपक कुमार और जलील अहमद शामिल रहे।

पति को बचाने में करंट की चपेट में आई महिला, मौत

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

● मऊ थाना क्षेत्र के कोटरा खांभा का मामला

अमृत विचार। पति को बचाने के चक्कर में एक महिला करंट की चपेट में आ गई। उसे परिजन अस्पताल लेकर भागे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से घर में रोनापीटना मच गया।

दुखद घटना थाना क्षेत्र अंतर्गत कोटरा खांभा की है। बताया जाता है कि रविवार रात गांव निवासी योगराज आरख पुत्र शिवबोधन अपने घर के दरवाजे के पास खड़ा था। उसने लोहे का दरवाजा छुआ तो करंट की चपेट में आ गया। पति को तड़पता देख वहीं काम कर रही सुमन (35) ने आव देखा न ताव और पति को धक्का दे दिया। इस दौरान वह अपना संतुलन नहीं साध पाई और खुद करंट की चपेट में आ गई। परिजनों ने किसी तरह उसे दरवाजे से अलग किया और दोनों को आननफानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डाक्टरों ने सुमन को मृत घोषित कर दिया तो वहीं जोगराज को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। बताया जाता है कि दरवाजे के बगल से निकली घर की केबल कटी थी, जिससे करंट लोहे के दरवाजे में उतर आया। दंपति के एक पुत्री चांदनी (5) व पुत्र धीरज (2) है। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बोर्ड बैठक

डिलौरा में सघन पौधरोपण, लक्ष्मणपुरी में पुलिस चौकी सहित 13 प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से लगी मुहर

दुकान को किराये पर दिया तो रद होगा आवंटन

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद की सोमवार को हुई बोर्ड बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों के 13 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस मौके पर ईओ लालजी ने बताया कि पुरानी दुकानों को आवंटियों द्वारा किसी अन्य को किराये में देने पर आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा।

ईओ ने बताया कि मामले की जांच कराने के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। यह एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट देगी। सभासद राजकमल वर्मा ने मुख्यमंत्री नगरोदय योजना की कार्ययोजना पर चर्चा करने की बात रखी, जिसे स्वीकृति प्रदान की गई। सभासद पवन बद्री, विनीत पयासी, अनुज निगम ने पुल घाट में बने मुक्तिधाम के सुंदरीकरण का मुद्दा रखा, जिसे सहमति मिली। राजस्व वसूली की ऑनलाइन व्यवस्था करने, मार्गों की चौड़ाई के अनुसार सर्वे कराकर गृहकर लगाने, डिलौरा में सघन पौधरोपण, वार्ड नंबर चार लक्ष्मणपुरी में पुलिस चौकी आदि भी प्रस्ताव बोर्ड में पारित हुए। बैठक में नवरात्र और दशहरा पर्वों के मद्देनजर सफाई और प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने पर चर्चा हुई। अध्यक्ष ने सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला को निर्देशित किया कि प्रतिदिन एक वार्ड में सभासद के साथ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें। सभासद शंकर यादव ने शास्त्रीनगर शोभा सिंह का पुरवा में भी प्रकाश व्यवस्था और एसडीएम कॉलोनी को जाने वाले मुख्य मार्ग के निर्माण का मुद्दा रखा। बोर्ड में मृतक आश्रित आरती और नकुल प्रसाद को सफाईकर्मी के पद पर नियुक्त किए जाने की सहमति प्रदान की गई। बैठक में सभासद, लिपिक आदि मौजूद रहे।

बोर्ड की बैठक में पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ईओ लालजी और सभासद। अमृत विचार

सफाईकर्मियों के प्रति जताई नाराजगी

सभासद बल्लू राम निषाद, शैलेंद्र सोनी ने कुछ सफाईकर्मियों पर ड्यूटी ठीक से न करने की शिकायत की। यह भी बताया कि प्रकाश व्यवस्था में लगे कर्मचारी लापरवाही कर रहे हैं। इस पर अध्यक्ष ने प्रकाश प्रभारी अशरफ खान को हिदायत दी कि कर्मचारियों को निर्देशित करें कि वे अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं अन्यथा सेवा समाप्ति कर दी जाएगी।

अध्यक्ष और सभासदों के बीच हुआ विवाद

सूत्रों के मुताबिक, बैठक में अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता और सभासदों के बीच मुहांचाही की भी स्थिति बनी। बताया जाता है कि सभासदों ने कहा कि तय हुआ था कि जिस वार्ड में सफाई कराई जाए या प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त की जाए, वहां सभासदों को भी बताया जाए पर ऐसा नहीं होता। मनमाना काम होता है और रिपोर्ट बना दी जाती है। बताते हैं कि इस पर पहले तो अध्यक्ष ने कर्मचारियों से नाराजगी जताई और अगले ही पल यह कहकर मामला बराबर कर दिया कि उनके कर्मचारी बड़े कर्मठ हैं। इससे सभासदों में रोष व्याप्त हो गया। पालिकाध्यक्ष ने प्रकाश निरीक्षक को निर्देश दिए कि सभासद की मौजूदगी में ही लाइट लगाई जाएं। इसके अलावा सड़क निर्माण को लेकर पालिकाध्यक्ष के जवाब से सभासद असंतुष्ट नजर आए।

सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने में सहयोग करें

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

अमृत विचार। शारदीय नवरात्र के संबध में सोमवार को उप जिलाधिकारी सौरभ यादव और क्षेत्राधिकारी जयकरण सिंह ने पीस कमेटी की बैठक की। इसमें दोनों अधिकारियों ने सभी से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने में सहयोग की अपील की।

एसडीएम ने कहा कि सभी शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्द पूर्ण त्योहार मनाएं। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित हो। पर्व में निर्धारित स्थान-पांडालों में प्रतिमाओं की स्थापना की जाए। स्थान परिवर्तन किए जाने का कारण एवं जानकारी पहले से दी जाए, जिसका निरीक्षण कर उचित निर्णय लिया जाएगा। सफाई का विशेष ध्यान रखें। बगैर अनुमति के कोई नई परंपरा न डालें। पांडालों में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाएं, जिससे आसामाजिक तत्वों की निगरानी की जा सके। पांडालों में अग्निशमन यंत्र, पानी, बालू आदि अनिवार्य रूप से होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मूर्तियों का विसर्जन अमृत सरोवर तालाबों में नहीं किया जाएगा। सीओ जयकरण सिंह ने कहा कि कार्यक्रमों के आयोजक एवं संयोजक इस बात का विशेष ध्यान रखें कि नशे की हालत में लोगों को पांडाल में प्रवेश न दें। सद्भावना के साथ मन, क्रम, वचन से पवित्र होकर सभी कार्यक्रम संपन्न कराएं। यदि कोई परेशानी हो तो बेहिचक अवगत कराएं, शीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान एसडीओ शिवम गुप्ता, बीडीओ रामजी मिश्रा, एसओ विनोद कुमार राय, तहसीलदार विजय यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रभात कुमार पांडेय, प्रधान रामबाबू, शारदा पांडेय, महेंद्र बलुआ, भगवत प्रसाद द्विवेदी, सहित मऊ क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधान एवं मऊ क्षेत्र के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। बाद में अधिकारियों ने प्रतिमा विर्सजन स्थलों का भी मुआयना किया।

पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम सौरभ यादव और सीओ जयकरण सिंह।

● पीस कमेटी की बैठक में अफसरों ने की अपील

ट्रेन से कटी महिला और 8 बकरियां

झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर बेलाताल स्टेशन के पास दर्दनाक हादसा, महिला के शरीर के चीथड़े उड़े

संवाददाता, जैतपुर (महोबा)

अमृत विचार। झांसी-मानिकपुर रेलवे ट्रैक पर सोमवार को बेलाताल रेलवे स्टेशन के समीप आठ बकरियों और एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को टुकडों को समेटकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दर्दनाक हादसे के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।

बेलाताल के घुसियाना मोहल्ले के रहने वाले बालमकुंद पाल की पत्नी रामरती (75) रोज बकरियां चराने जाती थी, जबकि पति खेती-मजदूरी करता है। रामरती सोमवार को भी बेलाताल रेलवे स्टेशन के समीप रेल पटरी के किनारे बकरियां चरा थी, तभी बकरियां रेल पटरी पर पहुंच गईं। सुबह करीब साढ़े नौ बजे रामरती बकरियों को रेल पटरी से हटाने के लिए खुद भी ट्रैक पर पहुंच गई।

इस बीच पीछे से बांदा से झांसी जाने वाली शटल मेमो ट्रेन आ गई और हार्न दिया। रामरती ने पीछे मुड़कर देखा, लेकिन तब तक वह ट्रेन की चपेट में आ गई। ट्रेन से कटने के कारण उसके शरीर के कई टुकड़े हो गए, जिससे उसकी मौत हो गई।

ट्रेन की टक्कर से महिला के साथ उसकी आठ बकरियां भी ट्रेन की चपेट में आने से मर गईं। ट्रेन गुजरने के बाद आसपास बकरी चरा रहे दूसरे चरवाहों और खेत पर काम कर रहे किसानों ने पटरी के पास पहुंचकर महिला और बकरियों के क्षत-विक्षत शवों को देखा और बेलाताल चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव के टुकड़ों को एकत्र करने के बाद पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रेलवे पटरी पर काफी दूर तक खून की खून फैल गया था।

हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

- बकरियों को चराने रेलवे लाइन के किनारे गई थी महिला
- पुलिस ने टुकड़ों में समेटने के बाद शव का पंचनामा भरा

बकरियों को बचाने के प्रयास में चली गई वृद्धा की जान

- महोबा। बकरियों की जान बचाने के चक्कर में महिला की जान चली गई। बकरियां तो पटरी से नहीं भागी, लेकिन बकरियों को पटरी से हटाने गई महिला ट्रेन की चपेट में आ गई और उसके चीथड़े उड़ गए। वृद्धा रामरती बकरियां चराकर पति का हाथ बटाती थी। बताते हैं कि रामरती ने शुरुआत में एक बकरी पाली थी, जो अब बढ़कर आठ हो गई थीं। वह खुद जंगल में बकरी चराने जाती थीं। सोमवार को वह रेल पटरी के दूसरी तरफ बकरियां चरा रही थी, तभी बकरियां चरते-चरते रेल पटरी पर पहुंच गई, तभी ट्रेन को आते देख वह बकरियों की जान बचाने के लिए पटरी पर पहुंच गईं। बुढ़ापे की उम्र में वह पटरी पार नहीं कर सकी और ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे बकरियों के साथ वृद्धा की भी मौत हो गई।

दूध बेचकर करती थी परिवार का गुजारा

- परिजनों का कहना है कि रामरती 75 साल की उम्र में भी बकरियों का पालन-पोषण करती थी। बकरियों को चराने के बाद घर में उनकी देखभाल करती थी और सुबह-शाम दूध निकालकर परिवार के लोगों को खिलाने के बाद बेचकर घर के खर्च में हाथ बंटाती थी। हादसों में उसकी आठों बकरियों की जान चली गई, जिससे परिवार के आय का एक साधन भी छिन गया है।

घटनास्थल पर मची चीख पुकार, तहसीलदार पहुंचे

- इस दर्दनाक हादसे की जिसे भी जानकारी मिली, वह घटनास्थल की तरफ दौड़ता चला गया। रेलवे ट्रैक के आसपास ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिवार वालों के बीच चीख-पुकार मच गई। जीआरपी के साथ आरपीएफ की टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने हादसे की जांच-पड़ताल करने के साथ महिला की शिनाख्त कराई। हादसे की सूचना पर कुलपहाड़ तहसीलदार भी राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जायजा लिया।

छात्रों को मौसम सब्जी और फल के साथ दाल भी खाने की दी गई सलाह

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- राष्ट्रीय पोषण माह के तहत विद्या मंदिर में लगाई गई प्रदर्शन
- प्रधानाचार्य और आचार्यों ने किया चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन

अमृत विचार। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले में चल रहे पोषण माह सप्ताह के तहत सोमवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज महोबा में चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का अधिकारियों ने अवलोकन किया और छात्रों द्वरा बनाए गए चित्र व पोस्टरों को नजदीक से देखते हुए छात्रों से बनाए गए चित्रों के बावत जानकारी भी ली गई। इस मौके पर चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज महोबा के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने किया।

चित्र प्रदर्शनी में मोटे अनाज और स्थानीय सब्जियों को एकत्र कर पोषण स्टाल लगाया गया। स्टाल पर मौसमी सब्जियां और छात्राओं द्वारा बनाए गए पोस्टरों को देखा गया। कालेज के प्रधानाचार्य ने बच्चों को पोषण अहार के बावत विशेष जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। हमारे रोजमार्रा के जीवन में प्रोट्रीन, विटामिन, आयरन, कैल्सियम अवश्य होना चाहिए जो हमे विभिन्न प्रकार की दालों और फलों से मिलता है। उन्होंने कहा कि मौसमी सब्जियां भी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती हैं।

चित्र प्रदर्शनी के मौके पर छात्रों से पोषण संबन्धित माडल और चित्र बनवाए गए। कालेज परिसर के बड़े भू भाग में चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जहां पर छात्रों ने एक से एक चित्र तैयार किए। चित्र प्रदर्शनी अवलोकन दौरा प्रधानाचार्य और आचार्यों ने पोस्टरों में बनाए गए चित्रों के बावत प्रश्न भी पूछे गए। इस कार्यक्रम सभी आचार्य और छात्र उपस्थित रहे।

चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रधानाचार्य और आचार्य। अमृत विचार

होर्डिंग लगाते समय करंट से झुलसा

महोबा। पनवाड़ी कस्बे के सुभाष नगर में होर्डिंग्स लगाते समय एक युवक 11000 एचटी लाइन की करंट की चपेट में आ गया, जिससे गंभीर रूप से झुलस कर गिर गया।

आसपास काम कर रहे दुकानदारों ने डायल 112 और 108 एंबुलेंस को सूचना दी।मौके पर पहुंची डायल 112 के कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह एवं चालक रामबाबू यादव के द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाडी में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर के द्वारा इलाज किया जा रहा है। परिजनो को पुलिस के द्वारा सूचना दी गई है। बता दें कि सतीश कुमार 26 पिता रविंद्र सिंह यादव निवासी गर्रा पुरवा थाना गढ़ी मलहरा जिला छतरपुर का रहने वाला है जो सोनालिका ट्रैक्टर की होर्डिंग्स लगाने का काम कर रहा था।

खोखो-कबड्डी प्रतियोगिता में कुल्लाई पहाड़ी अव्वल

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। श्रीनगर पिपरामाफ एवं भंडरा न्याय पंचायत के प्राथमिक और जूनियर वर्ग की बालक और बालिकाओं की समस्त खेलकूद प्रतियोगिताएं उच्च प्राथमिक विद्यालय बिलरही में संपन्न हुई जिसमें भंडरा, श्रीनगर और पिपरामाफ न्याय पंचायत के समस्त परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा और खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश यादव के निर्देशन में प्रतियोगिता का शुभारंभ नोडल संकुल शिक्षक अनिल शुक्ला व जयनारायण तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित व दीप प्रज्वलित करके की।

प्राथमिक और जूनियर स्तर एथलेटिक्स खोखो कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक स्तर पर एथलेटिक्स में बालक वर्ग व बालिका वर्ग की सात प्रतियोगिताओं तथा खोखो व कबड्डी बालिका वर्ग में जीत दर्ज कर मॉडर्न प्राइमरी इंग्लिश मीडियम स्कूल कुल्लाई पहाड़िया प्रथम स्थान पर रहा। इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय भैरवगंज 200 व 400 मीठा दौड़ में बालिका वर्ग व प्राथमिक विद्यालय बिलरही खोखो व कबड्डी में जीत दर्ज कर दूसरे स्थान पर रहे। तीसरे स्थान पर कन्या प्राथमिक विद्यालय श्रीनगर 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग में जीत हासिल कर तीसरे स्थान पर रहा तथा प्राथमिक स्तर पर श्रीनगर न्याय पंचायत विजयी रही।।

जूनियर स्तर की प्रतियोगिता में उच्चतर प्राथमिक विद्यालय बिलरही दौड़, कबड्डी और खोखो की छह प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्चतर प्राथमिक विद्यालय पिपरामाफ बिलखी व सिजरिया की चार प्रतियोगिताएं हुई जिसमें जीत दर्ज कर द्वितीय पाया वहीं उच्चतर प्राथमिक विद्यालय बरा ने दो प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर तृतीय स्थान पर रहा। इस दौरान सभी संकुल शिक्षक प्रधानाध्यापक शिक्षिकायें खेलकूद अनुदेशक शिक्षामित्र आदि सभी के सहयोग से विधिवत संपन्न हुई पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिलरही की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका विजय श्री ने बच्चों एवं शिक्षकों के जलपान की व्यवस्था की तथा सभी का आभार जताते हुए कहा कि विजयी बच्चों के शिक्षक ब्लॉक प्रतियोगिता के लिए निरंतर तैयारी कराते रहें जिससे अपने क्षेत्र का नाम रोशन हो।

दौड़ प्रतियोगिता के लिए तैयार छात्राएं।

कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

- प्राथमिक और जूनियर वर्ग की न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता

तीन से शुरू होगी इंटर स्कूल चेस चैंपियनशिप

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 160 बच्चे करेंगे प्रतिभाग

अमृत विचार। यूपी चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी में चेस इन स्कूल्स को अभियान के रूप में चलाने के लिए गए फैसले के तहत महोबा में दो दिवसीय इंटर स्कूल चैस चैम्पियनशिप का आयोजन होने जा रहा है। 3 व 4 अक्टूबर को आयोजित होने जा रही उस चैम्पियनशिप में आधा दर्जन स्कूलों के डेढ सैकडा से अधिक स्टूडेंट प्रतिभाग करेंगे।

जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष व चैस इन स्कूल्स समिति के प्रांतीय सदस्य राकेश कुमार अग्रवाल के अनुसार महोबा जिले के कुलपहाड़ कस्बे में जनतंत्र इंटर कालेज के तत्वावधान में अंतर्विद्यालीय शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 3 और 4 अक्टूबर को किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में जनतंत्र इंटर कालेज के अलावा आरबीपीएस कुलपहाड़, मीना इंटरनेशनल, सैंट जोसेफ अकादमी एवं चिंतामणि आदर्श विद्यालय के लगभग 160 से अधिक छात्र छात्राएं भाग लेंगे। यह चैंपियनशिप अंडर 13, अंडर 17 आयु वर्ग में आयोजित होगी। संयोजक व जनतंत्र इंटर कालेज के प्रबंधक डा. आत्मप्रकाश, प्रिंसिपल जयप्रकाश अनुरागी एवं प्रकाश चंद्र यादव के अनुसार जिला शतरंज संघ के सहयोग से प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। विजेताओं व उपविजेताओं को 5 अक्टूबर को पुरस्कृत किया जाएगा।

उर्द, मूंग के बाद मूंगफली पर संकट

संवाददाता, जैतपुर (महोबा)

अमृत विचार। झमाझम हुई बारिश से उर्द मूंग और तिल की फसल बर्बाद होने के बाद खेतों में पानी भरा रहने से अब मूंग की फसल पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। मूंगफली की फसल उखाड़ने के समय खेतों में पानी भर जाने से फसल उखाड़ना तो दूर किसान खेतों में पैर नहीं रख पा रहा है जिससे किसानों को अब रबी फसल के बाद खरीफ की फसल बर्बाद होने से बड़ा झटका लगा है।

किसान हर साल कभी खरीफ तो कभी रबी फसल के लिए बैकों और साहूकारों से कर्ज लेकर जुताई बुवाई तो कर देता है और फसल भी पककर तैयार हो जाती है, लेकिन फसल कटने से कुछ समय पहले ही प्रकृति के रुठ जाने से किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है। इस साल मार्च माह के पहले सप्ताह में फसल की कटाई शुरु हुई थी कि उसी समय ओलावृष्टि और झमाझम बारिश के चलते रबी की फसल बर्बाद हो गई थी जिससे किसान बैंकों और साहूकारों का कर्ज अदा नहीं कर सका था।

किसानों ने खरीफ फसल के लिए साहूकारों से कर्ज लेकर उर्द मूंग तिल और मूंगफली की बुवाई कर दी थी। इस साल दलहली और तिलहनी फसले बहुत अच्छी होने के कारण खासा गदगद था। जुलाई और अगस्त माह में खेतों को जरुरत के अनुसार ही बारिश का पानी मिला, जिससे फसल और अच्छी हो गई थी लेकिन जब फसल पककर कटने के लिए तैयार हुई तभी प्रकृति के रुठ जाने से तीन दिन पहले दो दिन तक हुई जोरदार बारिश ने दलहन तिलहनी फसल बर्बाद होने के बाद अब मूंगफली की फसल पर भी संकट छा गया है।

खेत पर पानी भरने से मूंगफली की फसल सड़ने के आसार हैं। अमृत विचार

- रबी और खरीफ की फसलें बर्बाद होने से किसान कर्ज से परेशान

लॉटरी का झांसा देकर 26 हजार रुपये ठगे

सुमेरपुर। भौनिया गांव की एक महिला को ऑनलाइन ठगी के माध्यम से बेवकूफ बनाकर 26 हजार की रकम ठग ली। मामला फंसने के बाद यह ठगी प्रकाश में आई है।

भौनिया निवासी अनुसुइया का पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। रविवार को इसके पास दोपहर में एक फर्जी काल आई और उसने बताया कि उसकी 10 लाख की लॉटरी लगी है। 26 हजार रुपये हमारे बताए अकाउंट में डाल दो। ताकि 10 लाख की धनराशि तुम्हारे खाते में डाली जा सके। महिला ने अपने नाबालिग पुत्र को साथ लेकर कस्बे में कमलेश तिराहा में संचालित एक कैफे सेंटर पर आई। उसने कैफे संचालक से कहा कि वह इस अकाउंट में 26 हजार रुपये डाल दे। वह अभी वापस कर रही है। कैफे संचालक ने बताए गए अकाउंट में रुपये भेज दिए। अकाउंट में रुपये पहुंचते ही फोन करने वाले ऑनलाइन फ्रॉड का नंबर बंद हो गया। इससे महिला सन्न रह गई और उसने कैफे संचालक को रुपये वापस करने पर असमर्थता जताई। कैफे संचालक ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस महिला को थाने ले आई और उसके बाद कैफे संचालक से समझौता करा दिया गया है। महिला के बिंदकी से आए पिता ने कैफे संचालक को धनराशि वापस की है।

- पुलिस ने महिला को पकड़कर पीड़ित को रुपये वापस दिलाए

एडीएम ने रवाना किया प्रचार वाहन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान से किसानों को अवगत कराने और इसके न जलाने से भूमि मे होने वाले फायदे के बाद किसानों को जागरुक किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रखाना किया। वाहन सोमवार को सारा दिन अलग अलग गांव में भ्रमण कर प्रचार प्रसार करता रहा। इस मौके पर जिले के तमाम अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

जिले में फसल कटने के बाद किसानों द्वारा अवशेष काटने के बजाए उसमें आग लगा दी जाती है, जिससे खेतों की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है और इसका असर फसल के उत्पादन पर पड़ता है। किसानों को पराली न जलाने की सलाह दी गई जिससे खेतों में अधिक से अधिक पैदावार हो सके। प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाने से पहले अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने कहा कि देशी खाद का प्रयोग करने से खेतों में जान बनी रहती है और हर साल खेतों में फसल का अधिक उत्पादन होता है। इस मौके पर उप निदेशक कृषि डॉ. अभय कुमार सिंह यादव ने कहा कि पराली जलाने से इसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। पर्यावण प्रदूषण पर भी इसका असर पड़ता है। कहा कि पराली जलाने की वजह से जहां एक तरफ प्रदूषण की समस्या बढ़ जाती है, तो वहीं दूसरी तरफ इसके वजह से जमीन भी बंजर होने लगती है।

प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एडीएम। अमृत विचार

- पराली जलाने से नुकसान के बारे जागरूक करेगा प्रचार वाहन

अब कसेगा शिकंजा खाद्य लाइसेंस देने के लिए विभाग की ओर से पुरानी गल्ली मंडी में लगाया गया शिविर

बिना लाइसेंस फुटपाथ पर बिक रही खाद्य सामग्री

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। अब छोटे बड़े सभी दुकानदारों को खाद्य लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है जिसके चलते फुटपाथ सुबह शाम चार ठेलिया और सड़क किनारे स्टाल लगाकर मोमोज, चाउमिन, बर्गर, चाट, समोसे, पकौड़ा सहित अन्य खाद्य सामग्री बेचने वाले सभी दुकानदार अब बिना लाइसेंस के खाद्य सामग्री नहीं बेच सकेंगे। इसके लिए शहर की पुरानी गल्ला मंडी में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग द्वारा शिविर लगाकर छोटे दुकानदारों के खाद्य लाइसेंस बनाए गए।

जिले में खाद्य विभाग खुला होने के बाद भी अस्सी प्रतिशत लोग बिना लाइसेंस के खाद्य सामग्री की बिक्री धड़ल्ले से कर रहे हैं। सुबह रोडवेज में सड़क किनारे दोनो तरफ भजिया, समोसे, मोमोज, जलेबी, बेज बिरयानी, अंकुरित चने, पोहा सहित तमाम खाद्य सामग्री की बिक्री दुकानदारों द्वारा की जाती है। इसी तरह आल्हा चौक से पुलिस चौकी होते हुए राठ चुंगी तक खाद्य सामग्री जगह जगह पर फुटपाथ पर दुकाने चल रही हैं तमाम लोग चार पहिया ठेलिया और स्टाल लगाकर खाद्य सामग्री बेचते है। जहां पर सुबह से देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रहती है।

सैकड़ों की संख्य में दुकानदार बिना लाइसेंस लिए खाद्य सामग्री की दुकाने संचालित किए हुए हैं बावजूद इसके खाद्य विभाग के अधिकारी आंख बंद किए हुए बैठे हैं। सड़क किनारे बन रही पूड़ी सब्जी, मोमोज, मिर्च ब्रेड पकौडा व अन्य खाद्य सामग्री उड़ने वाली धूल के कण भी पहुंच रहे हैं। छोटे छोटे दुकानदार सुरक्षा की दृष्टि से कोई व्यवस्था नहीं किए हुए है और बिना लाइसेंस बनवाए खाद्य सामग्री बेचकर लाखो रुपये राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे है। अब खाद्य विभाग की नींद टूटी और छोटे दुकानदारों के लाइसेंस बनाने शुरू कर दिए है।

शिविर में खाद्य लाइसेंस बनाने के लिए बैठे कर्मचारी। अमृत विचार

शिविर में 150 दुकानदारों ने कराया पंजीकरण

- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, महोबा द्वारा खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण बनवाने के लिए पुरानी गल्ला मण्डी, महोबा में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, अनिल कुमार मिश्र आरएल कुशवाहा एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी महोबा के नेतृत्व में कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 खाद्य पदार्थ विक्रेताओं का पंजीकरण किया गया। इस कार्य में स्थानीय व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों श्याम किशोर सुरेश कुमार शुक्ला आदि द्वारा खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को सूचित एवं एकत्रित करने का कार्य किया गया साथ ही लाउडस्पीक द्वारा दुकानदारों को शिविर लगाए जाने की जानकारी भी दी गई थी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31(1) एवं 31(2) में प्राविधान किया गया है कि कोई भी व्यक्ति बिना खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण लिए खाद्य कारोबार नहीं कर सकता है। यदि निरीक्षण के दौरान उपरोक्त कार्य करते हुए पाये जाने पर पांच लाख रुपये का जुर्माना और छह महीने तक का कारावास की सजा का प्रावधान है।

युवक पर कुल्हाड़ी से किया हमला

राठ। कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव में रंजिश के चलते आधा दर्जन दबंगों ने अपने परिवार के ही एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर उसकी जमकर पिटाई करते हुए कुल्हाड़ी मार कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

औंता गांव निवासी लखन सिंह पुत्र जुझार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर के अंदर बैठा हुआ था। तभी परिवार के ही आधा दर्जन लोगों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी लोगों ने उसकी जमकर पिटाई करते हुए उसे कुल्हाड़ी मारकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि घायल व्यक्ति का मेडिकल परीक्षण कराया गया है तथा मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देने जाते हुए रोजगार सेवक। अमृत विचार

रोजगार सेवकों ने एसपी को दिया ज्ञापन

मौदहा। रास्ते में रोककर रोजगार सेवक के साथ मारपीट और चैन स्नेचिंग की घटना के बाद पुलिस ने मारपीट और दलित उत्पीड़न के तहत मुकदमा तो दर्ज कर दिया। लेकिन चैन स्नेचिंग को मुकदमे से हटा दिया। हालांकि उसके बाद पुलिस ने आरोपियों की ओर से एक तहरीर लेकर रोजगार सेवक सहित कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर क्रास केस कर दिया। जिसके बाद सोमवार को रोजगार सेवकों के एक प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर रोजगार सेवक पर दर्ज फर्जी मुकदमा खारिज करने के साथ ही साथ मुकदमे में चैन स्नेचिंग की धारा बढ़ाने की मांग की है। वहीं लोगों ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि आरोपियों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संबंध एक बड़े ओहदेदार से होने के कारण पुलिस दबाव में काम कर रही है। इस दौरान देवेंद्र कुमार, अनिल कुमार, राजबहादुर, मुकेश कुमार सहित अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे।

छात्र-छात्राओं ने अजैविक अपशिष्टों से तैयार किए मॉडल

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कॉलेज उरई में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र/छात्राओं द्वारा श्रीआर मॉडल आधारित रिसाईकिल (वेस्ट-टू-आर्ट) बेकार पड़ी सामग्रियों और वस्तुओं को कलात्मक रचनाओं के माध्यम से उन्हें पुनः उपयोग में करने को प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अवलोकन कर छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों ने वेस्ट-टू-आर्ट के अन्तर्गत वेस्टेज प्लास्टिक सहित अन्य अजैविक अपशिष्टों से विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार किए हैं,जो बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अपने जनपद के होनहार छात्र-छात्रायें ऐसे ही मॉडल तैयार करें, जिससे आने वाले समय में किये गये आविष्कारों से समाज को लाभान्वित कराया जा सके तथा इनका बेहतर प्रयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि वेस्ट-टू-आर्ट की अवधारणा में पर्यावरण जागरूकता और रचनात्मकता दोनों को बढ़ावा देते हुए छात्र-छात्राओं ने बेकार पड़ी सामग्रियों और वस्तुओं को कलात्मक रचनाओं के माध्यम से उन्हें पुनः उपयोग करने लायक बनाया। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गयी कलाकृतियां बेजोड़ हैं जो इनकी कलात्मक सोच को दर्शाती हैं। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारी, नागरिक व छात्र/छात्राओं को स्वच्छता शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पण्डित, राजकीय इण्टर कॉलेज प्रधानाचार्य आदि सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी का अवलोकन करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

मोहल्लों में कीटनाशक दवा का छिड़काव करते कर्मी।

शिविर में स्वच्छता की दिलाई गई शपथ

- **कुसमिलिया।** डकोर ब्लॉक परिसर पर स्वच्छता ही सेवा, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ ब्रजकिशोर ने की। सामुदायिक शौचालय के 10 सफाई कर्मियों को सफाई किट बांटी गई एवं 10 शौचालय स्वीकृत प्रमाणपत्र दिए गए। उन्होंने सफाई मित्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और शपथ दिलाई गई। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर लगाकर सभी सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। यहां पर एडीओ बलवीर सिंह, रमेश उदानियां, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इदरीश मोहम्मद, सीडीपीओ संपत देवी, बुद्ध सिंह, सचिव राम बिहारी वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, रोहित कुशवाहा, अंकित निरंजन, मोहित त्रहिया, डॉ. विनोद निराला, डॉ. आलोक तिवारी, अनिरुद्ध मौजूद रहे।

स्वच्छता की शपथ दिलाते अतिथि।

पालिका ने शुरू किया सफाई अभियान

- **कालपी।** बरसात के बाद नगरीय क्षेत्र में सभी 25 वार्डों को 7 सेक्टरों में बाटकर नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई का कार्य कराया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव तथा अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के द्वारा कई स्थानों का स्थलीय निरीक्षण करके स्वच्छता पखवाड़े पर जोर दिया गया। सफाई अभियान प्रभारी शिशुपाल सिंह यादव की निगरानी में सफाई नायकों के नेतृत्व में अलग-अलग 7 सेक्टरों में सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है। कर्मचारियों की टीम ने रोज सुबह तथा शाम को दो पारियों में सफाई करने का अभियान शुरू कर दिया है। नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक रामभुवन सिंह ने बताया कि मच्छरों के खात्मे के लिए कीटनाशकों का छिड़काव कराया जा रहा है।

छात्रों को दी पीएम सौभाग्य योजना की जानकारी

संवाददाता,बांदा

अमृत विचार। पंडित जवाहरलाल नेहरू कालेज में एनसीसी इकाई ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को 60 यूपी एनसीसी बटालियन फतेहपुर के कमांडिंग आफिसर कर्नल बृजेश पठानिया के निर्देश पर कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना विद्युत के बारे में चर्चा की गई। एनसीसी आफिस द्वारा एनसीसी कैडेट और एवं महाविद्यालय के अन्य छात्रो के साथ इस विषय पर परिचर्चा हुई 1 परिचर्चा में कंपनी कमांडर के साथ अंग्रेजी विभाग के प्रवक्ता डा.सुनील कुमार एवं वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रवक्ता डा.अर्पणा मिश्रा सम्मिलित हुईं डाक्टर सुनील कुमार ने कैडेटों एवं छात्रों को प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना विद्युत क्यों लागू की गई इसके बारे में विस्तार से जानकारी कराई उन्होंने बताया कि इस योजना से निर्बल वर्ग के लोगों को भी बिजली उपभोग करने को सहजता से प्राप्त हुई है कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट डाक्टर प्रत्युष मिश्र ने दोनों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उपस्थित एनसीसी कैडेट। अमृत विचार

एक नजर

ट्रक ने बाइक मे मारी टक्कर, बच्चे की मौत

कालपी। नेशनल हाइवे पर तेज गति से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक पिता-पुत्र दूर जाकर गिरे। हादसे में बच्चे की मौत हो गयी। सोमवार को तहसील कालपी के ग्राम सरेनी निवासी देवीदयाल अपने 14 वर्षीय पुत्र राजा बाबू के साथ बाइक से नेशनल हाइवे से कालपी की ओर जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक ने गैस गोदाम के सामने बाइक में टक्कर मार दी जिससे पिता-पुत्र दूर जाकर गिरे। गंभीर रूप से घायल बालक राजा बाबू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे मे ले लिया।

पैदल चाल प्रतियोगिता 2 को

उरई। 2 अक्टूबर पर होने वाली पैदल चाल प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। क्रीड़ा अधिकारी शैलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि 02 अक्टूबर पर जिला खेल कार्यालय इन्दिरा स्टेडियम उरई के तत्वावधान में सुबह 9:30 बजे से इन्दिरा स्टेडियम प्रांगण में जिला प्रशासन के सहयोग से बालक एवं बालिका वर्ग में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी को कई बच्चे मिले बिना ड्रेस

जिलाधिकारी ने मिरगहनी के उच्च प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप ने सोमवार को तिंदवारी विकास खंड के मिरगहनी में पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को विद्यालय में कई बच्चे बिना स्कूली ड्रेस के नजर आए जिस पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने प्रधानाचार्य को विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन आंगनबाडी केंद्र का निर्माण मानक व गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्यालय में प्रार्थनासभा के दौरान सभी बच्चों को संचारी रोग के प्रति जागरूक किये जाने को निर्देशित किया। कक्षा तीन व चार के बच्चों से शिक्षा की गुणवत्ता का आंकलन करने को हिंदी भाषा व गणित विषय के संबंध प्रश्न पूछे, जिनका कुछ छात्रों द्वारा संतोषजनक उत्तर देने पर उन्होंने सम्बन्धित अध्यापकों को शिक्षा की गुणवत्ता पर सुधार करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अध्यापक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहें तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत निर्धारित किये गये कोर्स के अनुसार बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर विद्यालय को निपुण बनायें।

जिलाधिकारी ने विद्यालय में कई कक्षाओं में बच्चों को ड्रेस में उपस्थित न होने पर खंड शिक्षाधिकारी को कडे निर्देश दिये कि सभी बच्चों को ड्रेस के साथ विद्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करायें। निर्देशित किया कि जिन अवशेष बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी के द्वारा धनराशि उपलब्ध नही हो पाई हैं, उनकी केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराकर धनराशि उनके खाते में उपलब्ध करायी जाए। डीएम ने विद्यालय परिसर की समुचित साफ-सफाई कराये जाने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति कम पाये जाने पर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाये जाने के लिए प्रतिमाह अभिभावकों की बैठक आयोजित करने को कहा।

उन्होंने बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार मिड डे मील का गुणवत्तायुक्त वितरण करने के निर्देश दिये। विद्यालय में स्मार्ट क्लास में कक्षा-7 व 8 के बच्चों को साइंस व महत्वपूर्ण विषयों की तकनीकी रूप से जानकारी देते हुए पढाये जाने के सम्बन्ध में साइंस टीचर को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, बेसिक शिक्षाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं विद्यालय के अध्यापक उपस्थित रहे।

ब्लैक बोर्ड में बच्चे से जानकारी लेते जिलाधिकारी व साथ में उपस्थित अन्य अधिकारी।

- **खंड शिक्षा अधिकारी व शिक्षकों को दिए जरूरी दिशा निर्देश**

सब्जी की खेती करने वाले किसानों को उद्यान विभाग देगा बीज

बांदा। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि जनपद में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन एवं राज्य सेक्टर योजनान्तर्गत शंकर शाकभाजी के बीज का शासन द्वारा इम्पैनल्ड कंपनियो व फर्मों का स्टाल जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय प्रागंण में लगाया गया जिसमें जिले के लगभग 100 कृषक शामिल हुये। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़ोखर खुर्द के ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू ने किया। कार्यक्रम में जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने मेले में उपस्थित कृषको को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। अवगत कराया कि जो कृषक भाई सब्जी की खेती करने के इच्छुक हो उनके कार्यालय में अपना पंजीकरण कराकर रबी/जायद सब्जी बीज प्राप्त कर सकते हैं। इन योजनाओं का क्रियान्वयन निदेशालय से प्राप्त दिशा निर्देश के आधार पर किया जायेगा। योजना का लाभ प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर होगा।

सार-संक्षेप

दहेज उत्पीड़न के आरोपी पति व सास-ससुर गिरफ्तार

उरई। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में नव विवाहिता के पति व सास-ससुर को गिरफ्तार किया है। रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम मिर्जापुर जागीर में गत शनिवार को नवविवाहित काजल उम्र 19 वर्ष पत्नी मोहित ने फांसी के फंदे पर झूल कर आत्महत्या कर ली थी। घटना के समय मृतका का पति मोहित गुजरात में मजदूरी पर था। घटना के बाद काजल के मायके पक्ष के लोगों ने मिर्जापुर जागीर जाकर हंगामा किया था एवं दहेज के लिए मारपीट, उत्पीड़न व हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए थाना रामपुरा में काजल के पति मोहित पुत्र अनंतराम, ससुर अनंतराम पुत्र काशीराम, सास रजनी देवी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के लिए प्रार्थनापत्र दिया। मृतका के पिता मगनलाल पुत्र मुरलीधर निवासी भदेख थाना कुठौंद से प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर रामपुरा थाना में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था। मामले में थानाध्यक्ष संजीव कुमार कटियार, वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह, उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी ने दविस देकर मुकदमे में वाछित तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

घर के बाहर खेलते समय नाले में गिरा बालक, मौत

उरई। कोतवाली क्षेत्र के जोल्हूपुर गांव की नई बस्ती में घर के बाहर खेल रहे बालक की नाले में गिरकर मौत हो गई। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम गोरा भूपका निवासी रामनरेश प्रजापति करीब एक वर्ष से जोल्हूपुर गांव की नई बस्ती में परिवार सहित किराए के मकान में रहकर पानी पूरी का धंधा करता था। सोमवार की सुबह उसका दो वर्षीय इकलौता पुत्र गोपाल जी घर के बाहर खेल रहा था, जो खेलते खेलते अचानक से लापता हो गया जिसके बाद मां सोनम व पिता ने उसकी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने जब घर के बाहर नाले में देखा तो पानी में बच्चे का शव उतरा रहा था। परिजनों ने नाले में पड़े बच्चे को बाहर निकाला और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर नायब तहसीलदार तारा शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर बच्चे के परिजनों से घटना की जानकारी ली और नियमानुसार सहायता राशि देने का आश्वासन दिया।

आईटीबीपी जवान से 50 हजार रुपए की टप्पेबाजी

उरई। कोतवाली क्षेत्र में टप्पेबाजों ने आईटीबीपी जवान से 50 हजार रुपए की टप्पेबाजी कर ली और फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर घटना की तहरीर पुलिस को दी। शहर के मुहल्ला सुशील नगर निवासी रणकेंद्र सिंह आटीबीपी में है, और उनकी तैनाती कानपुर में 32 बटालियन में है। बताया गया है कि सोमवार को उन्होंने स्टेट बैंक से 50 हजार रुपये निकाले और झोले में रख रखकर बाहर निकल आए। बाहर निकलकर उन्होंने झोले को साइकिल में टांग लिया और सीधे बाजार पहुंच गए। रास्ते में वह एक फल बेचने वाले ठेले पर रुके जहां पर उन्होंने देखा तो झोले से रुपये गायब थे। झोले से रुपए गायब देखकर उनके होश उड़ गए, और उन्होंने तत्काल मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया। मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने कहा कि शिकायती पत्र मिला है। बैंक के अंदर व बाहर के सीसीटीवी फुटेज देखी जाएगी जिससे कि टप्पेबाजों की शिनाख्त हो सके।

शिविर में 78 सफाई कर्मचारियों की हुई जांच

कालपी। सेवा पखवाड़ा के तहत नगर पालिका परिषद सभागार में सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इसमें 78 सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सोमवार को नगर पालिका सभागार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में डॉ. गोपाल द्विवेदी, नेत्र परीक्षक हरिचरण सिंह, किरण राठौर, ममता, अखिलेश कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीम ने सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरविंद यादव एवं अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के द्वारा जब भी शिविर लगाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा तो स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग शिविर लगाएगा। शिविर में पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव मौजूद रहे।

शिविर में जांच करते डॉक्टर। अमृत विचार

विद्यार्थियों ने एड्स के प्रति लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- **हेल्पलाइन नंबर 1097 के बारे में दी विस्तृत जानकारी**
- **केसीएनआईटी के छात्र छात्राओं को किया पुरस्कृत**

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के निर्देश पर जिले में इंटेंसिफाइड कैंपियन 4 की बात कार्यक्रम के अंतर्गत एक फ्लैश मॉब कार्यक्रम का आयोजन बांदा रेलवे परिसर में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य चिकित्साधिकारी डा.अनिल कुमार श्रीवास्तव, जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर स्टेशन प्रबंधक कृष्ण कुमार कुशवाहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एचआईवी व एड्स ब्रजेंद्र कुमार, केसीएनआईटी से डा. शैलेंद्र कुमार पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कालीचरण इंस्ट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं वरिष्ठ अवर अभियंता संजय कुशवाहा व छात्र छात्राओं द्वारा एक फ्लैश मॉब के माध्यम से एचआईवी एड्स के बारे मे लोगो को जागरूक किया गया। इसी क्रम मे बांदा रोडवेज परिसर में भी केसीएनआईटी के छात्र छात्राओं द्वारा फ्लैश मॉब क्रार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बांदा के जिला क्षय रोग अधिकारी व कमल किशोर आर्या सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर डा.विजय केशरवानी जिला टीकाकरण अधिकारी, उप जिला क्षयरोग अधिकारी डा. देवेश माथुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक बृजेंद्र कुमार उपस्थिति रहे। एचआईवी /एड्स के चार कारण व बचाव तथा उसके प्रति गलत धारणाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया साथ ही हेल्पलाइन नंबर 1097 के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में दिशा यूनिट आईसीटीसी सुपरवाइजर मुन्नलाल प्रजापति, रिज़वान हुसैन नकवी, मोहम्मद वशी,उमा शुक्ला, टीवी कार्यक्रम से पीपीएम गणेश प्रसाद कुशवाहा, लेखाकार अमीर हाशमी, जिला चिकित्सालय बांदा से रुचि मिश्रा, निर्भय सिंह, नीलम गुप्ता,विपिन त्रिपाठी,एआरटी केंद्र से अजय कुमार साहू, विनोद कुमार, मेडिकल कालेज से दिनेश रहे।

एचआईवी व एड्स के प्रति जागरूक करते छात्र व अधिकारी। अमृत विचार

नशे में धुत चाचा ने भतीजे को सरिया मारी, मौत

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। कदौरा क्षेत्र में शराब पार्टी के दौरान हुई बहस के बाद सगे चाचा ने अपने भतीजे पर नुकीले सरिया से प्राणघातक हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम हरचंदपुर में रविवार की रात मजदूर अरुण 32 वर्ष पुत्र शिव प्रसाद की अपने ही सगे चाचा से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि चाचा ने भतीजे पर जान से मारने की नीयत से नुकीली सरिया से प्राणघातक हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। उसे रक्त रंजित हालत में सीएचसी पहुंचाया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतक के पिता शिव प्रसाद ने आरोप लगाया कि रात में आरोपी ने घर में शराब पी और फिर नशे की हालत में किसी बात को लेकर बहस के बाद उसके पुत्र को नुकीली सरिया घोंप दी और मौके से फरार हो गया। बताया कि अरुण बाहर रहकर मेहनत मजदूरी कर अपनी बीवी बच्चो का भरण पोषण करता था। वह कुछ दिन पहले ही गांव आया था। मामले की खबर मिलते ही सीओ डा. देवेंद्र पचौरी ने घटनास्थल पर पहुंचे।

तिंदवारी में रामलीला का मंचन 3 अक्टूबर से

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- **5 को धनुष यज्ञ व परशुराम लक्ष्मण संवाद की लीला**

अमृत विचार। तिंदवारी में दुर्गा महोत्सव के उपलक्ष्य में कस्बे की पुरातन पारंपरिक धरोहर के रूप में आयोजित होने वाली 11 दिवसीय श्री रामलीला का शुभारंभ 3 अक्टूबर को मुकुट पूजन तथा गणेश पूजन के साथ किया जाएगा।

कमेटी प्रबन्धक आनंद स्वरूप द्विवेदी ने बताया कि 1939 में संस्थापित, श्री रामलीला का शुभारंभ 3 अक्टूबर को मुकुट पूजन, गणेश पूजन तथा राम जन्म के साथ होगा। 4 अक्टूबर को मुनि आगमन, तड़का बध, फुलवारी लीला, 5 अक्टूबर को धनुष यज्ञ तथा परशुराम लक्ष्मण संवाद, 6 अक्टूबर को राम बारात, राम कलेवा, 7 अक्टूबर को दशरथ कैकेई संवाद, राम वनवास, केवट संवाद, 8 अक्टूबर को दशरथ मरण, भरत मिलाप, सूर्पनखा नकटी, 9 अक्टूबर को खरदूषण बध , सीता हरण, बलि बध तथा लंका दहन,10 अक्टूबर को रामेश्वर स्थापना, अंगद रावण संवाद, 11 अक्टूबर को लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध, मेघनाद वध तथा सती सुलोचना,12 अक्टूबर को दिन में अहिरावण वध, रावण वध तथा पुतला दहन और 13 अक्टूबर को श्री राम का राज्याभिषेक होगा।

कमेटी अध्यक्ष अनिल कुमार लखेरा ने बताया कि श्री रामलीला का मंचन उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा जिसमें हिमांशु अवस्थी राम जी, अमन दीक्षित लक्ष्मण जी, गौरव अवस्थी सीता जी, सर्वेश द्विवेदी झलोखर परशुराम, देवेश पांडेय जनक बांदा, राजेश सिंह पचनेही व्यास, अंकित पांडेय पैलानी तबला वादक, छोटू महंत चित्रकूट हनुमान जी प्रमुख हैं।

समीक्षा | भूरागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में पानी समस्या के लिए स्वीकृत कराएं 1.61 करोड़

उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उद्यमियों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए उनका निस्तारण प्राथमिकता पर करें। उन्होंने निवेष मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना/प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में बैंकों में लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करते हुए ऋण वितरण कराये जाने के निर्देश लीड बैंक मैनेजर को दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में रिक्त भूखंडों जिनमें औद्योगिक गतिविधियां संचालित नहीं हो रही हैं, की सूची तथा रिक्त भूखण्डों की सूची उपलब्ध कराने को कहा।

जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में पानी की समस्या के निराकरण के लिए यूपीसीडा मुख्यालय से तैयार किये गये इस्टीमेट 1.61 करोड़ रुपए की धनराशि की स्वीकृति कराने के लिए कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने कपसा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य में मोहनपुरवा एवं गोयरा मोड़ पर सड़क की पुनः मरम्मत कराने के निर्देश दिये। औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ में विद्युत सम्बन्धी मामलों के शीघ्र निस्तारण को अधिशाषी अभियंता विद्युत को तथा उद्यमी मो. इदरीश तथा नितीश कुमार को विद्युत कनेक्शन एवं लोड बढाने की कार्यवाही दो दिनों में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने

जिला उद्योग बंधु की बैठक में उपस्थित अधिकारी। अमृत विचार

- **जिला उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

भूरागढ़ में विद्युत के ढीले तारों को ठीक कराये जाने तथा खराब सोलर लाइटों को ठीक कराने को कहा। औद्योगिक क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट को और अधिक विकसित किये जाने तथा अतिक्रमण हटवाये जाने के निर्देश नगर मजिस्ट्रेट को दिये। उन्होंने जल निगम द्वारा खोदी गयी सड़कों की मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में अधिशाषी अभियंता जल निगम को सड़कों की मरम्मत शीघ्र कराये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, जीएम डीआईसी गुरूदेव, अधिशाषी अभियंता विद्युत एवं क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा सहित उद्यमी अशोक कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, मनोज जैन, मनोज शिवहरे उपस्थित रहे।

बाइक सवार तीन लोगों ने युवक को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता उरई

- **हालत गंभीर, झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया**

अमृत विचार। चुर्खी कोतवाली क्षेत्र में रंजिश के चलते तीन बाइक सवार बदमाशों ने युवक को गोली मार दी। उसे गंभीर हालत में उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया। घटना की खबर मिलते ही एसपी ने घटना की जांच पड़ताल की।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिया मवई निवासी जसवंत पाल 45 वर्ष पुत्र जगराम सोमवार की शाम करीब चार बजे चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर स्थित खेत से वापस लौट रहा था। बताया गया है कि इसी दौरान रास्ते में आए तीन बाइक सवारों ने उसे रोक लिया और गालियां देते हुए उसके पेट में गोली मार दी। गोली लगने के कारण वह खून से लथपथ होकर वहीं पर गिर गया। घटना के बाद वहां से गुजरे राहगीरों ने रक्त रंजित हालत में पड़े युवक को देखा और तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया। घायल जसवंत पाल ने बताया कि छह वर्षों से उसका ग्राम गुढ़ा निवासी कुछ लोगों के साथ विवाद चल रहा है। शाम के जब वह खेत से लौट रहा था तो गोविंद पुत्र सल्लू, कृष्णा व विशना पुत्रगण राजाराम निवासी गुढ़ा ने उसे रोककर गोली मारी और मौके से भाग गए। फिलहाल चुर्खी कोतवाली प्रभारी शिवशंकर ने घटना की खबर उच्चाधिकारियों को दी। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने जांच की। उन्होंने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम ने दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जानलेवा हमले का मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2700-2750 आर.आर.21. 2800-2850 गेहूंफ़ारम 2900-2950 जौ 2300-2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 7100 -7200 अरहर 8500 -9000 मसूर 5500 -5600 मटर 3600 -3700 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15400-15500 अरहरस्पेशल 12300-12400 चनादाल 8900-9000 मटरदाल 4450-4550 मसूरमलका 7100-7150 मसूरदाल 7300-7350 उड़ददाल 9000- 13800 उड़द धोवा 10000- 12800 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1580-1670 मैदा 1660-1670 सूजी 1650-1700 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1550-1575 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 11000- 11500 मूंगफली दाना षिवपुरी 9400- 11200 बटाली 8800 -11200 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 15000-15100 अलसी 12200-12300 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960-1968 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550-2600 अलसी 5150-5200 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1960-1963 मयूर 1960-1963 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौर लड्डू 4900-5200 देशीभेली 4600-4700 शक्कर दाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4180-4200 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400 माधौगढ़ 53300-53400

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	92600
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	100000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	105000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	77550
गिन्नी (प्रति नग)	57800-58000

बिकवाली से सेंसेक्स 1.49% गिरा

पश्चिमी एशिया में तनाव, जापानी बाजार में कमजोर रुख का दिखा असर

- निफ्टी ने भी 368 अंक यानी 1.41% का लगाया गोता

मुंबई, एजेंसी

पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 1,272 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी ने 368 अंक का गोता लगाया। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के अलावा विदेशी पूंजी की निकासी से भी बाजार में गिरावट रही।

बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 1272.07 अंक यानी 1.49% लुढ़क कर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,314.71 अंक तक फिसलकर 84,257.14 पर आ गया था। एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 368.10 अंक यानी 1.41% की बड़ी गिरावट से 25,810.85 अंक पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि एशियाई बाजारों में कमजोरी, पश्चिम एशिया में बढ़ते और चीन सरकार के प्रोत्साहन वाले कदमों से बाजार को झटका लगा। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में 3% से अधिक की गिरावट आई। आईसीआईसीआई, नेस्ले, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, एसबीआई और टाटा मोटर्स में भी गिरावट का रुख बना रहा।

निवेशकों की संपत्ति 3.57 लाख करोड़ रुपये घटी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट के साथ निवेशकों को 3.57 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स 1,272.07 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,314.71 अंक यानी 1.53 प्रतिशत टूटकर 84,257.14 पर आ गया था। विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से गिरावट आई। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,57,885.53 करोड़ रुपये घटकर 4,74,35,137.15 करोड़ रुपये पर आ गया।

पीसीआर: विकल्प बाजार का महत्वपूर्ण सूचक

पुट कॉल रेसियो (पीसीआर) विकल्प बाजार में एक महत्वपूर्ण सूचक है, जो निवेशकों की भावना और बाजार की दिशा को दर्शाता है। यह पुट विकल्पों और कॉल विकल्पों के अनुपात को दर्शाता है, जिससे निवेशकों को बाजार की स्थिति का अनुमान लगाने में मदद मिलती है। विकल्प बाजार में निवेश करने से पहले पीसीआर का विश्लेषण करना निवेशकों के लिए आवश्यक है। आइए इस पर जरा ध्यान दिया जाए ...

अनुपात

- पीसीआर 1 से अधिक है, तो निवेशक बाजार में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं।
- रेसियो 1 से कम है, तो निवेशक बाजार में वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।

महत्वपूर्ण

- उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा, विकल्प व फ्यूचर, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं।
- विविधीकरण, जोखिम प्रबंधन, शिक्षा और अनुभव, विशेषज्ञ की सलाह और नियमित निगरानी से जोखिम कम किया जा सकता है।

निम्न चरण का करें पालन

- **विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें :** विकल्प बाजार में ओपन इंट्रेस्ट देखें, जिसमें पुट और कॉल विकल्पों की संख्या शामिल है।
- **पुट और कॉल विकल्पों का अनुपात :** पुट विकल्पों की संख्या को कॉल विकल्पों की संख्या से विभाजित करें।
- वहीं वित्तीय वेबसाइटों और प्लेटफॉर्मों पर पुट कॉल रेसियो की जानकारी देख सकते हैं, जैसे कि वरसिटी बाय जोरोधा।

उच्च जोखिम

अस्थिरता : ऐसे निवेश में बाजार की कीमतें तेजी से बदल सकती हैं।
अनिश्चितता : ऐसे निवेश में भविष्य आय या मूल्य की अनिश्चितता होती है।
उच्च रिटर्न की उम्मीद : ऐसे निवेश में उच्च रिटर्न की उम्मीद होती है।

उपाय

विविधीकरण : निवेश को कई प्रकार के आस्तियों में विभाजित करें।
प्रबंधन : जोखिम को प्रबंधित करने को रणनीतियों का उपयोग करें।
शिक्षा और अनुभव : निवेश से पहले शिक्षा और अनुभव प्राप्त करें।

उच्च जोखिम वाले निवेश में निवेशकों को आकर्षित करने की क्षमता होती है, लेकिन यह जोखिम भरा भी हो सकता है। उच्च रिटर्न की उम्मीद में निवेशक अपनी पूंजी को जोखिम में डाल सकते हैं। लेकिन, उच्च जोखिम वाले निवेश में हानि की संभावना भी अधिक होती है। उच्च जोखिम वाले निवेश में शेयर बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार, विकल्प बाजार, फ्यूचर बाजार, क्रिप्टोकरेंसी बाजार, प्राइवेट इक्विटी निवेश और हेज फंड निवेश शामिल हैं। उच्च जोखिम वाले निवेश से पहले सावधानी से विचार करना आवश्यक है।

विनिर्माण उद्योगों में रोजगार 7.5% बढ़कर 1.85 करोड़ पर

नई दिल्ली। विनिर्माण उद्योगों में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या 2022-23 में 7.5% बढ़कर 1.85 करोड़ हो गई, जो पिछले वर्ष 1.72 करोड़ थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि इस क्षेत्र में व्यक्तियों की अनुमानित संख्या महामारी से पहले के मुकाबले 22.14 लाख अधिक थी। औसत पारिश्रमिक में भी सालाना आधार पर वृद्धि दर्ज की गई।

लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में सरकार ने नहीं किया कोई बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं की दरों में किया गया था बदलाव

सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं अन्य लघु बचत योजनाओं पर 2024-25 की तीसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने की सोमवार को घोषणा की। सरकार ने तीन तिमाहियों से ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं की दरों में बदलाव हुआ था।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि 2024-25 की तीसरी तिमाही (एक अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2024 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें दूसरी तिमाही (एक जुलाई से 30 सितंबर, 2024 तक) के लिए अधिसूचित दरों के समान ही रहेंगी। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना पर 8.2% ब्याज मिलेगा जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज दर 7.1% रहेगी। वहीं पीपीएफ और डाकघर बचत जमा योजना के लिए ब्याज दरें क्रमशः 7.1 और 4% पर बनी रहेंगी। केवीपी पर 7.5% तथा यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। वहीं राष्ट्रीय बचत पत्र पर ब्याज दर 7.7% रहेगी। डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को 7.4% ब्याज मिलेगा। सरकार डाकघरों और बैंकों द्वारा संचालित इन योजनाओं के लिए हर तिमाही में ब्याज दरों को अधिसूचित करती है।

आयकर ऑडिट रिपोर्ट 7 अक्टूबर तक कर सकेंगे दाखिल

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने 2023-24 के लिए ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की तारीख बढ़ाकर सात अक्टूबर कर दी है। विभाग ने कहा कि ऑडिट रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक दाखिल करने में करदाताओं के समक्ष आ रही कठिनाइयों के मद्देनजर समय सीमा 30 सितंबर से बढ़ाकर सात अक्टूबर की गई है। लेखा एवं परामर्श कंपनी मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से दाखिल करने में आ रही समस्याओं पर समयसीमा सात दिन और बढ़ाने का फैसला हुआ है।

चालू खाता घाटा बढ़ा, जीडीपी का 1.1%

मुंबई, एजेंसी

देश का चालू खाते का घाटा अप्रैल-जून तिमाही में मामूली रूप से बढ़कर 9.7 अरब डॉलर यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.1% हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 8.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1% था। आरबीआई ने सोमवार को चालू खाते से संबंधित ये आंकड़े जारी किए। गत जनवरी-मार्च तिमाही में चालू खाता 4.6 अरब डॉलर यानी जीडीपी के 0.5% अधिशेष में था।

रिजर्व बैंक ने चालू खाता घाटे में सालाना आधार पर बढ़ोतरी को वस्तु व्यापार में फासला बढ़ने को जिम्मेदार बताया है। वस्तु व्यापार अंतराल चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 65.1 अरब डॉलर दर्ज किया गया जो पिछले साल की समान तिमाही में 56.7 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन तिमाही में शुद्ध सेवा प्राप्तियां एक साल पहले के 35.1 अरब डॉलर से बढ़कर 39.7 अरब डॉलर हो गईं।

प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त में 1.8% घटी

नई दिल्ली। कोयला, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में गिरावट से अगस्त में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में 1.8% की कमी आई। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई में यह वृद्धि दर 6.1% थी। प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अगस्त 2023 में 13.4% थी। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान यह 4.6% बढ़ा। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8% था। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27% हिस्सेदारी है।

एक नजर

कई राज्यों से 26 ठगों को सीबीआई ने पकड़ा

नई दिल्ली। सीबीआई ने लोगों को ठगने से जुड़ीं गतिविधियों में शामिल होने के आरोपी 26 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि ऑपरेशन चक्र-3 के तहत पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और विशाखापत्तनम में 32 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी हुई। एजेंसी ने 58.45 लाख नकद, लॉकर की चाबियां और तीन लग्जरी गाड़ियां जब्त की हैं। एजेंसी ने जिन स्थानों पर छापेमारी की उनमें चार कॉल सेंटर - पुणे के रीजेंट प्लाजा में स्थित वी.सी. इनकॉर्फोर्मिटीज प्राइवेट लिमिटेड, विशाखापत्तनम के मुरली नगर में स्थित वी.सी. इंफ्रोमेट्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद में स्थित वायाजेक्स सॉल्यूशंस और विशाखापत्तनम में स्थित अत्रिया ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

नोएडा में सड़क हादसे में चार की मौत, एक घायल

नोएडा (उप्र)। सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर 11 के पास हुए सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि हादसा रविवार देर रात दो बजे हुआ और पीड़ित दिल्ली के न्यू कोंडली के थे। अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) जोन प्रथम मनीष मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने घायल उत्तम की शिकायत पर मामला दर्ज किया है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उत्तम ने बताया कि रविवार रात को वह मोहित, विशाल, मनीष और हिमांशु उर्फ बिट्टू के साथ नोएडा आए थे तथा दिल्ली लौट रहे थे। कार हिमांशु चला रहा था, तभी सेक्टर-11 स्थित एच ब्लॉक में ट्रैक्टर चालक ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इस घटना में कार सवार सभी लोग घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने चारों लोगों को मृत घोषित कर दिया।

राष्ट्रीय

मोदी पर खरगे की टिप्पणी अपमानजनक : शाह

जम्मू-कश्मीर की जनसभा में कांग्रेस अध्यक्ष के दिए बयान की गृहमंत्री ने की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी



- शाह बोले- नफरत दिखाते हुए खरगे ने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री का नाम बिना वजह ही घसीटा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जम्मू-कश्मीर में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी को सोमवार को अत्यंत खराब और अपमानजनक करार दिया। शाह ने कहा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए खरगे ने यह कहकर अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम बिना वजह ही घसीटा कि वह मोदी को सत्ता से हटाने से पहले नहीं मरेंगे।

जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में रविवार को रैली में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की तबीयत खराब हो गई, लेकिन कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने भाषण जारी रखा और सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता से हटाने से पहले वह मरेंगे नहीं। खरगे ने कांपती आवाज में कहा कि जब हमारी सरकार आएगी तो हम आतंकवाद को खत्म कर देंगे।

शाह ने खरगे की इस टिप्पणी को पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने भाषण में कल अपमानजनक व्यवहार किया। शाह ने लिखा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए उन्होंने अपने स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री मोदी को अनावश्यक घसीटा और कहा कि वह प्रधानमंत्री को हटाने से पहले नहीं मरेंगे। खरगे की टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस में प्रधानमंत्री के प्रति कितनी नफरत और डर है तथा वे उन्हीं के बारे में सोचते रहते हैं। मंत्री ने कहाक जिहां तक खरगे जी के स्वास्थ्य का सवाल है, तो मोदी जी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह दीर्घायु हों और स्वस्थ जीवन जिएं। वह अनेक वर्षों तक जीवित रहें। वह 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होता देखने के लिए जीवित रहें।

गृहमंत्री मणिपुर और जाति जनगणना पर दें ध्यान : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह को मणिपुर, जनगणना और जातिगत जनगणना जैसे गंभीर मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। खरगे ने शाह की टिप्पणी के बाद एक्स पर पोस्ट किया कि आपकी सरकार का ही सर्वे कहता है कि शहरी सीवरों, सेप्टिक टैंकों की सफाई करने वाले 92% कर्मचारी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों से आते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा जातिगत जनगणना के विरोध में इसलिए है क्योंकि तब पता चल जाएगा कि एससी, एसटी, ओबीसी आर्थिक रूप से कमजोर व सभी कौन-कौन से कार्यों से जीवन-यापन कर रहे हैं, उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति क्या है तथा उनको किस तरह सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जातिगत जनगणना करवाने के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ है। हम ये करवाकर ही रहेंगे।

भाजपा की उद्योगपति समर्थक नीतियों की राहुल गांधी ने की आलोचना

चंडीगढ़, एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने अंबाला की चुनावी रैली में मोदी सरकार पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का लगाया आरोप

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को नरेन्द्र मोदी सरकार पर उद्योगपतियों के लिए काम करने का आरोप लगाया और दावा किया कि जैसे सुनामी आती है, वैसे ही गौतम अडाणी के बैंक खाते में पैसे आते रहते हैं, जबकि आम आदमी संघर्ष करता रहता है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाएगी और बदलाव लाएगी।

अंबाला जिले के नारायणगढ़ में रैली में राहुल गांधी ने कहा कि लड़ाई कांग्रेस और भाजपा तथा उनकी विचारधाराओं के बीच है। एक तरफ न्याय और दूसरी तरफ अन्याय है। रैली के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा तथा कुमारी सैलजा भी उपस्थित रहे। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह सरकार बड़े उद्योगपतियों की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में हमें ऐसी सरकार नहीं चाहिए, बल्कि किसानों, मजदूरों और गरीबों की सरकार चाहिए।

संविधान बदलने की बात करने वालों को बदल दीजिए : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के लोगों को उन लोगों को बदल देना चाहिए, जो संविधान बदलने की बात करते हैं और हर स्तर पर उसका अपमान करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने हमेशा देश की रक्षा की है। किसानों, जवानों और खिलाड़ियों ने देश का सम्मान बरकरार रखा है।

दलित युवक को आईआईटी-धनबाद दे प्रवेश : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- फीस की राशि जमा नहीं कर पाने पर युवक को गंवानी पड़ी थी सीट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईआईटी-धनबाद से फीस जमा न करने के कारण सीट गंवाने वाले दलित युवक को प्रवेश देने को कहा। युवक समय से फीस जमा न कर पाने से आईआईटी -धनबाद में प्रवेश नहीं ले पाया था। अब न्यायालय ने संस्थान से उसे बीटेक में प्रवेश देने को कहा है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हम ऐसे युवक को अवसर से वंचित नहीं कर सकते। उसे मझधार में नहीं छोड़ सकते। अदालत ने आईआईटी-धनबाद को अतुल कुमार को संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग बीटेक में प्रवेश देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि हमारा मानना है कि याचिकाकर्ता जैसे प्रतिभाशाली छात्र को वंचित नहीं किया जाना चाहिए, जो हाशिए पर पड़े समूह से ताल्लुक रखता है और जिसने प्रवेश पाने के लिए हरसंभव प्रयास किया।

आतंकियों के खात्मे को तलाश अभियान जारी

जम्मू। सुरक्षाबलों ने हालिया मुठभेड़ों के बाद आतंकियों के खात्मे के लिए कठुआ और राजौरी में जारी तलाश अभियान को सोमवार को नए क्षेत्रों तक बढ़ा दिया। शनिवार शाम कठुआ की बिलावर तहसील के कोग-मंडली गांव में मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी शहीद और दो घायल हो गए थे। सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर किया था। वहीं, रविवार शाम राजौरी के मनियाल गली में आतंकियों और सुरक्षाबलों में संक्षिप्त गोलीबारी हुई थी। कठुआ में तीसरे दिन भी तलाश अभियान जारी है और मुठभेड़ स्थल के पास के गांवों तक घेराबंदी कर दी गई है।

ये या-या क्या है, ये कॉफी शॉप नहीं : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर सीजेआई सख्त

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान वादी के लहजे पर नाराजगी जताई। उन्होंने वादी से पूछा कि ये या-या क्या है? यह कॉफी शॉप नहीं है और उन्हें ऐसे शब्दों से एलर्जी है।

यह घटनाक्रम शीर्ष अदालत में तब हुआ जब पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई को जनहित याचिका में पक्षकार बनाने और सेवा विवाद से संबंधित याचिका रद करने के मामले में उनके खिलाफ आंतरिक जांच की मांग से जुड़ी याचिका पर सुनवाई हो रही थी। सीजेआई ने उस समय नाराजगी जताई जब वादी ने पीठ के कुछ सवालों के जवाब में यस के बजाय या-या कहा।

चंद्रचूड़ ने कहा कि ये या-या क्या है? ये कॉफी शॉप नहीं है। मुझे इस या-या से एलर्जी है। इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने पुणे के वादी से कहा कि आप किसी न्यायाधीश को प्रतिवादी बनाकर जनहित याचिका कैसे दायर कर सकते हैं? कुछ तो गरिमा होनी चाहिए। आप यह नहीं कह सकते कि मैं एक न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं, बस। गोगोई उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे हैं। गोगोई प्रधान न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए। क्योंकि आप पीठ के समक्ष सफल नहीं हुए, इसलिए आप यह नहीं कह सकते कि मैं किसी न्यायाधीश के खिलाफ आंतरिक जांच चाहता हूं। क्षमा करें, हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। याचिकाकर्ता ने श्रम कानूनों के तहत उसकी सेवा समाप्त किए जाने से संबंधित उसकी याचिका को न्यायमूर्ति गोगोई के नेतृत्व वाली पीठ द्वारा खारिज किए जाने के बाद एक जनहित याचिका दायर की थी।

सिद्धरमैया के खिलाफ एमयूडीए मामले में केस

नई दिल्ली। ईडी लोकायुक्त की प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) प्रकरण के संबंध में धन शोधन का मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि संघीय एजेंसी ने मुख्यमंत्री और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की है। मैसूरु स्थित लोकायुक्त पुलिस प्रतिष्ठान ने 27 सितंबर को दर्ज प्राथमिकी में सिद्धरमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती, साले मल्लिकार्जुन स्वामी और देवराजू को नामज़द किया है।

हिंदू संगठनों की पुलिस से झड़प

शिमला, एजेंसी

हिमाचल मस्जिद विवाद

- मुस्लिम संगठन ने कहा- कोई मस्जिद अवैध नहीं

हिमाचल प्रदेश में अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच मुस्लिम संगठन ने कहा कि राज्य में कोई अवैध मस्जिद नहीं है लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में नक्शे को मंजूरी मिलने में देरी से यह समस्या हो रही है। मस्जिद गिराने की मांग को लेकर कुल्लू में यात्रा निकालने वाले हिंदू संगठनों की सोमवार को पुलिस के साथ झड़प हो गई।

हिंदू धर्म जागरण यात्रा के प्रदर्शनकारियों ने हनुमान मंदिर से अखाड़ा मस्जिद तक मार्च निकाला। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भगवा झंडे और तख्तियां लेकर मस्जिद गिराने का आह्वान कर रहे थे। पारंपरिक पोशाक में महिलाएं यात्रा की अगुवाई कर रही थीं। अवैध रूप से निर्मित मस्जिदों को गिराने की मांग 30 अगस्त को शिमला के मलयाना इलाके में मुस्लिम नाई और हिंदू व्यापारी के बीच हुई हाथापाई के बाद शुरू हुई। हिंदू समूह अवैध मस्जिदों गिराने की मांग कर रहे हैं जबकि स्थानीय लोग बाहरी लोगों की पहचान की मांग कर रहे हैं।

मंडी स्थित मुस्लिम कल्याण समिति के अध्यक्ष नहीम अहमद ने इस बीच सोमवार को कहा कि प्रदेश में कोई भी मस्जिद अवैध नहीं है लेकिन नक्शे को मंजूरी मिलने और अन्य प्रक्रियाओं में देरी हुई है। अगर कोई भी हिस्सा अवैध पाया जाता है तो हम खुद हटा देंगे।

अभिनेता की तस्वीर वाले नोट देकर 2.1 किलो सोना ठगा

अहमदाबाद। गुजरात में दो अज्ञात व्यक्ति अभिनेता अनुपम खेर की तस्वीर वाले नकली नोट देकर सर्राफा कारोबारी का 2.1 किलो सोना लेकर रफूचक्कर हो गए। कारोबारी मेहुल ठक्कर ने नवरंगपुर थाने में दी शिकायत में बताया कि किस तरह उन्हें 500 के नकली नोटों के 26 बंडल देकर धोखाधड़ी हुई।

घटना 24 सितंबर की है जब अज्ञात लोगों ने 2.1 किलो सोने के बदले ठक्कर के कर्मचारियों को नकली नोट थमाए, जिनपर रीसोल बैंक ऑफ इंडिया लिखा था। ठक्कर के पास आभूषण की दुकान के मालिक और परिचित प्रशांत पटेल का फोन आया। पटेल ने 2.1 किलो सोना खरीदने की बात कही, जिसके लिए 1.60 करोड़ की रकम तय हुई। ठक्कर को अंदाजा नहीं था कि वह ठगी का शिकार होने वाले हैं।

चुनावी बॉण्ड मामले में सीतारमण व अन्य के खिलाफ जांच पर रोक

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने भाजपा नेता की याचिका पर दिया अंतरिम आदेश

कर्नाटक हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित अनियमितताओं की जांच पर रोक लगा दी। चुनावी बॉण्ड योजना अब रद हो चुकी है।

न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने भाजपा नेता नलिन कटील की उस याचिका पर यह अंतरिम आदेश दिया, जिसमें उन्हें आरोपी के रूप में नामजद करने वाली प्राथमिकी को चुनौती दी है। अगली सुनवाई 22 अक्टूबर को होगी। चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित शिकायत के बाद यहां की एक विशेष अदालत के निर्देश पर सीतारमण और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। पुलिस के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री सीतारमण, ईडी के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है।

दरभंगा, सीतामढ़ी में तटबंधों में दरार से बाढ़ की स्थिति बिगड़ी

पटना। बिहार के दरभंगा में कोसी नदी और सीतामढ़ी में बागमती नदी के तटबंधों में नई दरारें आने के बाद सोमवार को राज्य के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति और खराब हो गई। अधिकारियों के अनुसार, कल रात उफनती कोसी नदी ने किरतपुर प्रखंड के पास तटबंध तोड़ दिये, जिससे किरतपुर और घनश्यामपुर प्रखंड के गांव प्रभावित हुए हैं। विजय कुमार चौधरी ने सोमवार को बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। जल संसाधन विभाग और राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं और चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। तटबंधों में दरार की छह घटनाएं सामने आई हैं। मदद को उप्र के वाराणसी व झारखंड के रांची से एनडीआरएफ की छह अतिरिक्त टीमें बुलाई गई हैं।

- एनडीआरएफ की छह टीमें और बुलाई गईं

मैच के परिणाम को तेज चला बल्ला

चौथे दिन भारत को 52 रन की बढ़त, बांग्लादेश की पहली पारी 233 पर सिमटी, दूसरी में बनाए 26 रन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट में चौथे दिन सोमवार को टीम इंडिया पूरे रौब में दिखी और मैच को रोमांचक मोड़ पर ला दिया। धुआंधार बॉलिंग और बैटिंग ने बारिश के कारण दो दिन का मैच न होने का मलाल दूर कर दिया। चौथे दिन बांग्लादेश टीम ने पहली पारी में मोमिनुल हक के नाबाद 107 रन की बदौलत 233 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में उतरी टीम इंडिया ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए पहले तीन ओवर में ही 50 रन पूरे कर लिए। खेल समाप्त होने से पहले भारतीय टीम ने 9 विकेट पर 285 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी और पहली पारी में 52 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश की टीम ने खेल समाप्त होने तक 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए।

चौथे दिन मैच शुरू होने पर चटक धूप निकली। बांग्लादेश टीम ने अपनी पहली पारी 3 विकेट पर 107 रन से आगे खेलना शुरू किया। पहली व मैच की चौथी सफलता बुमराह ने मुश्फिकिर रहीम को 7 रन पर पवेलियन लौटाकर दिलाई। इसके बाद लिटन दास आए। मोमिनुल ने अपना पचासा पूरा किया। सिराज ने पारी के 50वें ओवर में लिटन दास को 13 रन पर आउट करके पांचवीं कामयाबी हासिल की। इस समय बांग्लादेश का स्कोर 148 रन पर था। इसके बाद शाकिब आए। 56वें ओवर में अश्विन ने शाकिब को सिराज के हाथों कैच करा दिया। बांग्लादेश का यह विकेट 170 रन पर गिरा। अश्विन के 66वें ओवर में चौका जड़कर मोमिनुल ने अपने टेस्ट करियर का 13वां शतक पूरा किया। 66 ओवर में 6 विकेट खोकर बांग्लादेश ने 205 रन बना लिए। इसके बाद 28 रन के अंदर बांग्लादेश ने अपने बचे चारों विकेट खो दिए। मोमिनुल ने 17 चौकों से नाबाद 107 रनों की शतकीय पारी खेली। बांग्लादेश ने पहली पारी में 72.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 233 रन बनाए। टीम इंडिया के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

दूसरी पारी में विकेट लेने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

सबसे तेज टीम अर्धशतक और शतक का बनाया रिकॉर्ड

कानपुर। भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद आक्रामक शुरूआत करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सबसे तेज अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया और सबसे तेज टीम शतक का अपना ही रिकॉर्ड दुरूस्त किया। यशस्वी जायसवाल ने दस चौके और एक छक्के की मदद से भारत के लिए चौथा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा 11 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने तीसरे ही ओवर में 50 रन बना डाले। इसके साथ ही इंग्लैंड का सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने इस साल जुलाई में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4 .2 ओवर में अर्धशतक बनाया था। भारत ने सौ रन 11वें ओवर में पूरे करके अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में पोर्ट आफ स्पेन टेस्ट में सबसे तेजी से तिहरा अंक छुआ था।

बांग्लादेश की पहली पारी समाप्त होने पर टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल व कप्तान रोहित शर्मा मैदान पर उतरे। दोनों ने एक दिवसीय अंदाज में खेलना शुरू किया और महज तीन ओवर में स्कोर 50 पर पहुंचा दिया। 55 रन के स्कोर पर कप्तान रोहित 23 रन बनाकर बांग्लादेश का पहला शिकार बने। इसके बाद 11.1 ओवर में 100 रन का आंकड़ा टीम ने छू लिया। दूसरे विकेट के लिए 72 रन की साझेदारी हुई। यशस्वी 52 गेंदों पर 72 रन बनाकर आउट हुए। चाय के समय तक टीम ने 16 ओवर में 2 विकेट पर 138 रन बना लिए। चाय के बाद शुभमन मिल 39 रन पर पवेलियन लौटे। ऋषभ पंत नौ रन पर शाकिब का शिकार हुए। इस समय स्कोर 159 था। पांचवें विकेट के लिए विराट कोहली व केएल राहुल के बीच 87 रनों की साझेदारी हुई। कोहली 47 रन बनाकर पांचवां शिकार हुए। इसके बाद अगले 39 रन में टीम इंडिया ने चार विकेट और खो दिए। नौवें विकेट के रूप में आकाशदीप के आउट होते ही भारतीय टीम ने पारी घोषित कर दी। केएल राहुल ने 68 रनों की पारी खेली। पहली पारी में भारतीय टीम ने 34.4 ओवर में 9 विकेट खोकर 285 रनों का स्कोर खड़ा किया और 52 रन की बढ़त बनाई। बांग्लादेश के लिए मेहंदी हसन मिराज व शाकिब अल हसन ने 4-4 विकेट लिए।

दूसरी पारी खेलने उतरी बांग्लादेश टीम ने जल्द ही पहला विकेट 18 रन पर खो दिया। अश्विन ने जाकिर को 10 रन पर पगबाधा किया। हसन बिना खाता खोले ही अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए। खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने 11 ओवर में 2 विकेट खोकर 26 रन बना लिए थे। इस्लाम 7 रन व मोमिनुल बिना खाता खोले क्रीज पर हैं।

● ग्रीनपार्क में चौथे दिन टीम इंडिया का दिखा जलवा, चौके-छक्कों की बरसात

बांग्लादेश के खिलाफ गेंदबाजी के दौरान कैच लपकते रवींद्र जडेजा।

<< 47 रनों की पारी के दौरान बल्लेबाजी करते विराट कोहली।

9 विकेट पर 285 रन बनाकर भारत ने घोषित कर दी पहली पारी

300 टेस्ट विकेट लेने वाले सातवें भारतीय बने जडेजा

कानपुर। रविंद्र जडेजा भारत के लिये 300 विकेट लेने वाले सातवें गेंदबाज बन गए जब उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन खालिद महमूद का विकेट लिया। जडेजा ने महमूद का रिटर्न कैच लपककर बांग्लादेश की पारी का अंत किया। बांग्लादेश ने पहली पारी में 233 रन बनाए। भारत के लिये 300 टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में अनिल कुंबले (619), आर अश्विन (524), कपिल देव (434), हरभजन सिंह (417), ईशांत शर्मा (311) और जहीर खान (311) शामिल हैं। जडेजा ने 74 टेस्ट में यह आंकड़ा हुआ है। वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए।

विराट कोहली ने पूरे किए 27,000 रन, विश्व में चौथे बल्लेबाज बने

कानपुर। भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए। इस टेस्ट मैच के शुरुआती तीन दिनों में बारिश से लगभग आठ सत्र का खेल प्रभावित होने के बाद भारतीय टीम ने चौथे दिन अपनी पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 47 रन का योगदान दिया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर वह 27,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले महान सचिन तेंदुलकर के बाद वह दूसरे भारतीय बल्लेबाज है। सबसे ज्यादा रन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 34,357 रन बनाए है। दूसरे स्थान पर श्रीलंका के संगकारा (28,016) और तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (27,483) है। कोहली के नाम टेस्ट में 8,870 से अधिक रन है जबकि उन्होंने 295 वनडे में 13,906 और 125 टी-20 में 4,188 रन बनाए है। इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी-20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा विराट के शानदार करियर में एक और बड़ा मील का पत्थर, उन्होंने 27,000 रन पूरे किए।

स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश पहली पारी : 233/10 — 74.2 ओवर

	रन	गेंद	4/6
जाकिर का जायसवाल बो आकाश	0	24	0/0
शादमान इस्लाम पगबाधा बो आकाश	24	36	4/0
मोमिनुल हक नाबाद	107	194	17/1
नजमुल हुसैन शंटो पगबाधा बो अश्विन	31	57	6/0
मुशफिकुर रहीम बो बुमराह	11	32	2/0
लिटन दास का शर्मा बो सिराज	13	30	3/0
शाकिब का सिराज बो अश्विन	9	17	2/0
मेहदी हसन मिराज का गिल बो बुमराह	20	42	4/0
तैजुल इस्लाम बो बुमराह	5	8	1/0
हसन महमूद बो सिराज	1	4	0/0
खालिद अहमद का और बो जडेजा	0	4	0/0

अतिरिक्त : 12, गेंदबाजी : बुमराह 18-7-50-3, सिराज 17-2-57-2, अश्विन 15-1-45-2, आकाश दीप 15-6-43-2, जडेजा 9.2-0-28-1

भारत पहली पारी : 285/9 (घोषित) — 34.4 ओवर

	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल बो महमूद	72	51	12/2
रोहित शर्मा बो मेहदी हसन	23	11	1/3
शुभमन गिल का महमूद बो शाकिब	39	36	4/1
ऋषभ पंत का महमूद बो शाकिब	9	11	0/0
विराट कोहली बो शाकिब	47	35	4/1
केएल राहुल स्ट लिटन बो मेहदी हसन	68	43	7/2
रविंद्र जडेजा का शंटो बो मेहदी हसन	8	13	0/0
रविचंद्रन अश्विन बो शाकिब	1	4	0/0
आकाश दीप का महमूद बो मेहदी हसन	12	5	0/2
जसप्रीत बुमराह नाबाद	1	1	0/0

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : महमूद 6-0-66-1, अहमद 4-0-43-0, मेहदी हसन 6.4-0-41-4, इस्लाम 7-0-54-0, शाकिब 11-0-78-4

बांग्लादेश दूसरी पारी : 26/2 — 11 ओवर

	रन	गेंद	4/6
शादमान इस्लाम नाबाद	7	40	1/0
जाकिर हसन पगबाधा बो अश्विन	10	15	1/0
हसन महमूद बो अश्विन	4	9	1/0
मोमिनुल हक नाबाद	0	2	0/0

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 3-1-3-0, अश्विन 5-2-14-2, आकाश दीप 3-2-4-0

खेल डायरी

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को वनडे श्रृंखला में 3-2 से हराया

ब्रिस्टल। बारिश आई लेकिन देर से और ऑस्ट्रेलिया ने निर्णायक पांचवें एक दिवसीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके इंग्लैंड को श्रृंखला में 3-2 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिये 310 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन उस समय बारिश हो गई जब ऑस्ट्रेलिया ने 20 .4 ओवर में दो विकेट पर 165 रन बनाए थे। इसके बाद का खेल नहीं हो सका और डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ऑस्ट्रेलिया ने 49 रन से जीत दर्ज की। श्रृंखला के दौरान चोटों और बीमारियों से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया ने हर मैच में अलग टीम उतारी। आखिरी मैच में मिचेल मार्श के फिट नहीं होने से स्टीव स्मिथ ने कप्तानी की। ऑस्ट्रेलिया ने दस ओवर के बाद एक विकेट पर 103 रन बना लिए थे। मैथ्यू शॉर्ट ने 30 गेंद में 58 रन बनाए। स्टीव स्मिथ 36 और जोश इंगलिस 28 रन बनाकर खेल रहे थे जब मैच खत्म करने का फैसला किया था।

खेल पत्रकारों का सम्मान करेगा डीएसजेए

नई दिल्ली। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) दिल्ली के 80 साल से अधिक उम्र के खेल पत्रकारों को खेल के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये सम्मानित करेगा। डीएसजेए ने यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस मौके पर केवल कौशिक, के .दत्ता और सी .एस . रामचंद्रन जैसे अनुभवी खेल पत्रकारों को विशेष एसजेएफआई पदक और एक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन शनिवार शाम को अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में होगा। डीएसजेए स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का एक सहयोगी है जिसे इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीए) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

रेलवे ने आईओसी को हराकर गोल्ड कप जीता

चेन्नई। गत चैंपियन भारतीय रेलवे ने आरएसपीबी ने इंडियन आइल कारपोरेशन को 5-3 से हराकर 95वां अखिल भारतीय एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया। आरएसपीबी ने आक्रामक शुरूआत की और सातवें ही मिनट में गुरसाहिबजीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। सिमरनजोत सिंह ने दो मिनट बाद बढत दुगुनी कर दी। युवराज वाल्मीकि ने 18वें और 58वें मिनट में गोल दागे जबकि मुकुल शर्मा ने 35वें मिनट में पांचवां गोल किया। आईओसी के लिए 23वें मिनट में तलविंदर सिंह ने और 29वें मिनटमें गुरजिंदर सिंह ने गोल किया। राजबीर सिंह ने 58वें मिनट में गोल दागा।

रक्षा ने क्रोएशिया और बेल्जियम में जीते खिताब

मुंबई। भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी रक्षा कंदासामी ने शानदार फॉर्म कायम रखते हुए क्रोएशिया इंटरनेशनल और बेल्जियम जूनियर टूर्नामेंट खिताब जीते। सोलह वर्ष की रक्षा दोनों टूर्नामेंटों में अपराजेय रहीं। उन्होंने क्रोएशिया इंटरनेशनल के फाइनल में इंग्लैंड की लियोना ली को 21-9, 21-5 से हराया। इसके अलावा बेल्जियम में जर्मनी की ग्लोरिया पोलुएक्तोव को 21-14, 10-21, 22-20 से मात दी।

निशानेबाज जूनियर विश्व चैंपियनशिप में देश को दो कांस्य

नई दिल्ली। भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की जूनियर विश्व चैंपियनशिप में क्रमश: 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धाओं में दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कांस्य पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई जिसमें दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। राइफल निशानेबाजों के क्वालीफिकेशन दौर में गौतमी भनोट व अजय मलिक की भारतीय जोड़ी 628 .9 का संयुक्त स्कोर बनाकर 34 टीमों में तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय टीम ने क्रोएशिया को 17-9 से हराया। वहीं चीन ने फाइनल में फ्रांस को हराकर प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में भारत के अभिनव साव व शाम्भवी क्षीरसागर की दूसरी जोड़ी 628 .1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रही। मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में दोनों भारतीय जोड़ियां क्वालीफिकेशन में क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं, जिससे उनके बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला खेल गया।

एटलेटिको प्रशंसकों ने मैदान पर फेंका सामान, मैच बाधित

मैड्रिड, एजेंसी

मेजबान एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड के बीच ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार का मैच बीच में रोकना पड़ा जब एटलेटिको के प्रशंसकोंने मैदान पर सामान फेंकना शुरू कर दिया। मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में हुए मैच में करीब 70वें मिनट में व्यवधान पैदा हुआ और खिलाड़ियों को लॉकर रूम में भेज दिया गया।

मैड्रिड ने उस समय पहला गोल दागा था जो एटलेटिको के प्रशंसकों के सामने इस गोल का जश्न मना रहे थे। इसके 15 मिनट से अधिक समय के बाद मैच को दोबारा शुरू किया गया जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। रियाल के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस ने रेफरी को मैदान पर फेंकी जा रही चीजों के बारे में सचेत किया जिसमें लाइटर भी शामिल था। वहीं एटलेटिको के कोच डिएगो सिमोन ने प्रशंसकों को कई बार समझाया। स्टेडियम के लाउडस्पीकर पर ऐलान किया गया कि 15 मिनट तक खेल रोकना पड़ा है और अगर दर्शकों का ऐसा ही व्यवहार रहा तो

इसे निलंबित कर दिया जाएगा। स्पेनिश लीग ने एक दिन पहले कहा था कि वह पुलिस से उन सोशल मीडिया अभियान के प्रचारकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी जिनका उद्देश्य विनिसियस जूनियर (खिलाड़ी) के खिलाफ नस्लवादी हरकतों को बढ़ावा देना था। मैच से पहले एटलेटिको के प्रशंसकों को सोशल मीडिया पर वीडियो में विनिसियस अलग है नारे लगाते हुए देखा गया था।

पाकिस्तान दौरे पर फैसला सरकार का : बोर्ड

कानपुर, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत सरकार को करना है। पाकिस्तान 19 फरवरी से नौ मार्च तक एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला है।

शुक्ला ने बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमारी नीति यह है कि अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं। यह सरकार तय करती है कि हमारी टीम को किसी देश के दौर पर जाना चाहिए या नहीं। इस मामले में भी सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसका पालन करेंगे। मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ को द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है। दोनों टीमें का आमना सामना सिर्फ आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के टूर्नामेंटों में होता है। पाकिस्तान की टीम ने पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सात साल के अंतराल के बाद भारत का दौरा किया था। बीसीसीआई आईसीसी से टूर्नामेंट को पाकिस्तान से हटाकर श्रीलंका या दुबई में आयोजित करने का अनुरोध कर सकता है। एशिया कप के बीते सत्र का आयोजन हाइब्रिड मॉडल के तहत हुआ था। जिसमें भारत को अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। इससे श्रीलंका ने टूर्नामेंटों के नौ मैचों की मेजबान की थी जबकि पाकिस्तान ने शेष चार मैचों की मेजबानी की। पीसीबी हालांकि चैंपियंस ट्रॉफी को अपने देश से बाहर ले जाने के विचार के खिलाफ है।

● उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा- हमारी नीति है हम अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं

पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग में खेलेंगे तेंदुलकर

मुंबई। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर नजर आएंगे जब वह इस साल तीन आयोजन स्थलों पर होने वाली पहली अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग (आईएमएल) में हिस्सा लेंगे। इस टी-20 प्रतियोगिता में छह टीम हिस्सा लेंगी। आईएमएल में भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इसके मैच मुंबई, लखनऊ और रायपुर में खेले जाएंगे। हर साल आयोजित होने वाला यह टी-20 टूर्नामेंट तेंदुलकर और भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर की योजना का हिस्सा है। गावस्कर इस लीग के आयुक्त भी होंगे। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेंदुलकर और गावस्कर पीएमजी स्पोर्ट्स और खेल विपणन कंपनी स्पोर्टफाइव के साथ मिलकर भारत में लीग का आयोजन करने के लिए एक और कंपनी स्थापित करेंगे। किसी एक फ्रेंचाइजी के स्वामित्व के माध्यम से भाग लेने में रुचि रखने वाले पक्षों को भी आमंत्रित किया गया था।

बॉलीवुड हलचल

काजोल, कृति की फिल्म दो पत्ती 25 को होगी रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री काजोल और कृति सेनन अभिनीत बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी। नेटफ्लिक्स ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स हैंडल पर बताया कि शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती 25 अक्टूबर से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।निर्माताओं ने दर्शकों को सस्पेंस थ्रिलर की एक झलक दिखाते हुए एक मिनट 32 सेकंड के वीडियो के साथ फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। नेटफ्लिक्स ने अपने एक्स अकाउंट पर फिल्म दो पत्ती के बहुप्रतीक्षित टीजर को एक कैप्शन के साथ साझा करते हुए लिखा, अब होगा खेल शुरू, लेकिन इस कहानी के है दो पहलू, दो पत्ती 25 अक्टूबर को रिलीज होगी, केवल नेटफ्लिक्स पर। फिल्म दो पत्ती,उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है। काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। कृति सेनन ने पहली बार दोहरी भूमिका निभाई है। उन्होंने जुड़वां बहनों का किरदार निभाया है। यह फिल्म बड़े पर्दे पर शाहीर शेख की पहली फिल्म भी है।

आईफा में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं मृणाल

मुंबई। जानीमानी अभिनेत्री मृणाल ठाकुर आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर बेहद खुश हैं। अबु धाबी में आयोजित आईफा उत्सवम में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर को फिल्म 'हाय नन्ना' में यशना की भूमिका के लिए पुरस्कार मिला है। आईफा उत्सवम में पुरस्कार जीतने पर मृणाल बेहद खुश हैं। मृणाल ठाकुर ने कहा, मैं इस अवॉर्ड के लिए बहुत आभारी हूं। मेरे लिए यशना की भूमिका निभाना वास्तव में एक खास अनुभव था, जिसने मुझे प्यार और भावना की गहराई के बारे में जानने का मौका दिया। मैं अपनी इस सफलता का सारा श्रेय अपने निर्देशक, प्रतिभाशाली सह-कलाकारों और पूरी टीम को देती हूं। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है। यह हमारी

पूरी टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का फल है। मृणाल ने कहा, मैं इस सफर को जारी रखते हुए दर्शकों के साथ और भी बेहतर कहानियां शेयर करने के लिए तैयार हूं। यह मेरा पहला आईफा अवार्ड है। इस अवॉर्ड को रानी मैम और ऐश्वर्या मैम जैसे कलाकारों के साथ शेयर करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री, पटनायक ने मिथुन दादा साहेब फाल्के के लिए दी बधाई

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने सोमवार को मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को दादा साहेब पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई दी। सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर माझी ने प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चुने जाने पर जाने माने अभिनेता को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा भारतीय सिनेमा में आपके पांच दशक के उल्लेखनीय सफर और भारतीय दर्शकों के साथ साथ दुनियाभर के अपने प्रशंसकों का आपने अपनी बहुमुखी प्रस्तुतियों से जो मनोरंजन किया है, उसके सम्मान में यह सबसे शानदार श्रद्धांजलि है। पटनायक ने एक्स पर लिखा प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए चयनित किए जाने पर बहुमुखी प्रतिभा के अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को बधाई। उन्होंने उड़िया सिनेमा सहित पर्दे पर कई यादगार भूमिकाएं निभाई हैं। मृगया, सुरक्षा, डिस्को डांसर और डांस डांस जैसी फिल्मों में अभिनय करने वाले चक्रवर्ती को सिनेमा के क्षेत्र में सरकार के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए सोमवार को नामित किया गया। चक्रवर्ती को यह पुरस्कार आठ अक्टूबर, 2024 को 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दिया जाएगा।

महिला टी-20 विश्व कप के लिए भारत की तैयारी बेहतरीन : लक्ष्मण

बेंगलुरू। भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने टी-20 महिला विश्व कप से पहले सेंटर ऑफ एक्सीलैंस में लगाए गए शिविर में जो मेहनत की है, उसका फायदा टूर्नामेंट में मिलेगा। भारतीय टीम चार अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।

लक्ष्मण ने बीसीसीआई के सेंटर आफ एक्सीलैंस में चुनिंदा पत्रकारों से कहा उन्होंने जिस प्रतिबद्धता, समर्पण और ऊर्जा के साथ तैयारी की है, वह अतुलनीय है। मुझे उनकी तैयारियों पर गर्व है। यह काफी अच्छा शिविर था और मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने इस तरीके से तैयार किया था कि पहले चरण में मानसिक और शारीरिक पहलुओं पर फोकस था। इसके बाद ब्रेक था और दूसरे चरण में कौशल तथा तकनीकी पहलू पर जोर रहा। यह सिर्फ नेट्स अभ्यास तक नहीं था बल्कि पांच मैच भी खेले जिसमें अमोल ने उन्हें अलग अलग तरह की चुनौतियां दी। भारत में महिला क्रिकेट आगे की ओर बढ़ रहा है और इसमें महिला प्रीमियर लीग की अहम भूमिका होगी। मेरा मानना है कि महिला क्रिकेट का ग्राफ ऊपर जा रहा है। इस भूमिका में मैने भारतीय युवा लड़कियों और अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों को तैयारी करते देखा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730*इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

स्पेसएक्स कैप्सूल अंतरिक्ष पहुंचा दोनों यात्रियों की जल्द होगी वापसी

- चार सीट वाले कैप्सूल में विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए दो सीट खाली रखी गईं

केप केनवरल (अमेरिका)



अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स समेत जून से फंसे दो अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर वापस लाने के लिए स्पेस एक्स का नया कैप्सूल रविवार को अंतरिक्ष पहुंचा। स्पेस एक्स ने बचाव अभियान के लिए शनिवार को उड़ान भरी। चार सीट वाले कैप्सूल में क्षमता से कम केवल दो अंतरिक्ष यात्री हैं। दो सीट अंतरिक्ष में फंसे बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स के लिए खाली रखी गई हैं। कैप्सूल के अगले साल धरती पर लौटने की संभावना है।

'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) ने 'बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल' में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बाद विल्मोर और विलियम्स को स्पेसएक्स कैप्सूल से धरती पर लाने का फैसला किया। अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उड़ान भरने वाला यह स्टारलाइनर का यह पहला यान था। नासा ने कहा कि उड़ान के बाद 'थ्रस्टर' की विफलता और हीलियम' रिसाव की समस्या बहुत गंभीर है। इसी कारण स्टारलाइनर इस महीने की शुरुआत में खाली ही धरती पर लौटा।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के साथ हिंदी का महत्व बढ़ा

सिंगापुर के एक शीर्ष कारोबारी नेता ने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका के साथ हिंदी का महत्व भी बढ़ा है और अत्याधुनिक तकनीक के साथ हिंदी के मेल ने कारोबार के क्षेत्र में भारत में 57 .2 करोड़ और विश्व में 50 करोड़ हिंदी भाषियों के लिए संभावनाओं के द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें पहले अछूते रहे विशाल बाजारों में प्रवेश करने का अवसर मिलता है। सिंगापुर इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष नील पारेख ने कहा हम डिजिटलीकरण की दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं, जहां संस्कृति और बाजारों के बीच सीमाएं तेजी से धुंधली होती जा रही हैं और भाषा लोगों, विचारों एवं अवसरों को जोड़ने वाले अहम सेतु के रूप में उभरी है। सप्ताहांत में आयोजित वैश्विक हिंदी उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन – 2024 की थीम नवाचार के युग में हिंदी की उत्कृष्टता थी, जिसका आयोजन सिंगापुर स्थित ग्लोबल हिंदी फाउंडेशन ने किया था। पारेख ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तेजी से उभरते भारत में काम करने के लिए हिंदी भाषा के ज्ञान के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया। पारेख सिंगापुर में संसद के मनोनीत सदस्य भी हैं।

गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए हिंदी एक सेतु

उद्यमी पारेख ने कहा कि हिंदी सिर्फ संचार की भाषा नहीं है बल्कि यह गहरी सांस्कृतिक समझ के लिए एक सेतु है। इससे हमें भारतीय बाजार में प्रवेश का मौका मिलता है, जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की इच्छा रखने वाले निगमों और एसएमई के लिए उत्कृष्ट संभावनाएं प्रदान करता है। हिंदी दुनिया में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसे वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ से अधिक लोग बोलते हैं। भारत में 57 .2 करोड़ से अधिक लोग सिर्फ हिंदी बोलते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने में एक शक्तिशाली उपकरण बन गई है और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और मशीन लर्निंग जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाया जा रहा है।

आने वाले समय में अहम भाषा होगी हिंदी

सिंगापुर स्थित वित्तीय सलाहकार मंदार पाध्ये ने भाषाओं विशेषकर हिंदी के प्रचार-प्रसार के प्रयासों का उल्लेख किया, जो देश के अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली भाषाओं में से एक है। पाध्ये ने कहा, वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी भाषा का ज्ञान जरूरी है तथा इसके बाद जिन दो भाषाओं का ज्ञान आपको होना चाहिए, वे हैं हिंदी और चीनी (मंदारिन), क्योंकि अगली पीढ़ी के नेता ऐसी जगहों से आ रहे हैं जहां ये भाषाएं बोली जाती हैं। पाध्ये की हालिया पुस्तक द रिजिलिएंट इन्वेस्टर में मानव-से-मानव संबंधों पर प्रकाश डाला गया है जो निरंतर विकसित होते वित्तीय परिदृश्य में व्यावसायिक विकास और व्यक्तिगत विकास के बीच विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी एक अहम भाषा होगी क्योंकि कई कारोबारी नेता भारतीय समुदाय से आते हैं और इनमें से कई की मातृभाषा हिंदी है। करीब 300 प्रतिभागियों के साथ हिंदी पर अपने विचार साझा करने के लिए सिंगापुर पहुंचीं इंदौर में 'प्री-एग्जामिनेशन ट्रेनिंग सेंटर' की प्राचार्य अलका भार्गव ने कहा कि उनका मानना है कि वैश्विक मंच पर हिंदी को और अधिक बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक संयुक्त प्रयास किए जाने चाहिए।

एक नजर

भारतीय सिख डॉलर लेकर पाक की यात्रा पर आएं

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने सोमवार को देश की यात्रा करने वाले भारतीय सिखों को सलाह दी कि वे भारतीय मुद्रा के बजाय अमेरिकी डॉलर लेकर चलें। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के प्रथम सिख मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने कहा हमें कई शिकायतें मिली हैं कि अपने पवित्र स्थलों के दर्शन के लिए पाकिस्तान आने वाले भारतीय सिखों को मौजूदा विनिमय दर से बहुत कम राशि दी जा रही है। अरोड़ा ने भारतीय सिखों के शोषण के बारे में कई शिकायतें प्राप्त होने के बाद यह परामर्श जारी किया।

बांग्लादेश ने ब्रिटेन से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाया

ढाका। बांग्लादेश सरकार ने ब्रिटेन में अपनी उच्चायुक्त सईदा मुना तस्नीम को वापस बुला लिया है और उन्हें तुरंत ढाका लौटने को कहा है। ढाका ट्रिब्यून की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने अवामी लीग सरकार द्वारा नियुक्त दूतों को वापस बुलाने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में रविवार को नोटिस जारी किया। तस्नीम नवंबर 2018 से लंदन में उच्चायुक्त हैं। रिपोर्ट के अनुसार, अपने लंदन कार्यभार से पहले उन्होंने थाईलैंड में बांग्लादेश के राजदूत के रूप में कार्य किया था।

ताइवान पहुंचा तूफान क्रैथॉन, चेतावनी जारी

ताइपे। तूफान क्रैथॉन के ताइवान के तट पर पहुंचने के बाद सोमवार तड़के जान-माल की क्षति की गंभीर चेतावनी जारी की गयी। ताइवान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी के अनुसार, सोमवार सुबह नौ बजे तक क्रैथॉन ताइवान के सबसे दक्षिणी बिंदु से लगभग 220 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में केंद्रित था, जो लगभग नौ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा था। इसके केंद्र के पास अधिकतम हवा की गति 162 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई और तूफान का दायरा 200 किलोमीटर है।

विदेश मंत्री जयशंकर ब्लिंकन से करेंगे मुलाकात

वाशिंगटन। विदेश मंत्री एस जयशंकर मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष टोनी ब्लिंकन से मुलाकात करेंगे और इस दौरान दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध एवं पश्चिम एशिया में संकट सहित कई द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। जयशंकर रविवार को अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी पहुंचे। वह कैबिनेट के अन्य मंत्रियों और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से मुलाकात करने के अलावा जयशंकर का थिंक-टैंक समुदाय से भी बातचीत करने का कार्यक्रम है।

कोलंबिया में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में आठ की मौत

बोगोटा। कोलंबिया के पूर्वी विभाग विचाडा में मानवीय मिशन के दौरान कोलंबियाई वायु सेना के एक हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से आठ लोगों की मौत हो गयी। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के एक्स अकाउंट पर कहा गया, पेट्रो ने शोक संतप्त परिवारों के लिए संवेदना जताई और देश इस त्रासदी में मृतकों के प्रति शोकाकुल है।

हिजबुल्ला उप प्रमुख जारी रखेगा लड़ाई

नईम कासेम ने कहा- इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो उसके लड़ाके पूरी तरह तैयार

- शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद लंबे युद्ध के लिए तैयार

बेरूत, एजेंसी

हिजबुल्ला के उपप्रमुख ने समूह के अधिकतर शीर्ष कमांडरों के मारे जाने के बावजूद इजराइल के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया और कहा कि आतंकवादी समूह लंबे युद्ध के लिए तैयार है। हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला भी इजराइली हमलों में मारे जाने वाले शीर्ष नेताओं में शामिल था।

नईम कासेम ने नसरल्ला की मौत के बाद सोमवार को टेलीविजन पर अपने पहले बयान में कहा कि अगर इजराइल जमीनी हमला करने का फैसला करता है तो हिजबुल्ला के लड़ाके लेबनान की रक्षा करने और लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नसरल्ला के उत्तराधिकारी का फैसला होने तक उप महासचिव के रूप में नईम कासेम अब हिजबुल्ला के कार्यवाहक नेता हैं। कासेम ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में हिजबुल्ला के शीर्ष सैन्य कमांडरों की मौत के बावजूद समूह अब नये कमांडरों पर निर्भर है। कासेम ने कहा, इजराइल हमारी (सैन्य) क्षमताओं को प्रभावित करने में सक्षम नहीं है। हमारे पास उपकमांडर हैं और किसी भी शीर्ष नेता के मारे जाने या घायल होने की स्थिति में कमांडर की जगह ले सकते हैं।

लेबनान के कई क्षेत्रों पर रविवार को इजराइली हमलों के परिणामस्वरूप कम से कम 105 लोग मारे गए। स्थानीय मीडिया ने लेबनानी स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से यह जानकारी दी। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पहले कहा था कि उसने रविवार दोपहर से लेबनान भर में दर्जनों लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया है।

लेबनान में हमले के बाद ध्वस्त इमारतों का मलबा।

इजराइल ने मध्य बेरूत पर किया हमला

यरूशलम। लेबनान में हिजबुल्ला के नेताओं और उसके ठिकानों को निशाना बनाकर हमला करने के कुछ ही घंटों बाद इजराइल ने मध्य बेरूत में हवाई हमले किए। प्रत्यक्षदर्शियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत को निशाना बनाया। लगभग एक साल के संघर्ष में मध्य बेरूत में यह पहला इजराइली हवाई हमला है। इससे पहले, इजराइल की सेना ने सप्ताहांत में लेबनान पर हमला कर हिजबुल्ला के प्रमुख नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया था। इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि उसने शनिवार को हवाई हमले में हिजबुल्ला की 'सेंट्रल काउंसिल' के उप प्रमुख नबील कौक को मार गिराया। हिजबुल्ला ने उसकी मौत की पुष्टि की है। वह एक सप्ताह से भी कम समय में इजराइली हमलों में मारा गया हिजबुल्ला का सातवां शीर्ष सदस्य है।

नेतन्याहू ने अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी को कैबिनेट में शामिल कर अपनी स्थिति को मजबूत किया

यरूशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने गठबंधन का विस्तार करते हुए और सरकार में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी गिदोन सार को रविवार को अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर लिया। नेतन्याहू ने बताया कि समझौते के तहत, सार बिना किसी विभाग के मंत्री के रूप में काम करेंगे और उस सुरक्षा कैबिनेट में शामिल होंगे जिस पर पश्चिम एशिया में इजराइल के शत्रुओं के खिलाफ जारी युद्ध के प्रबंधन की निगरानी है। सार (57) को उम्मीद थी कि वह नेतन्याहू के एक और प्रतिद्वंद्वी एवं रक्षा मंत्री योआव गैलेंट की जगह लेंगे लेकिन इजराइल की उत्तरी सीमा पर हिजबुल्ला के साथ लड़ाई तेज होने के कारण गैलेंट फिलहाल पद पर बने रहेंगे। सार के प्रधानमंत्री के साथ तनावपूर्ण संबंध रहे हैं। वह कभी नेतन्याहू की 'लिकुड पार्टी' के उभरते सितारे थे, लेकिन चार साल पहले उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी और अपने अलग दल का गठन किया।

यमन के हुती विद्रोहियों ने अमेरिका निर्मित ड्रोन को मार गिराने का किया दावा

दुबई। यमन के हुती विद्रोहियों ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने देश के ऊपर अमेरिका निर्मित एक और 'एमक्यू-9 रीपर' ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने वीडियो भी साझा किया जिसमें कथित तौर पर सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल ड्रोन को निशाना बनाती दिखती है। अमेरिकी सेना ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। दावा ऐसे समय किया गया है जब गाजा पट्टी में इज़राइल-हमास युद्ध को लगभग एक साल होने वाला है। हुती विद्रोही लाल सागर से यात्रा करने वाले जहाजों को निशाना बनाते रहे हैं और अमेरिका के नेतृत्व वाले हवाई हमलों ने यमन में हुती की स्थिति को प्रभावित किया है।

नेपाल में बाढ़, भूस्खलन से 200 लोगों की मौत

- 30 लोग अब भी लापता हिमालयी राष्ट्र में तबाही

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई और जगह जगह भूस्खलन हुआ, जिससे हिमालयी राष्ट्र में तबाही मच गई। नेपाल पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश, बाढ़, भूस्खलन और पानी भर जाने की वजह से कम से कम 192 लोग मारे गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस आपदा में देश भर में 194 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जबकि 30 अन्य लापता हैं। सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत कार्यों के लिए सभी सुरक्षा एजेंसी को तैनात किया गया है और नेपाल सेना, नेपाल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों ने अब तक लगभग 4,500 आपदा प्रभावित व्यक्तियों को बचाया है। घायलों का मुफ्त उपचार कराया जा रहा है और बाढ़ से प्रभावित अन्य लोगों को भोजन और अन्य आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्राकृतिक आपदा के बाद काठमांडू में सैकड़ों लोग भोजन, सुरक्षित पेयजल और गंदगी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। भूस्खलन के चलते प्रमुख राजमार्गों के अवरुद्ध होने के कारण देश के अन्य जिलों और भारत से सब्जियों की आवक अस्थायी रूप से बाधित हुई है जिससे बाजार में कीमतें भी बढ़ गई हैं।

बाढ़ पीड़ितों को रेस्क्यू करते हुए।

जापान में 27 अक्टूबर को चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं इशिबा

टोक्यो। जापान के नए प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने सोमवार को कहा कि वह पदभार ग्रहण करने की तैयारी के तहत 27 अक्टूबर को आम चुनाव कराने की योजना बना रहे हैं। इशिबा ने कहा कि संसद का निचला सदन 09 अक्टूबर को भंग हो जाएगा। उन्होंने जल्द से जल्द जनता का जनादेश प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया। पूर्व रक्षा मंत्री इशिबा (67) ने शुक्रवार को आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को मामूली अंतर से हराकर देश की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) का नेतृत्व प्राप्त करने में कामयाबी हासिल की। एलडीपी के नेतृत्व वाले गठबंधन ने जापान में संसद के दोनों सदनों में बहुमत हासिल कर लिया है, इसलिए पार्टी के नए प्रमुख के रूप में इशिबा को मंगलवार को एक असाधारण डाइट सत्र में प्रधानमंत्री चुना जाना तय है।

डेमोक्रेट्स चुनाव जीतने पर संविधान कर सकते हैं नष्ट

- अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने व्यक्त की चिंता

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क ने सोमवार को कहा कि आगामी पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी अगर जीत हासिल करती है तो अमेरिका के संविधान को नष्ट कर देगी। मस्क राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी के इस कथन को देश के मुख्य कानून के लिए खतरा मानते हैं कि अमेरिकी संविधान भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है।

उन्होंने कहा कि केरी ने पहले चिंता जतायी थी कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देने वाला अमेरिकी संविधान का पहला संशोधन सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने में बाधक है। एक एक्स यूजर ने केरी के भाषण पर एक लेख के शीर्षक का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया

और कहा कि अगर डेमोक्रेट जीत गये, तो यह आखिरी चुनाव होगा। मस्क ने एक्स पर इसे 'रि-पोस्ट' करते हुए कहा और वे संविधान को नष्ट कर देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटस की ओर से मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस चुनाव लड़ रही है जबकि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार हैं।

ब्रिटेन का आखिरी कोयला बिजली संयंत्र हुआ बंद

लंदन। ब्रिटेन का आखिरी कोयला आधारित बिजली संयंत्र सोमवार को बंद हो जाएगा, जिससे देश में औद्योगिक क्रांति को जन्म देने वाली कोयला विद्युत की 142 साल पुरानी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। मध्य इंग्लैंड स्थित 'रैटक्लिफ-ऑन-सोर स्टेशन' अपनी अंतिम पाली के साथ आधी रात से हमेशा के लिए विराम ले लेगा। ब्रिटेन सरकार ने 2030 तक देश के लिए समूची ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न करने के प्रयासों में एक मील के पत्थर के रूप में कोयला आधारित बिजली संयंत्र के बंद होने की सराहना की। ऊर्जा मंत्री माइकल शैंक्स ने कहा, संयंत्र का बंद होना एक युग के अंत का प्रतीक है और कोयला श्रमिक 140 वर्षों से अधिक समय से हमारे देश को बिजली प्रदान करने वाले अपने काम पर गर्व कर सकते हैं। एक देश के रूप में हम पीढ़ियों के प्रति ऋणी हैं।

दुर्गा पूजा का विरोध वाले बयान पर चिंता व्यक्त की

- कट्टरपंथी इस्लामी समूह इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की
- हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी गई

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने देश में दुर्गा पूजा समारोहों का विरोध करने वाले कट्टरपंथी इस्लामी समूह, इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता के बयानों पर चिंता व्यक्त की है। मीडिया रिपोर्टों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, परिषद ने मीडिया के लिए जारी बयान में इंसाफ कायमकारी छात्र-जनता की 16 सूत्री मांग की आलोचना की है, इस 16 सूत्री मांग में उन्होंने हिंदुओं को दुर्गा पूजा मनाने या किसी भी मूर्ति पूजा में शामिल होने के खिलाफ चेतावनी दी है। काउंसिल ने बयानों और मांगों के जरिए देश में सांप्रदायिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वालों को तुरंत हिरासत में लेने की मांग की है।

परिषद ने दी चेतावनी

परिषद ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो हिंदू समुदाय दुर्गा पूजा के आयोजन से हतोत्साहित हो सकता है। परिषद ने उल्लेख किया कि ऐसी मांगें और बयान मानवाधिकारों के खिलाफ हैं और धार्मिक आयोजन करने के अधिकारों का उल्लंघन करते हैं।

कोशिका प्रतिरोपण से टाइप 1 मधुमेह को ठीक करने का दावा

बीजिंग। चीनी वैज्ञानिकों ने मूल कोशिका (स्टेम सेल) प्रतिरोपण के माध्यम से 'टाइप-1' मधुमेह के एक पुराने रोगी को ठीक करने का दावा किया है और इसे विश्व भर में अपनी तरह का पहला मामला बताया गया है। चीनी समाचार पत्र 'द पेपर' की रिपोर्ट के अनुसार, 25 वर्षीय एक महिला एक दशक से अधिक समय से इस बीमारी से पीड़ित थी लेकिन छोटे से ऑपरेशन के जरिए कोशिका प्रतिरोपण के लगभग ढाई महीने बाद वह अपने रक्त शर्करा स्तर को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने में सक्षम है। इस ऑपरेशन में सिर्फ आधे घंटे का समय लगा। यह ऑपरेशन करने वाली टीम ने पिछले सप्ताह पत्रिका सेल में अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए।

इमरान पर आतंकवाद का नया मामला दर्ज

- रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में प्रदर्शन के बाद तीन नए मामले दर्ज किए गए

इस्लामाबाद, एजेंसी

रावलपिंडी के लियाकत बाग इलाके में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के आह्वान पर किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद पंजाब पुलिस ने उनके खिलाफ शनिवार को तीन नए मामले दर्ज किए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री पहले से ही जेल में बंद हैं।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार पीटीआई के संस्थापक पर रविवार को खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर और पार्टी अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर खान के साथ आतंकवाद रोधी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। रावलपिंडी के न्यू टाउन और सिविल लाइंस पुलिस थानों द्वारा दर्ज की गई

शिकायतों में हत्या के प्रयास, धारा 144 के उल्लंघन और अन्य आतंकवाद से संबंधित अपराधों के आरोप भी शामिल थे। एक वर्ष से अधिक समय से जेल में बंद इमरान खानने अपने समर्थकों को राष्ट्रीय संस्थाओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए उकसाया और जेल से निर्देश जारी किए।

17 भारतीय मछुआरे श्रीलंका में गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध तरीके से मछली पकड़ने के आरोप में 17 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर उनकी नौकाएं जब्त कर लीं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि इन 17 मछुआरों को मिला कर इस साल द्वीप राष्ट्र में ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या 413 हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और रविवार को मन्नार के उत्तर में उनकी दो नौकाएं जब्त की गईं। नौसेना ने भारतीय मछुआरों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया। इसमें कहा गया है कि पकड़े गए 17 मछुआरों को तलाईमन्नार पियर ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मन्नार मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा।

खगोल विज्ञान | कैमरे में कैद करने की पूरी दुनिया में होड़ लगी

आसमान मे चमक बिखेरने लगा है धूमकेतु ए 3

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस का नजर आना शुरू हो गया है। सुबह के आसमान में प्रभावशाली ढंग से चमक बिखेर रहा है। इसकी चमक बढ़ने को लेकर खगोल के प्रति रूचि रखने वाले दुनियाभर के खगोलप्रेमी व धूमकेतुओं पर अध्ययन कर रहे वैज्ञानिकों के बीच इस धूमकेतु को कैमरे में कैद करने की होड़ लगी हुई है। इस धूमकेतु के जुलाई में विखण्डित होने की खबर आई थी।

यह क्षतिग्रस्त हो चुका था और नज़र आना भी बंद हो गया था। घटना बेहद निराश करने वाली थी। मगर अब पुनः नजर आने लगा है। 27 सितंबर को सूर्य के सबसे करीब पहुंच गया था। अब वापस लौट रहा है। अब यह धूमकेतु 12 अक्टूबर को पृथ्वी के सबसे करीब होगा। उम्मीद है कि तब वह सुबह की जगह शाम को नजर आने लगेगा। अक्टूबर में इसकी चमक में काफी बढ़ोतरी होने की संभावना जताई जा रही है। संभव है कि तब इसे कोरी आंखों से देखा जा सकेगा। फिलहाल यह धुंधला नजर आ रहा है और इसे देखने के लिए दूरबीन की सहायता लेनी पड़ेगी।

यूएई से कैमरे में कैद धूमकेतु ए3।

नष्ट होने से बच गया ए 3 त्सुचिंशान-एटलस

नैनीताल : धूमकेतु ए 3 त्सुचिंशान-एटलस बेहद भाग्यशाली माना जा रहा है। जुलाई में टूटकर बिखर चुका था। जिसने जबरदस्त वापसी की। मगर 27 सितंबर को सूर्य के करीब पहुचने पर इसके पुन: नष्ट होने की आशंका बनी हुई थी। दरअसल सूर्य के नजदीक पहुचने पर संभव था कि वह सूर्य के आकर्षण में हजार भीषण ताप में समा जाता और सदा के लिए समाप्त हो जाता। मगर यह यह बच निकला। अब इसके धरती के करीब पहुचने का इंतजार है।